www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 12 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –237 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



जम्मू-कश्मीर में तत्काल हो विस चुनाव : कांग्रेस

■ यह तो जातिवाद का विरोध नहीं, हिमायत है!
■ कॉप 28 जलवायु परिवर्तन पर सैन्यीकरण के प्रभाव का संज्ञान
पृष्ठ 6

■ रूस ने गाजा में अंतराष्ट्रीय निगरानी मिशन का आह्वान किया
■ हिलेरी क्लिंटन बाइडेन के पुनः चुनाव अभियान में निभाएंगी बड़ी भूमिका
पृष्ठ 7

दक्षिण अफ्रीका को हराकर रोहित लिख सकते हैं नया इतिहास :
पृष्ठ 8

# मोहन यादव होंगे मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री

## नरेन्द्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष और जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शक्ला डिप्टी सीएम

**भोपाल** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक में मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है और वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आने वाले मोहन यादव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी हैं। राज्य के विधानसभा चुनाव में 230 सीटों में से 163 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी और नेता चुनने के लिए सोमवार को पार्टी कार्यालय में बैठक बुलाई गई जहां सर्वसम्मति से यादव को दल का नेता चुन लिया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए बताया कि मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था और समर्थन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने किया। बैठक में हिस्सा लेने पहुँचे विधायक और पार्टी द्वारा नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा



### शिवराज सिंह चौहान ने किया था नाम का प्रस्ताव स्पीकर पद के लिए नरेंद्र तोमर के नाम का एलान

के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा विशेष विमान से भोपाल पहुँचीं।

**मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे**

मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जो दो नाम सामने आ रहे हैं, वे हैं- जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं। इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया है।

### *मोहन यादव ने सरकार गठन का दावा पेश किया, शिवराज सिंह चौहान ने दिया इस्तीफा*

*मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की ओर से मोहन यादव ने सोमवार को पार्टी विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद राजभवन पहुॅचकर मंगु भाई पटेल को पत्र सौंपकर सरकार बनने का दावा पेश किया। वहीं निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। भाजपा विधायक दल की बैठक पार्टी के प्रदेश कार्यालय में हुई और उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। उसके बाद यादव ने पार्टी नेताओं के साथ राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया।*

# मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री साय मंत्रिमंडल के सदस्य कल लेंगे शपथ

**रायपुर,** 11 दिसंबर प्रधानमंत्री श नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य 13 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण करेंगे।

कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए जा रहे हैं। जिसमें बीच के मंच में शपथ ग्रहण होगा। एक ओर अतिविशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों तथा दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आमजनों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए जा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग शपथग्रहण को देख सके इसके लिए एल.ई.डी. स्क्रीन भी लगायी जा रही है।



### साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 2 बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह

आयोजन स्थल में मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, विद्युत व्यवस्था, फायर ब्रिगेड ,चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था आदि के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मैदान में 50 हजार से अधिक लोगों की बैठक व्यवस्था की तैयारी चल रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगभग 1000 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। रायपुर शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट आदि अन्य जगहों पर

## सार संक्षेप

### दिल्ली रवाना हुए सीएम विष्णुदेव साय

**रायपुर,**। छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 13 दिसंबर को किया जाना है। वहीं सीएम साय आज शाम दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, अध्यक्ष जेपी से मुलाक़ात कर आभार व्यक्त करेंगे। इसके साथ ही शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भी देंगे।

### छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस जितेंद्र सिंह मीणा सीबीआई में बनेंगे डीआईजी

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी जितेंद्र सिंह मीणा को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो में उप महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आदेश भी ज़ारी कर दिए गए है। आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ कैडर के 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी मीणा को पांच साल की अवधि के लिए सीबीआई में नियुक्त किया गया है।

उनके अलावा चार पुलिस अधीक्षक को संघीय जांच एजेंसी में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, सीबीआई में नियुक्त चार अधिकारियों में विनायक वर्मा (मध्य प्रदेश कैडर), अचल त्यागी (गुजरात कैडर), प्रवीण कुमार (गुजरात कैडर) शामिल हैं, जिन्हें पांच साल के लिए नियुक्त किया गया है।

### हिंडन एयरबेस में खोदी सुरंग, स्पॉट सील

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के हिंडन वायु सेना अड्डे की सुरक्षा में बड़ी सेंधमारी हुई है। एयरबेस के बाउंड्रीवॉल के पास 4 फीट गहरी सुरंग खोद दी गई है। लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद इस स्पॉट को सील कर दिया गया है। एयरफोर्स की ओर से टीला मोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी गई है। अन्य जांच एजेंसियां भी इसकी जांच कर रही हैं।

### वाईएसआरसीपी विधायक ने विधानसभा से इस्तीफा दिया

**अमरावती**। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी को झटका देते हुए मंगलागिरि निर्वाचन क्षेत्र से विधायक ऑल रामकृष्ण रेड्डी ने सोमवार को विधानसभा और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के करीबी माने जाने वाले रामकृष्ण रेड्डी ने अपना इस्तीफा स्पीकर के ओएसडी को सौंप दिया, क्योंकि वह अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा स्पीकर को सौंप दिया है और उनसे इस्तीफा स्वीकार करने का भी अनुरोध किया है।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ाई गई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत सोमवार को 21 दिसंबर तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई भी मंगलवार को सूचीबद्ध की है।

*सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सुनाया फैसला*

# जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, 'हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं।' इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिए।



### सर्वोच्च अदालत ने कहा, अनुच्छेद 370 अस्थायी था राज्य में सितम्बर 2024 तक चुनाव कराने का आदेश

**कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं**

मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। 5 जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। **( शेष पृष्ठ 7 पर )**

*हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं:* ***सुप्रीम कोर्ट***

*आर्टिकल 370 को निरस्त करने पर आज का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। ये सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह आशा की किरण है, उज्जवल भविष्य का वादा है:* ***नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री***

*आर्टिकल 370 हटने के बाद गरीबों और वंचितों के अधिकार बहाल हो गए हैं। पत्थरबाजी अब अतीत की बातें हो गई हैं। पूरा क्षेत्र अब मधुर संगीत व सांस्कृतिक पर्यटन से गूंजता है:*
***अमित शाह, गृह मंत्री***

*जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। आर्टिकल 370 को अस्थायी प्रावधान बताने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारी हार नहीं है, बल्कि भारत के विचार की हार है:*
***महबूबा मुफ्ती, पूर्व मुख्यमंत्री***

*फैसले से निराश हूं, लेकिन हतोत्साहित नहीं। संघर्ष जारी रहेगा। यहां तक पहुंचने में बीजेपी को दशकों लग गए। हम भी लंबी दौड़ के लिए तैयार हैं:*
***उमर अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री***

### अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक : विष्णुदेव साय

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धारा 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतेहासिक बताया है। उन्होंने ङ्ग पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर आज का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। 5 अगस्त 2019 को भारत की संसद द्वारा लिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरकरार रखा जाना भारत की जीत है। यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। यह सिर्फ कानूनी फैसला मात्र नहीं है। यह एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। इस विजय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई, अभिनंदन।



### जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग : रमन

**रायपुर**11 दिसम्बर (देशबन्धु)। अर्टिकल 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट का कहना है कि च्आर्टिकल 370 का प्रावधान उस समय युद्ध के बाद उपजे हालात को लेकर किया गया था। यह अस्थायी है और इसे बदला जा सकता था। इसे निरस्त करने के लिए केंद्र सरकार ने सही प्रक्रिया के तहत निर्णय लिया, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। कोर्ट के इस फैसले का देशभर में स्वागत किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी इस फैसले को केंद्र सरकार के उत्साह को मज़बूती देने वाला बताया है। रमन ने सोशल मीडिया पर लिखा च्दशकों से लंबित कश्मीर में,ह्ल्द्बष्द्य 370 माँ भारती की एक असहनीय पीड़ा थी, जिसे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भाजपा सरकार ने सदन में समाप्त कर जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के नागरिकों के लिए विकास के द्वार खोलने का काम किया। आज माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इस आर्टिकल 370 को निरस्त किए जाने के निर्णय पर मुहर लगाकर राष्ट्रीय एकता तथा अंत्योदय की विचारधारा के अनुरूप कार्य करती केंद्र की भाजपा सरकार के उत्साह को मजबूती प्रदान की है।



## राजस्थान के नए मुख्यमंत्री पर फैसला आज

**जयपुर,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर चल रही उठापटक के बीच भाजपा ने अपने सभी विधायकों को मंगलवार को जयपुर में जुटने को कहा है। मंगलवार सुबह बैठक में पर्यवेक्षक और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सरोज पांडे और विनोद तावड़े शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा दफ्तर में सुबह करीब 11 बजे विधायक दल की बैठक शुरू होगी। पहले विधायकों से वन-टू-वन बातचीत होगी जिसके बाद लंच के बाद मुख्यमंत्री के नाम की औपचारिक घोषणा की जा सकती है।



### भाजपा ने विधायकों को जयपुर बुलाया बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे शामिल

**वसुंधरा भी दिखा रही तेवर**-इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा भी तेवर के साथ-साथ अपनी ताकत भी दिखा रही है। सोमवार को वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ, प्रताप सिंह सिंघवी, बाबू सिंह राठौड़, जसवन्त यादव, पूर्व विधायक अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत और प्रह्लाद गुंजल पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बंगले पर पहुंचे।

## प्याज निर्यात पर प्रतिबंध का एमवीए ने किया विरोध

### महाराष्ट्र विधानमंडल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया

**नागपुर,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के विधायकों ने सोमवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने और अन्य कृषि संबंधी मुद्दों की मांग को लेकर महाराष्ट्र विधानमंडल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एमवीए के सहयोगी दल कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) और शिवसेना (यूबीटी) के विधायकों के साथ-साथ विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार (विधानसभा) और अंबादास दानवे (परिषद) ने प्याज निर्यात प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र के खिलाफ नारे लगाए। इससे प्याज उत्पादकों के लिए भारी समस्याएं पैदा हो गई हैं। बाजारों में सब्जियों की कीमतें गिर गई हैं और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी नहीं मिल पा रहा है। पिछले गुरुवार को विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद से तीसरे दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे एमवीए विधायकों ने मांग की कि केंद्र को प्याज निर्यात प्रतिबंध हटाना चाहिए और प्याज और सोयाबीन के लिए गारंटी कीमत देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस साल खराब मानसून और बाद में सर्दियों में बेमौसम बाढ़/ओलावृष्टि के कारण किसानों को दोहरा नुकसान हुआ है, जिससे वे बर्बाद हो गए हैं। विपक्ष के नेताओं के अलावा, उपस्थित अन्य प्रमुख नेताओं में राकांपा (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, अनिल देशमुख, सुनील भुसारा, कांग्रेस के जीशान सिद्दीकी, रवींद्र धांगेकर, शिवसेना (यूबीटी) के भास्कर जाधव और अन्य शामिल थे। विधानमंडल के बाहर विरोध प्रदर्शन एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के नासिक के चंदवाड़ में प्याज उत्पादकों के आंदोलन और धरना प्रदर्शन में शामिल होने के तुरंत बाद हुआ।

## शीर्ष-20 राजनीतिक विज्ञापनादाताओं के सामने आए आंकड़े

**नई दिल्ली**,11 दिसम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों ने न केवल ऑफलाइन बल्कि ऑनलाइन विज्ञापनों पर भी करोड़ों रुपए बहाए। शीर्ष 20 राजनीतिक विज्ञापनादाताओं द्वारा खर्च किए आंकडों पर गौर करें तो सिर्फ नवम्बर महीने में ही ऑनलाइन विज्ञापनों पर 40 करोड़ से ज्यादा रुपए लुटा दिए गए। अलग-अलग आंकडों की बात करें तों फेसबुक या इंस्टाग्राम मेटा पर 5.98 करोड रुपए खर्च किए गए,जबकि गूगल के माध्यम से 36.31 करोड खर्च किए गए। भाजपा की राज्य इकाइयों की ओर से मेटा प्लेटफॉर्म्स पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से विज्ञापनों पर 2.58 करोड रुपए खर्च किए गए,जबकि कांग्रेस ने 2.24 करोड रुपए का विज्ञापना दिया। वहीं गूगल विज्ञापनों पर कांग्रेस ने 14.3 करोड रुपए, बीआरएस ने 12.1 करोड और भाजपा ने 4.16 करोड रुपए खर्च किए। बतादें कि मेटा के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम आते है, जिसमें ऑनलाइन विज्ञापन प्रकाशित होता है। वहीं अगर 20 फरवरी 2019 से लेकर आज तक की बात करें तो सियासी दलों द्वारा राजनीतिक विज्ञापनों पर 206.2 करोड रुपए खर्च किए गए। इसमें से भाजपा ने 49.4 करोड,डीएमके ने 21.3 करोड और कांग्रेस ने 4.6 करोड रुपए लुटाए गए।

### पांच राज्यों के चुनावों में ऑनलाइन विज्ञापन पर लुटाए करोड़ों सिर्फ नवम्बर में ही ऑनलाइन विज्ञापनों पर 40 करोड़ से ज्यादा खर्च

**सावधानी** विश्वबैंक समूह ने सरकार के सहयोग से तैयार की रिपोर्ट

# सड़क सुरक्षा उपायों से बचा सकते हैं 40,000 से अधिक जान

**नई दिल्ली,11 दिसम्बर (एजेंसियां)। विश्वबैंक समूह और भारत सरकार के सहयोग से तैयार सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक रिपोर्ट के अनुसार कॉरिडोर-आधारित सड़क सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने से देश में हर साल 40,000 से अधिक लोगों की जानें बचाई जा सकती हैं।**

वर्ल्ड बैंक समूह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से सेवलाइफ फाउंडेशन द्वारा तैयार की गयी 'रोड सेफ्टी गुड प्रक्टिसेस इन इंडिया' अध्ययन रिपोर्ट का सोमवार को यहां सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा जारी किया गया। इस रिपोर्ट में देश भर से सड़क सुरक्षा के सफल उदाहरणों को प्रदर्शित किया गया है । यह अध्ययन सड़क सुरक्षा के ऐसे समाधानों का संग्रह हैं जिनके कारण चयनित सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय और कई मामलों में कमी आई है। रिपोर्ट में यह तथ्य दर्शाया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 48 (ओल्ड मुंबई-पुणे राजमार्ग) की ज़ीरो फैटलिटी कॉरिडोर (जडएफसी) परियोजना से 2018 - 21 के बीच उस खंड पर दुर्घटना मृत्यु दर में 61 फीसदी की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी। इसी तरह, कर्नाटक के बेलगाम - यारागट्टी राजमार्ग का सेफ कॉरिडोर डेमोंस्ट्रेशन प्रोजेक्ट (एससीडीपी) ने 2015-18 तक तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में होनें वाली मौतों में 54 फीसदी की कमी दर्ज की। रिपोर्ट में इसी तरह केरल के सबरीमाला सेफ जोन प्रोजेक्ट से में 2019- 2021 के बीच इस खंड पर दुर्घटना में एक भी मृत्यु न होने का रिकार्ड बना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबरीमाला सेफ जोन की यह सफलता देश भर में तीर्थ स्थलों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण का काम कर सकता है।

**आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रिया में सुधार लाने की जरूरत** -इस रिपोर्ट में विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने, प्रभावी और बदलाव तथा आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रिया में सुधार लाना शामिल हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जारी की गई इस रिपोर्ट में समाधानों को कॉरिडोर-आधारित, नेटवर्क-आधारित और राज्य-आधारित रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें नौ कॉरिडोर-आधारित, दो शहर/नेटवर्क-आधारित और दो राज्य-आधारित उदाहरण शामिल हैं। यह अध्ययन रिपोर्ट इन समाधानों और उनकी प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण है, ताकि इन चुनिंदा उदाहरणों को प्रभावी ढंग से अपनाया जा सके और उनकी प्रतिकृति बनाई जा सके।

## आज के युवाओं के साथ गहराई से मेल खाती है फिल्म 'खो गए हम कहां' : सिद्धांत चतुर्वेदी

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'खो गए हम कहां' की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म आज के युवाओं के साथ गहराई से मेल खाती है और यह रिश्तों की जटिलताओं को उजागर करती है। सिद्धांत ने कहा कि खो गए हम कहां मेरे लिए एक फिल्म से कहीं ज्यादा है। यह आज के युवाओं से साथ गहराई से जुड़ती है। विभिन्न रिश्तों की जटिलताओं को उजागर करते हुए, यह व्यक्तित्व और हमारी पीढ़ी के वास्तविक व्यक्तित्व के बीच नाजुक संतुलन को उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा कि यह सिनेमाई यात्रा सोशल मीडिया के बवंडर के बीच दोस्ती की स्थायी ताकत का आनंदपूर्वक समर्थन करती है। तीन अविभाज्य मित्रों के जीवन का अनुसरण करते हुए कहानी तब सामने आती है जब वे अपनी ऑनलाइन पहचान को अपने प्रामाणिक स्वयं के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं।



गले में खराश की समस्या

# बढ़ता प्रदूषण मुख्य कारणों में से एक

**गले की समस्या या बलगम होने पर तो गरारे करना फायदेमंद**

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। सर्दी का मौसम हो गर्मी का, गले में खराश की समस्या हर मौसम में बनी रहती है। बढ़ता प्रदूषण, धूल-मिट्टी इसके मुख्य कारणों में से एक है। ऐसे समय में गले में खराश या अन्य समस्याओं से निजात पाने के लिए गरारे करने की सलाह दी जाती है। यह हर घर का देशी नुस्खा है, जो हमेशा काम आता है। गले की समस्या या बलगम होने पर तो गरारे करना फायदेमंद होता ही है, इसके साथ ही रोजाना गरारे करने से स्वास्थ संबंधी कई समस्याएं भी दूर होती है।

### गरारे करने के प्रकार

वैसे तो गरारे करने का सबसे आम तरीका पानी से गरारे करने से होता है, लेकिन पानी में कई प्रकार के अलग-अलग पदार्थों की मिलाकर भी गरारे किए जाते है। गरारे करने के ऐसे निम्नलिखित तरीके है।

**नमक के पानी से :** गरारे करने के सबसे पुरानें तरीकों में से एक तरीका नमक के पानी से गरारे करना है। नमक में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जिससे मुंह में मौजूद कीटाणु तो मरते ही है, साथ ही साथ इससे गले की सूजन और दर्द भी कम होता है।

**लौंग के पानी से :** लौंग में ऐसे गुण होते है, जो मुंह में मौजूद किटाणुओं को मारते है और गले की सूजन को कम करने में मदद करते है। इसके लिए 2-3 लौंग को पानी में उबाल लें और इस मिश्रण से गरारे करें।

**हल्दी के पानी से :** हल्दी में कीटाणु मारने और सूजन कम करने के गुण होते है, इसलिए इससे गरारे करने के कई फायदें होते है। इसके लिए पानी में दो चुटकी हल्दी मिलाकर गर्म कर लें और इस मिश्रण से गरारे करें। आप चाहे तो इसमें नमक भी मिला सकते है।

**अदरक के पानी से :** इसके लिए पानी में अदरक के टुकड़े डालकर उसे अच्छी तरह से घौला कर छान लें, इसके बाद मिश्रण वाले पानी से गरारे करें। अदरक गले की समस्याओं को दूर करने में मददगार होता है।

**माउथवॉश से :** आप चाहे तो माउवॉश से भी गरारे कर सकते है। इसमें गले की समस्या को दूर करने के कई गुण होते है। इसके लिए पानी में माउथवॉश मिलाकर गरारे करें लेकिन इस बात का ध्यान रखे यह पानी गले के अन्दर ना जाएं।

### गरारे करने के लाभ

- गरारे करने से गले में मौजूद बैक्टीरिया के द्वारा बनाए जाने वाला एसिड कम होता है और एक सामान्य पीएच स्तर बना रहता है।
- एलर्जी के कारण गले में होने वाली सूजन में गरारे करने से फायदा होता है।
- रोजाना गरारे करने से ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमित होने का खतरा कम हो जाता है।
- गरारे करने से श्वसन नली और नाक में जमा बलगम बाहर निकल जाता है।
- सूखी खांसी में गरारे करने से गले में काफी आराम मिलता है।
- सर्दी या फ्लू के कारण गले में खराश होने से गरारे करने से बेहद फायदा होता है।
- गरारे करने से मसूड़ो की सूजन कम होती है। इसके साथ ही मुंह की बदबू भी कम हो जाती है।
- गरारे करने से मुंह और गले के कीटाणु निकल जाते है, जिससे मुंह का स्वास्थ अच्छा रहता है।
- गरारे करने से दांत और जीभ की सफाई भी हो जाती है। इसके साथ ही मुंह के छालें भी ठीक हो जाते है।

# अभिनेत्री वृशिका मेहता ने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया संग रचाई शादी



**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस वृशिका मेहता, जो शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं, अपने ब्वॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। सौरभ एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वृषिका 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में डॉ. रिद्धिमा सक्सेना का किरदार निभाती हैं। वृशिका ने सोशल मीडिया पर शादी का वीडियो शेयर किया, जिसमें एक्ट्रेस को लाल लहंगे, लाल चूड़ा और हैवी जूलरी में देखा जा सकता है। सौरभ ने सिल्वर और व्हाइट कॉम्बिनेशन की शेरवानी पहनी थी।अन्य पोस्ट में, 'इश्कबाज' फेम एक्ट्रेस ने अपनी शादी की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह क्रिस्टल व्हाइट लहंगा पहने और ग्रीन दुपट्टे के साथ नजर आ रही हैं।फोटो और वीडियो को कैप्शन दिया गया कि परिवार की गर्मजोशी, दोस्तों की हंसी और चौतरफा आशीर्वाद के साथ, हमने एक-दूसरे के दिलों में अपना घर पाया। 'हां' कहना जीवन भर का वादा बन गया। आपका साथ जीवन भर बना रहे, सभी प्रयासों में सफलता मिले। वृशिका को 'आसमान से आगे', 'दिल दोस्ती डांस', 'सतरंगी ससुराल' जैसे शो और 'आजा माही वे' और 'नजर मिला' जैसे म्यूजिक वीडियो में उनके काम के लिए जाना जाता है।

# पुष्पा भारती को केके बिरला फाउंडेशन का 'व्यास सम्मान'

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुप्रसिद्ध हिंदी लेखिका पुष्पा भारती को उनके संस्मरण 'यादें, यादें और यादें' के लिए केके बिरला फाउंडेशन की ओर से वर्ष 2023 का 'व्यास सम्मान' देने की सोमवार को घोषणा की गयी।

केके बिरला फाउंडेशन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, व्यास सम्मान के रूप में लेखिका पुष्पा भारती को चार लाख रुपये की राशि प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाएगा। उनकी पुस्तक 'यादें, यादें और यादें' 2016 में प्रकाशित की गई थी। उन्हें पुरस्कार देने का निर्णय साहित्य के जाने-माने विद्वान प्रो. रामजी तिवारी की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने किया। निर्णायक मंडल के संयोजक हिंदी भाषा समिति (थाणे) के डॉ श्याम सुन्दर पाण्डेय थे और इसके अन्य सदस्यों में अरूणा गुप्ता और प्रो अनिल राय (दोनों दिल्ली), डॉ विजया सती (नैनीताल) और फाउंडेशन के निदेशक डॉ सुरेश ऋतुपर्ण (सदस्य सचिव) शामिल थे।

व्यास सम्मान 1991 में शुरू किया गया। यह प्रत्येक वर्ष कविता, कहानी, उपन्यास, आत्मकथा जैसे साहित्यिक कार्यों में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज कराने वाले लेखकों को दिया जाता है और अब तक कुल 31 लेखक यह सम्मान पा चुके हैं। इससे सम्मानित लेखकों में डॉ रामविलास शर्मा, डॉ धर्मवीर भारती, प्रो रामस्वरूप चतुर्वेदी, डॉ केदार नाथ सिंह, श्रीलाल शुक्ल, चन्द्रकांता, मन्नू भंडारी और डॉ ज्ञान चतुर्वेदी जैसे प्रतिष्ठित नाम हैं।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर में जन्मी पुष्पा भारती का संस्मरण, जीवनी और रेखाचित्र की विधाओं में उल्लेखनीय योगदान है। उनकी अब तक कुल 17 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें से उनकी 'सफर सुहाने', 'सरस-संवाद', 'ढाई आखर प्रेम', 'अमिताभ आख्यान' जैसी कई पुस्तकें शामिल हैं, जिनमें उन्होंने अपनी कलम से अमिट छाप छोड़ी है। लेखिका को अब तक उत्तर प्रदेश के साहित्य भूषण, और कालिदास अकादमी, उज्जैन के हिंदी सेवा सम्मान सहित कुल 11 पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

# कबीर बेदी को इटली के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी अभिनेता कबीर बेदी को सर्वोच्च इतालवी नागरिक पुरस्कार ऑर्डर ऑफ मेरिट ऑफ द इटालियन रिपब्लिक (मेरिटो डेला रिपब्लिका इटालियाना) से सम्मानित किया गया है। मुंबई में इवेंट के बाद, निकोलो फैबी द्वारा एक स्पेशल लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस किया गया।



कबीर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत इमोशनल अवॉर्ड है। 'ऑर्डर ऑफ मेरिट इटली का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया जाना, मेरे जीवन के मेहनत का परिणाम है। यह कैवेलियरे (नाइट) से भी ऊंचा है, जो उन्होंने मुझे 12 साल पहले बनाया था। प्रधानमंत्री मेलोनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेलोडी के साथ इंटरनेट पर एक-दूसरे की सराहना करते हुए देखकर मुझे बहुत खुशी होती है।

उन्होंने कहा कि अब इटली और भारत के महान फिल्म उद्योगों के लिए एक साथ विश्व स्तरीय फिल्में बनाने का समय आ गया है।

कबीर ने इटली और इटालियन लोगों को उनके सालों के स्थायी प्रेम के लिए धन्यवाद देते हुए एक हृदयस्पर्शी भाषण दिया। उन्होंने अपनी पत्नी, बच्चों और पोते-पोतियों को उनकी उपस्थिति और उनके जीवन में आने वाली खुशी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए 'रोंगटे खड़े कर देने वाला क्षण' था।उन्होंने कहा कि संदोकन बनने की उनकी यात्रा आइकोनिक ताज महल पैलेस होटल में जहां वे आज खड़े थे, वहां से सौ मीटर की दूरी पर शुरू हुई थी। यहीं पर उनकी पहली बार संदोकन सीरीज के निर्देशक और निर्माता से मुलाकात हुई। कबीर ने कहा कि जीवन पूर्ण चक्र में आ गया है। इटली के महावाणिज्यदूत एलेसेंड्रो डी मासी ने अपने भाषण में इटली के राष्ट्रपति मैटरेल्ला के शब्दों को पढ़ा।कबीर बेदी पिछले 30 वर्षों से असाधारण मानवीय और कलात्मक साझेदारी से इटली से जुड़े हुए हैं। सम्मान के स्क्रॉल पर राष्ट्रपति मैटरेल्ला द्वारा हस्ताक्षर किए गए और प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए गए।मासी ने यह भी कहा कि कबीर दशक दर दशक भारत और इटली के बीच बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने में असाधारण भूमिका निभाते रहे हैं।

# इस साल गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया चंद्रयान-3, चैटजीपीटी



**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। साल 2023 खत्म होने वाला है। गूगल ने सोमवार को इस साल भारत में गूगल सर्च पर लोगों द्वारा सबसे अधिक सर्च किए गए टॉपिक्स को शेयर किया, जिसमें चंद्रयान -3 और चैटजीपीटी इस लिस्ट में टॉप पर हैं। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता ने समाचारों में सुर्खियां बटोरीं, साथ ही अंतरिक्ष से बाहर की आसमान छूती यात्रा ने स्थानीय और दुनिया भर में सर्चिंग को बढ़ावा दिया।

- **'जवान' ने टॉप ट्रेंडिंग लोकल फिल्म सर्च और ग्लोबल लेवल पर टॉप 3 ट्रेंडिंग फिल्म**

जी20 प्रेसीडेंसी ने 'क्या है' सर्च क्वेरी का नेतृत्व किया, जिससे घटना के प्रति महत्वपूर्ण जिज्ञासा प्रदर्शित हुई। लोगों ने कर्नाटक चुनाव परिणामों और समान नागरिक संहिता के बारे में सर्च के साथ लोकल डेवलपमेंट्स के बारे में भी जानकारी हासिल की, जबकि इजरायल न्यूज और तुर्की भूकंप के बारे में सवालों के साथ ग्लोबल घटनाओं को सुलझाने की कोशिश की।

भारत में लोगों ने मैथ्यू पेरी ('फ्रेंड्स' के आइकोनिक चैंडलर बिंग के रूप में जाने जाते हैं), मणिपुर न्यूज और ओडिशा ट्रेन एसिडेंट को भी सर्च किया। गूगल के टॉप ट्रेंडिंग 'हाउ टू' क्वेश्चन में लोगों ने होम रेमेडी के साथ स्किन और हेयर्स को सन डैमेज से बचाने के तरीकों के बारे में पूछा, जबकि कई लोगों ने अपने आस-पास के जूडियो, जिम, ब्यूटी पार्लर और डर्मेटोलॉजिस्ट को भी सर्च किया। गूगल ने कहा कि क्रिकेट वर्ल्ड कप और भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट मैचों के बारे में क्वेरीज इस साल ऑल-टाइम हाई लेवल पर रहीं। शुबमन गिल और रचिन रवींद्र लोकल और ग्लोबल लेवल पर टॉप ट्रेंडिंग क्रिकेटरों के रूप में उभरे। वूमेन क्रिकेट वर्ल्ड कप के साथ पहली बार वूमेन प्रीमियर लीग को स्पोर्ट्स इवेंट्स में हाई रैंक दिया गया।

# प्यार, दोस्ती और कठिनाई के विषयों पर आधारित है सीरीज 'देहाती लड़के'

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। कुशा कपिला, शाइन पांडे, राघव शर्मा स्टारर 'देहाती लड़के' के निर्माताओं ने शो का ट्रेलर जारी किया है। यह शो दोस्ती, पहले प्यार और जीवन की कठिनाइयों के विषयों की पड़ताल करता है। यह सबसे ज्यादा बिकने वाले हिंदी उपन्यास 'देहाती लड़के' पर आधारित है, जिसमें तनीश नीरज, सौम्या जैन और आसिफ खान भी हैं।



ट्रेलर हमें रजत की आत्म खोज की कहानी से रूबरू कराता है, जब वह यूपीएससी परीक्षा पास करने के अपने सपने को पूरा करने के लिए एक गांव से बड़े शहर में जाता है। यह रजत की अपनी स्वतंत्रता की खोज करने और अपने दिल की बात मानने की यात्रा का वर्णन करता है क्योंकि वह नए दोस्त बनाता है, पहले प्यार का अनुभव करता है और अपने परिवार के दबाव को कम करते हुए और अपने लक्ष्य के प्रति सच्चे रहता हुए अपना जीवन पूरी तरह से जीना चाहता है। जीवन में आने वाली कई चुनौतियों के साथ, 'देहाती लड़के' में दिखाया जाएगा कि शहर की रोशनी की चकाचौंध के बीच रजत का संयमित जीवन कैसे आकार लेता है। श्रृंखला के बारे में बात करते हुए कुशा ने बताया कि घर से हॉस्टल तक की यात्रा हमेशा हजारों कहानियां और यादें लेकर आती है। 'देहाती लड़के' एक ऐसी विशेष कहानी है जो निश्चित रूप से दर्शकों को पसंद आएगी। 'सुखी' फेम अभिनेत्री ने कहा कि कॉलेज जीवन का पहला साल कई भावनाओं से भरा होता है, जिसमें जिज्ञासा और उभरते प्यार से लेकर परीक्षा का तनाव और दोस्तों के साथ एक मजेदार रात शामिल है। 'मसाबा मसाबा' फेम ने कहा कि रजत की यात्रा भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए नई और अनदेखे भावनाओं का अनुभव करने जैसी है। मेरा किरदार छाया एक आधुनिक और उदार महिला है जो रजत के अनदेखे पक्ष को सामने लाती है।

# 'द आर्चीज' के एक्टर्स को निशाना बनाने वाली पोस्ट को रवीना टंडन ने किया लाइक

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। नए कलाकार अगस्त्य नंदा और खुशी कपूर से उनके अभिनय के लिए सवाल करने वाले एक पोस्ट को



अभिनेत्री रवीना टंडन ने गलती से लाइक कर दिया। अभिनेत्री ने कहा कि यह गलती से हुआ। हाल ही में रिलीज हुई 'द आर्चीज' का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया, जिसमें अगस्त्य और खुशी का एक दृश्य था। वायरल वीडियो में एक कैप्शन था जिसमें लिखा था, 'अभिनय यहीं मर गया।' कथित तौर पर रवीना को यह पोस्ट पसंद आया था, जिसे नेटिजन्स ने देखा और उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया।

उसी पर ध्यान देते हुए अभिनेत्री ने अब हटाए गए पोस्ट में लिखा कि अनजाने में हुई गलती को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। यह लाइक गलती से किया गया था। इससे होने वाली किसी भी असुविधा और ठेस के लिए मैं ईमानदारी से माफी मांगती हूं।

फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है और इसमें अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, सुहाना खान, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, अदिति सहगल और युवराज मेंडा ने अभिनय किया है। पटकथा रीमा कागती की है। 1960 के दशक की सुखद पृष्ठभूमि पर आधारित युवा कहानी 'द आर्चीज' दर्शकों को किशोरों के एक प्यारे समूह के जीवन में खींचती है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स इंडिया, टाइगर बेबी, आर्ची कॉमिक्स और ग्राफिक इंडिया के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रही है।

# सही निदान और ट्रीटमेंट ने दिया 55 वर्षीय पेरालाइज्ड व्यक्ति को नया जीवन

**नोएडा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मेट्रो अस्पताल नोएडा में 55 वर्षीय एक ऐसे मरीज का सफल इलाज किया गया है जिनके पैरों में पैरालिसिस के कई अटैक पड़ गए थे। अटैक का ये सिलसिला 6 महीने से चल रहा था। यूपी के इस मरीज को दोनों पैरों में जब 3 अलग-अलग पैरालिसिस अटैक पड़े, उसके बाद मरीज को नोएडा के मेट्रो अस्पताल लाया गया।

मरीज को जब ये दिक्कत हो रही थी, तो उसके शहर में तब रोग का निदान (डायग्नोसिस) नहीं हो पाया था और यूं ही इलाज किया जाता रहा। मरीज में इस इलाज से कई बार थोड़ा सुधार आया लेकिन फिर कुछ समय बाद वही अटैक फिर से पड़ने लगा। इससे मरीज़ के दोनों पैरों में कमजोरी होने लगी थी इस कारण पेशाब के लिए फोले कैथेटर की भी आवश्यकता उन्हें पड़ती थी। जब मरीज को तीसरा और सबसे गंभीर अटैक पड़ा तो उनकी स्थिति काफी खराब हो गई, वह बिस्तर पर आ गए। इसके साथ ही मरीज की नज़र भी कमजोर होने लगी थी।

- **मरीज को दोनों पैरों में जब 3 अलग-अलग पैरालिसिस अटैक पड़े**

मेट्रो अस्पताल पहुंचने पर मरीज की गहन जांच-पड़ताल की गई। एमआरआई स्कैन, लम्बर पंचर या सीएसएफ स्टडी, स्पेसिफिक ब्लड टेस्ट और एक वीईपी टेस्ट कराया गया।

मेट्रो अस्पताल, नोएडा में इस मरीज का इलाज करने वाली, न्यूरोलॉजी विभाग की सीनियर कंसलटेंट डॉक्टर पूजा कुशवाह ने बताया कि हमारी एक्सपर्ट मेडिकल टीम ने जांच-पड़ताल से मरीज में डिमाइलेटिंग डिसऑर्डर नामक न्यूरोलॉजी बीमारी का पता लगाया। इस बीमारी का समय रहते इलाज किया जाए तो मरीज़ पूरी तरह ठीक हो जाता है। दरअसल यह बीमारी (डिमाइलेटिंग डिसऑर्डर) अक्सर शरीर के विभिन्न हिस्सों में पैरापेरेसिस, क्वाड्रीपेरिसिस, विजन लॉस और झनझनाहट या सुन्नता जैसे लक्षणों के साथ बार-बार अटैक के रूप में सामने आती है। इन मामलों में समय रहते निदान से न केवल इलाज़ आसान हो जाता है बल्कि मरीज़ को गंभीर विकलांगता से बचाया जा सकता है। डॉक्टर पूजा कुशवाह ने आगे बताया कि मरीज के रोग की पुष्टि हो गई थी और उस हिसाब से लगातार पांच दिन तक उसे एक विशेष प्रकार का इंजेक्शन दिया गया। इस ट्रीटमेंट से मरीज की कमजोरी में काफी सुधार हुआ, जिससे उसे मूवमेंट करने में मदद मिली।

# एआईसीएफएफ में प्रदर्शित की विभिन्न देशों की 27 फिल्में

**अहमदाबाद,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अहमदाबाद इंटरनेशनल चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल (एआईसीएफएफ) में तीन दिनों में दुनिया भर के विभिन्न देशों की 27 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया और महोत्सव में 7,000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग लिया।

**महोत्सव में 7,000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग लिया**

महोत्सव के संस्थापक चेतन चौहान ने सोमवार को यहां बताया कि एआईसीएफएफ का पांचवां संस्करण जबरदस्त सफलता के साथ संपन्न हुआ। एआईसीएफएफ ने लगातार दुनिया भर का ध्यान और विभिन्न कंटेंट निर्माताओं के योगदान को आकर्षित किया है। पिछले चार संस्करण में दुनिया भर से 500 से अधिक फिल्में आई है। इस वर्ष महोत्सव को 24 देशों से 90 से अधिक फिल्में मिली हैं जिनमें ईरान, इटली, भारत, तुर्की, चीन, क्रोएशिया, अमेरिका, रशिया, यूनाइटेड किंगडम, यूक्रेन, ताइवान, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, नेपाल, जापान, आयरलैंड, जर्मनी, चेक रिपब्लिक, केनेडा, ब्राज़ील और कोरिया शामिल है।

चौहान ने बताया कि फेस्टिवल की शुरुआत फारसी भाषा की फिल्म 'बालिट' के साथ हुई और भव्य उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेता पवन मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए साथ ही जापानी फिल्म निर्देशक फूमी निशिकावा तीन दिनों के महोत्सव के लिए जापान से आए। दूसरा दिन विभिन्न देशों की फिल्मों को दर्शाया गया और फिल्म निर्माता पंकज रॉय, फिल्म समीक्षक दीपक दुआ और हमारे फेस्टिवल निदेशक मनीष सैनी के साथ मास्टरक्लास का भी आयोजन किया गया।

फेस्टिवल का समापन गुजराती भाषा की फिल्म 'मारा पप्पा सुपरहीरो' के साथ हुआ। स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की पूरी टीम मौजूद थी और दर्शकों ने फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स दिया। समापन समारोह में शामिल मास्टर मंजूनाथ (मालगुडी डेज़) ने कहा कि अहमदाबाद में जिस तरह से एआईसीएफएफ का आयोजन किया गया, मैं वास्तव में उसकी सराहना करता हूं, मेरी इच्छा है और मैं चाहता हूं कि इस तरह का फेस्टिवल पूरे भारत में होना चाहिए। सभी मातापिता, बच्चों और स्कूल को इसमें भाग लेना चाहिए क्योंकि यह पूरी तरह से नि:शुल्क है और सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए। समापन दिवस पर खचाखच भरे दर्शकों के साथ फेस्टिवल का हिस्सा बनना वास्तव में मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। समापन समारोह में शिलादित्य बोरा, अभिषेक जैन, अजीतपाल सिंह और विशेष अग्रवाल भी मौजूद थे इसीके साथ सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सम्मानित करने के लिए पुरस्कारों की प्रस्तुति भी की गई।

उन्होंने बताया कि तीन दिनों के दौरान हमने दुनिया भर के विभिन्न देशों की 27 फिल्में दिखाई और 7,000 से अधिक लोगों ने महोत्सव में भाग लिया। इस साल सिनेमा नीति के हिस्से के रूप में गुजरात पर्यटन हमारी पहल को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए हमारे साथ जुड़ा। फेस्टिवल के दौरान हमारा समर्थन देने के लिए हम गुजरात पर्यटन और अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन - एएमए के भी आभारी हैं। उल्लेखनीय है कि यह फेस्टिवल आठ, नौ और दस दिसम्बर को प्रतिष्ठित अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन में आयोजित किया गया। एआईसीएफएफ दुनियाभर से युवा प्रतिभा, रचनात्मकता और संस्कृति के सशक्तिकरण का एक प्रमाण है, जो युवा पीढ़ी को अपनी मान्यताओं को व्यक्त करने का और हमारे समाज में सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने के लिए एक शक्तिशाली मंच प्रदान करता है।

# 108 चित्रों के जरिये श्रीराम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का होगा चित्रांकन

**लखनऊ,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मर्यादा पुरुषोत्तम 22 जनवरी 2024 को अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके मद्देनजर सरकार का प्रयास है कि यहां पूरी दुनिया को पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर से लेकर आधुनिकता की झलक देखने को मिले। योगी सरकार ने इसके लिए देश-विदेश के कलाकारों को आमंत्रित किया है, जो अपनी मूर्तिकला और चित्रकला से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन को उकेरेंगे। साथ ही लोगों के दिलों और दिमाग पर भव्य उद्घाटन समारोह की अमिट छाप छोड़ेंगे।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को मूर्तिकला के जरिये प्रभु श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करने के निर्देश दिए थे। हमारी मूर्तिकला पूरे विश्व में सबसे पुरानी है और लोगों को युगों-युगों तक इतिहास से जोड़ती आई है। ऐसे में मंदिर के उद्घाटन समारोह में आने वाली पीढ़ियों को युगों-युगों तक यादगार बनाने और कलाओं के संरक्षण- संवर्धन के लिए मूर्ति-शिल्प कला की कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिये थे। अयोध्या में मंदिर उद्घाटन के भव्य समारोह को इतिहास के काल खंडों में समृद्ध साक्ष्य के रूप में संजोने के लिए मूर्तिकला की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए देश-विदेश के दिग्गज मूर्ति और शिल्प कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। ये कलाकार रामायण परंपरा और प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों से जुड़ी हुई मूर्तियों का निर्माण करेंगे। वहीं इन मूर्तियों के जरिये प्रभु श्रीराम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। ललित कला अकादमी द्वारा ख्याति प्राप्त चित्रकारों के चित्रकला शिविर में श्रीराम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को 108 चित्रों का चित्रांकन किया जाएगा। वहीं योगी सरकार अयोध्या के विभिन्न घाटों एवं स्थलों पर रामायण से जुड़ी कलाकृतियों की स्थापना के लिए दो करोड़ रुपए खर्च करेगी। इन कलाकृतियों के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ को सौंपी गई है।

- **देश-विदेश के कलाकार आमंत्रित**
- **चित्रकला से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन को उकेरेंगे कलाकार**

रायपुर, मंगलवार 12 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## भाजपा की उलझन

भारत के संसदीय इतिहास में शायद पहली मर्तबा हो रहा है जब किसी राजनैतिक दल को विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिला हो और वह हफ्ते भर से अपना मुख्यमंत्री तलाश रही हो। जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे 3 दिसम्बर को निकले उनमें से तेलंगाना में कांग्रेस के रेवंत रेड्डी और मिजोरम में जोराम पीपुल्स मूवमेंट के लालदुहोमा ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर कामकाज भी प्रारम्भ कर दिया है, ले-देकर छत्तीसगढ़ के मुखिया के रूप में विष्णुदेव साय का चयन कर उसकी तलाश एक राज्य में रविवार को समाप्त हुई। और सोमवार को मध्यप्रदेश में मोहन यादव के नाम पर मुहर लग पाई है। परन्तु भारतीय जनता पार्टी अब भी राजस्थान के मुख्यमंत्री का निर्धारण नहीं कर पाई है। यह अनुशासित पार्टी कही जाने वाली भाजपा के लिये आश्चर्यजनक है। उसके इतिहास व सांगठनिक स्वरूप को देखें तो यह एक हद तक सही भी लगता है लेकिन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसे मुख्यमंत्री बनाने में जिस एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा है, उससे यह मिथक भी टूट रहा है।

यह संकट पूर्वानुमानित था। जब तीनों ही राज्यों में कई सांसदों और केन्द्रीय नेताओं को विधानसभा के चुनावी मैदान में उतारा गया, तभी आभास हो गया था कि इन राज्यों में भाजपा जीते या हारे, उसे इस तरह के संकट से गुजरना होगा। चूंकि उस समय इन तीनों ही राज्यों में भाजपा की पराजय का अंदेशा था, इसलिये सम्भवत: भाजपा नेतृत्व ने मामले की गम्भीरता का अंदाजा नहीं लगाया होगा। अप्रत्याशित रूप से इन राज्यों में उसे जो जीत मिली है, उसके बाद उसके समक्ष समस्या आन खड़ी हुई है- कौन बनेगा मुख्यमंत्री ? छत्तीसगढ़ एक आत्मसंतोषी राज्य है जहां लोगों की महत्वाकांक्षाएं वैसी प्रबल नहीं है। साथ ही, यहां केन्द्र के मंत्री या सांसद विधायकी का चुनाव लड़ने के लिये उतारे गये, उनमें कोई भी ऐसा बड़ा चेहरा नहीं हैं जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर वैसी बड़ी पहचान हो। यहां के सबसे बड़े चेहरे के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की ही शिनाख्त होती है लेकिन वे भी अपनी विनम्रता और सौम्यता के लिये जाने जाते हैं। उनके बारे में पहले से ही अनुमानित था कि अगर उन्हें यह पद नहीं मिलता तो भी वे संगठन के खिलाफ न तो अपना रोष व्यक्त करेंगे या कोई बड़ा कदम उठाएंगे। यह उन्होंने साबित भी किया। साय को मुख्यमंत्री बनाकर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाने का तय हुआ तो उन्होंने इस प्रस्ताव को सिर झुकाकर स्वीकार कर लिया।

रही बात राजस्थान व मध्यप्रदेश की, तो दोनों ही राज्यों में भाजपा के समक्ष जटिल परिस्थिति है। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री और वहां भाजपा की सबसे प्रभावशाली नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया हैं जिनका बड़ा सम्मान है पर यहां शीर्ष कमान की पसंद के चेहरे अन्य लोग हैं, मसलन बाबा बालकनाथ, गजेन्द्र सिंह शेखावत, किरोड़ीमल मीणा, दीया कुमारी, अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मेघवाल आदि। छत्तीसगढ़ के रमन सिंह की ही तरह वसुंधरा की भी यहां चुनाव प्रचार के दौरान घोर उपेक्षा हुई थी। उनके समर्थक वह दृश्य नहीं भूल सकते जब राज्य भाजपा का घोषणापत्र भरे मंच पर उनके हाथ से छीन लिया गया था। उसके बाद उन्हें पकड़ाये गये घोषणापत्र को महारानी साहिबा ने हाथ तक नहीं लगाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, किसी ने भी चुनावी प्रचार सभाओं में उनके कामों का ज़िक्र नहीं किया। यहां तक कि कई सभाओं में वे गैर मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर जाहिर कर दिया है कि वे यह पद छोड़ेंगी नहीं। उनके साथ 60 से अधिक विधायकों के मजबूती के साथ खड़े बतलाये जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह ने इन विधायकों की बाड़ेबंदी कर रखी है। भाजपा नेतृत्व को इस बात की भी आशंका है कि वे निवर्तमान कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ हाथ मिलाकर सरकार तक बना सकती हैं। 199 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 69 विधायक हैं। राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का असमंजस ऐसा विकट है कि रविवार को दिल्ली से आने वाले पर्यवेक्षकों ने अपनी जयपुर यात्रा भी रद्द कर दी।

कुछ ऐसी ही स्थिति मध्यप्रदेश में भी रही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी चुनाव प्रचार के दौरान पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया था। उनके कामों का उल्लेख तो दूर, उनका नाम भी मोदी-शाह द्वारा नहीं लिया जाता था। उनके धुर विरोधी भी मानते हैं कि चौहान यहां अपने दम पर कांग्रेस के जबड़े से जीत निकाल लाए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि शिवराज सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आगे राज्य की राजनीति कैसे मोड़ लेगी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल केन्द्रीय कृषि मंत्री रहे नरेन्द्र तोमर को भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष बना दिया है और जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इसका अर्थ यही है कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जैसे कई दिग्गज हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, अब उन्हें किसी न किसी तरह आलाकमान को संभालना होगा।

छत्तीसगढ़ में अलबत्ता नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं, मध्यप्रदेश में भी जल्द ही मोहन यादव की सरकार बन जाएगी, लेकिन राजस्थान में ऊंट किस करवट बैठेगा, यह इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तय नहीं हो सका है।

# यह तो जातिवाद का विरोध नहीं, हिमायत है!



राजेंद्र शर्मा

> जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

मेरे लिए देश की चार सबसे बड़ी जातियां हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं युवा, मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं, महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं किसान।' और 'इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। अगर चार का हो जाएगा तो इसका मतलब सब का हो जाएगा।' प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने से ऐन पहले, विकसित भारत संकल्प यात्रा के सिलसिले में 'लाभार्थियों' से अपने बहुप्रचारित संवाद के क्रम में, जातियों की अपनी यह नयी, परिभाषा और पहचान पेश की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि जब प्रधानमंत्री बार-बार 'सबसे बड़ी जाति', 'सबसे बड़ी जाति' कहते हैं, तो वह एक प्रकार से यही दावा कर रहे होते हैं कि उनकी नजर में अगर कोई वास्तविक जातियां हैं तो यही चार हैं और बाकी जिन्हें जातियों के रूप में सब अब तक मानते आए हैं, वे अगर मिथ्या नहीं भी हों तो भी, इस 'बड़ी' सच्चाई के सामने, कमतर सच्चाइयां जरूर हैं। इस तरह, नयी जातियां गढ़कर, जातियों की पारंपरिक पहचान के सामने खड़ी करने और इसके जरिए, जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की यह कसरत, प्रधानमंत्री ने उसके बाद से इस तरह बार-बार दोहराई है कि इसके वास्तविक अर्थ पर गौर करना जरूरी हो जाता है।

वास्तव में इस सिलसिले की शुरूआत तो हाल के विधानसभाई चुनावों के और खासतौर पर तीन हिंदीभाषी राज्यों में चुनाव के प्रचार के दौरान ही हो गई थी। जब इन हिंदीभाषी राज्यों में भाजपा की मुख्य राजनीतिक/चुनावी प्रतिद्वंद्वी की हैसियत से कांग्रेस ने जाति गणना का मुद्दा प्रमुखता से उठाना शुरू किया और उसकी सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में जाति-आधारित गणना कराने का ऐलान कर दिया और आम तौर पर इस पार्टी ने जाति गणना कराने का जोर-शोर से वादा करना शुरू कर दिया और बिहार में जाति सर्वे के नाम से जाति गणना के आंकड़े प्रकाशित किए जाने के साथ, जाति गणना का प्रश्न चुनावी रूप से भी महत्वपूर्ण हो जाने के आसार दिखाई देने लगे, इस मुद्दे के संभावित प्रभाव की काट करने के लिए प्रधानमंत्री ने, 'असली जाति' बनाम 'झूठी जाति' की उक्त जुमलेबाजी की शुरूआत की थी। यह दूसरी बात है कि इसके साथ ही घनघोर बौद्धिक मौकापरस्ती का परिचय देते हुए प्रधानमंत्री, इसकी दुहाई देने का भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे थे कि वह चूंकि एक 'गरीब ओबीसी' हैं, इसीलिए विपक्ष के हमलों के निशाने पर हैं! इसके साथ ही साथ, प्रधानमंत्री जाति गणना की मांग को बांटने वाली और वास्तव में इशारों में बहुसंख्यक हिंदुओं को बांटने वाली गणना बताने में भी लगे हुए थे।

यह दूसरी बात है कि इसके बावजूद, जाति गणना के सीधे विरोध में आने से बचते हुए, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेतागण, यह मनवाने में भी लगे हुए थे कि वे जाति गणना के खिलाफ नहीं थे, जिसका सबूत यह था कि जब नीतीश कुमार ने बिहार में जाति सर्वे कराने का निर्णय लिया था, गठबंधन में उनकी सहयोगी की हैसियत से, भाजपा की भी सहमति से ही उक्त निर्णय लिया गया था। यह दिखावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि आम तौर पर जाति गणना का विरोध करने के अलावा, मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर, शुरू में बिहार के जाति सर्वे को अवैध बताने की कोशिश की थी, हालांकि बाद में इसके संभावित राजनीतिक/चुनावी परिणामों को भांपकर, केंद्र सरकार के हलफनामे के उक्त पैरा को 'गलती' कहकर वापस ले लिया गया था।

बहरहाल, हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने और खासतौर पर हिंदी पट्टी के तीन महत्वपूर्ण राज्यों—मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान—में भाजपा की प्रभावशाली जीत के बाद से, जाति-जनगणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट आए लगते हैं। इस चुनाव के समय, जब संघ-भाजपा इस मुद्दे पर एक हद तक अपना बचाव ही करते नजर आते थे, कई टिप्पणीकारों का यह कहना था कि इन चुनावों में भाजपा को अगर धक्का लगता है या जाति गणना की मांग असरदार साबित होती है, तो आम चुनाव से पहले ही भाजपा खुद जाति गणना की पैरोकार बन जाएगी। लेकिन, चूंकि इस चुनाव में जाति गणना की मांग खास असरदार साबित नहीं हुई है, संघ-भाजपा इस गणना के खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट गए लगते हैं। प्रधानमंत्री की असली जाति बनाम झूठी जाति की जुमलेबाजी, इसी का इशारा करती है।

यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि जाति गणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा का और इसलिए मोदी सरकार का भी रुख, शुरू से ही विरोध का रहा था। यह रुख तब खुलकर सामने आ गया, जब पिछली यूपीए सरकार के आखिरी वर्षों में कराई गई सामाजिक-आर्थिक दर्जे की गणना के आंकड़ों का नीति-निर्धारण के लिए उपयोग करना तो दूर, मोदी सरकार ने इन आंकड़ों को ही 'गैर-भरोसेमंद' कहकर, सीधे-सीधे खारिज कर दिया। उल्टे मोदी के पहले कार्यकाल के शुरूआती सालों में ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने, संघ परिवार के मूल मनुवादी तथा इसलिए आरक्षणविरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए, आरक्षण की व्यवस्था के जारी रहने के औचित्य पर ही सवाल उठाते हुए, इसकी 'समीक्षा' का समय आ जाने का ऐलान कर दिया था।

लेकिन, उसके कुछ ही समय बाद हुए बिहार के विधानसभाई चुनाव में, भागवत के उक्त ऐलान के नुकसान को कम करने के लिए उन्हें जितनी तथा जैसी सफाइयां देनी पड़ी थीं, उससे संघ-भाजपा ने यह समझ लिया था, सीधे आरक्षण की व्यवस्था का विरोध करना राजनीतिक रूप से असह्य रूप से महंगा पड़ सकता है। उसके बाद से उन्होंने सीधे आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना या उस पर सवाल उठाना तो बंद कर दिया है, लेकिन कथित ऊंची जाति के गरीबों के 'सुदामा आरक्षण' जैसी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के जरिए परोक्ष रूप से, ऐतिहासिक सामाजिक दमन की सच्चाई और उसके शमन के साधन के रूप में आरक्षण की व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशें फिर भी जारी रही हैं। जानी-पहचानी जाति विभाजन की सच्चाई के सामने, गरीबों या महिलाओं या युवाओं या किसानों की वंचितता को खड़ा करने की प्रधानमंत्री की जुमलेबाजी, उक्त कोशिशों की ही निरंतरता में है।

यह बात याद रखने वाली है कि प्रधानमंत्री जब जाति की जानी-पहचानी सच्चाई के सामने, 'बड़ी' या 'ऊंची' सच्चाई के रूप में किसानों या गरीबों या महिलाओं या युवाओं की चिंता को रखने की लफ्फाजी करते हैं, तो वह किसानों, गरीबों आदि की चिंताओं को रेखांकित करने की नहीं बल्कि जाति व्यवस्था की सब की जानी-पहचानी सच्चाई को ही नकारने की कोशिश कर रहे होते हैं। यह संघ-भाजपा के बुनियादी विचारधारात्मक रुख के ही अनुरूप है, जो मनुवाद पर या ब्राह्मणवाद पर आधारित है और इसलिए, भारतीय समाज में जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की कोशिश करता है; सीधे-सीधे इसका औचित्य सिद्ध करना मुश्किल जो है।

सभी जानते हैं कि जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

संघ-भाजपा ने, एक ओर एक दमनकारी व्यवस्था के रूप में जाति व्यवस्था की सच्चाई को नकारते हुए भी, इस दमनकारी रिश्ते से काटकर, जातिगत पहचानों को ही अपने साथ गोलबंद करने में खासी महारत हासिल कर ली है। जातिगत पहचानों के साथ इस तरह का रिश्ता, एक ओर अलग-अलग जाति-आधारित समूहों का समर्थन हासिल करना संभव बनाता है और दूसरी ओर, वंचित जाति समूहों के भी जाति-व्यवस्था के विरुद्ध आवेग को वैचारिक रूप से बधिया करने का काम करता है। यह जातिवाद का विरोध या उस पर हमला नहीं, जाति व्यवस्था का बचाव, उसकी हिमायत ही है। नरेंद्र मोदी की नयी 'सबसे बड़ी' जातियों की खोज, कथित नयी बड़ी जातियों को तो कुछ नहीं देगी, जाति व्यवस्था विरोधी आवेगों से, जिनमें जाति गणना, आनुपातिक आरक्षण की मांग आदि शामिल हैं, इस व्यवस्था को बचाने का ही काम करेगी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# कॉप 28 जलवायु परिवर्तन पर सैन्यीकरण के प्रभाव का संज्ञान लेने में विफल

■ डॉ. अरुण मित्रा

> वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

यह स्वागत योग्य है कि दुनिया भर से 80000 से अधिक प्रतिभागी जलवायु संकट को कम करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए दुबई में एकत्र हुए हैं, जिसे अगर रोका नहीं गया तो विनाशकारी होगा। यह घटना ऐसे समय में हो रही है जब महज 2600 किलोमीटर की दूरी पर गाजा में इजरायल द्वारा निर्दोष नागरिकों पर बमबारी के परिणामस्वरूप भयावह मानवीय संकट सामने आ रहा है। इससे 16000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं जिनमें से 70 फीसदी महिलाएं और बच्चे हैं और इसने बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है जिससे लोग बेघर हो गये हैं।

कोई भी सैन्य गतिविधि जलवायु संकट को बढ़ाती है। अब तक यह सर्वविदित है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सैन्य गतिविधि का योगदान 5.5 फीसदी होने का अनुमान है। हाल के वर्षों में हमने दुनिया भर में सैन्य खर्च में पर्याप्त वृद्धि देखी है। फिलहाल यह पहले से कहीं ज्यादा है। 2022 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2240 बिलियन डॉलर हो गया, जिसमें से 82.9 बिलियन डॉलर अकेले परमाणु हथियारों पर खर्च किये गये।

सरकारों द्वारा सैन्य व्यय पर रिपोर्टिंग हमेशा एक गुप्त मामला होता है और 'सुरक्षा कारणों' से सैन्य संबंधी गतिविधियों की रिपोर्टिंग में कोई पारदर्शिता नहीं होती है। ग्लोबल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड कॉन्फ्लिक्ट और पर्यावरण वेधशाला के वैज्ञानिकों के डॉ. स्टुअर्ट पार्किंसन और लिन्से कॉटरेल ने एक अध्ययन 'सैन्य के वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का आकलन' में बताया है कि यदि दुनिया की सेनाएं एक देश होतीं, तो इस आंकड़े का मतलब होता कि उनके पास दुनिया में चौथा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कार्बन फुटप्रिंट- रूस से भी अधिक होता। शोधकर्ताओं ने पाया कि यूक्रेन युद्ध के पहले 12 महीनों में 1190 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन हुआ, जितना कि बेल्जियम ने इसी अवधि में उत्पादित किया था।

यह सैन्य उत्सर्जन को मजबूती से मापने और संबंधित कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए ठोस कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है- खासकर जब ये उत्सर्जन यूक्रेन में युद्ध और गाजा में इजरायली आक्रामकता के मद्देनजर बढ़ने की संभावना है।

इसलिए यह जरूरी है कि कॉप 28 में विचार-विमर्श के दौरान निरस्त्रीकरण को मुख्य स्थान दिया जाना चाहिए। पिछला कॉप 27 भी निरस्त्रीकरण पर कोई बयान जारी करने में विफल रहा था और ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार भी वैसा ही अंतिम परिणाम होगा। हालांकि इस बार इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) सहित कुछ संगठनों ने इस मुद्दे को उजागर करने का एक मुद्दा बनाया, अगर मुख्य मंच पर नहीं, तो कम से कम प्रतिभागियों के बीच।

यह अजीब बात है कि कॉप 28 में एक घोषणा को अपनाया गया जिसमें राष्ट्रों से स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने ग्रीन-हाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से, स्थायी रूप से और पर्याप्त रूप से कम करने का आह्वान किया गया। ऐसा तब हुआ है जब सैन्य गतिविधि द्वारा कुल उत्सर्जन के 5.5 फीसदी की तुलना में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र द्वारा 4.4 फीसदी उत्सर्जन होता है। जबकि सैन्य गतिविधि मारने के लिए है, स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र जीवन को बनाये रखने के लिए है।

आईपीपीएनडब्ल्यू ने आगे चेतावनी दी है कि युद्ध जारी रहने से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा हो सकता है जो विनाशकारी होगा। इरा हेलफैंड पूर्व सह-अध्यक्ष इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) और पर्यावरण विज्ञान विभाग, रटगर्स यूनिवर्सिटी, यूएसए के एलन रोबॉक द्वारा किये गये एक अध्ययन, 'क्षेत्रीय परमाणु युद्ध के जलवायु परिणाम' ने बताया है कि पृथ्वी पर मौजूद वर्तमान परमाणु हथियार जलवायु के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं और इस प्रकार सभी जीवन रूपों के लिए खतरा पैदा करते हैं। 100 हिरोशिमा आकार के परमाणु हथियारों का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु आदान-प्रदान दो अरब लोगों को खतरे में डाल देगा; प्रमुख परमाणु शक्तियों के बीच कोई भी परमाणु आदान-प्रदान हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत हो सकता है। विस्फोटों और परिणामी आग के कारण वातावरण में घुली कालिख और मलबा सूरज की रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने से रोक देगा, जिससे औसत सतह -1.25 डिग्री सेंटीग्रेड तक ठंडी हो जायेगी जो कई वर्षों तक बनी रहेगी। यहां तक कि 10 साल बाद भी, सतह का औसत तापमान -0.5 डिग्री सेंटीग्रेट के स्तर पर लगातार ठंडा रहेगा। इससे वैश्विक स्तर पर वर्षा में 10 फीसदी की कमी आयेगी और फसल बर्बाद हो जाएगी, जिससे भुखमरी और मौतें होंगी।

इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि कॉप 28 को परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन का आह्वान करना चाहिए और परमाणु हथियार रखने वाले देशों को परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बातचीत को बढ़ावा देना चाहिए।

जब ऊर्जा के गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर स्विच करने की बात होती है, तो कॉप 28 के भीतर एक लॉबी है जो परमाणु ऊर्जा के महत्व पर बोलती है। यह एक झूठी और खतरनाक कहानी है। परमाणु ऊर्जा जलवायु परिवर्तन का कोई समाधान नहीं है। इसके गंभीर स्वास्थ्य परिणाम होते हैं और परमाणु प्रसार का खतरा बढ़ जाता है। परमाणु ऊर्जा महंगी और अविश्वसनीय है, समग्र बिजली उत्पादन के सापेक्ष महत्व खो रही है, तथा लागत-प्रभावशीलता और उत्पादन के मामले में नवीकरणीय ऊर्जा से पीछे है और है इसलिए आउट डेटेड है। इसलिए यह आवश्यक है कि दुनिया नये परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण बंद कर दे, परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दे, और एक उचित नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ जाये।

हमें 1.5 डिग्री की सीमा के भीतर रहने के लिए 2030 तक उत्सर्जन में आधी कटौती करने की आवश्यकता है और इस तरह धरती की सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य सुनिश्चित करना होगा। माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के ग्लेशियरों पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव का वीडियो संदेश 'हमें अग्रिम पंक्ति के लोगों की सुरक्षा के लिए और वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लिए, जलवायु अराजकता की सबसे खराब स्थिति को रोकने के लिए अभी कार्य करना चाहिए' दुनिया भर के अरबों लोगों की आवाज को व्यक्त करता है। जो जाने-अनजाने में जलवायु संकट के परिणामस्वरूप प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बीमारी है जिसे केवल आप, वैश्विक नेता ही ठीक कर सकते हैं।' उन्होंने नेताओं से जीवाश्म ईंधन पर दुनिया की निर्भरता को खत्म करने और जलवायु न्याय के लिए लंबे समय से लंबित वादे को पूरा करने का आह्वान किया।

कॉप 28 के उद्घाटन दिवस पर प्रतिनिधियों ने दुनिया के सबसे कमजोर देशों को जलवायु आपदा के विनाशकारी प्रभावों से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति करने के लिए एक कोष के संचालन हेतु एक समझौते पर सहमति व्यक्त की, जो एक हद तक स्वागत योग्य कदम है। हालांकि यह अंतिम समाधान नहीं है। इसकी त्रुटियों का विकसित देश तो लाभ उठा लेंगे, लेकिन विकासशील दुनिया अपने ही नागरिकों के लिए विकास की दौड़ में पीछे रह जायेंगे।

वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

## पावन प्रसंग

### कठिन समय का सामना कुछ ऐसे करें

यह जीवन ईश्वर का एक अद्‌भुत उपहार है। जो परिस्थितियों के जटिल चक्रव्यूह से होकर आगे बढ़ता रहता है जिसमें कभी खुशी तो कभी गम कभी हार तो कभी जीत, कभी उतार तो कभी चढ़ाव आते रहते हैं। घटनाक्रमों के इन सिलसिलों के बीच कठिन एवं विकट पल भी आते हैं जब जीवन दूभर हो जाता है। यदि व्यक्ति ऐसे समय में नहीं संभला तो उसको टूटते-बिखरते देर नहीं लगती, लेकिन सही समझ व धैर्य के साथ इसका सामना किया जाए, तो यही विषय पल व्यक्ति के उत्कर्ष का माध्यम बन जाते हैं और जीवन के उच्चतम सत्य की ओर ले जाते हैं। जीवन के विकट पल हमारे लिए उत्थान व उत्कर्ष का अवसर बनें, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जिसमें सर्वप्रथम है परिस्थिति को स्वीकार करना। जो भी विवाद घटना या जीवन के कठिन पल हैं, उन्हें स्वीकार करें। इसे ईश्वर का दिया हुआ उपहार मानें या अपने कर्मों से जुड़ा गहन रहस्य समझें, जो जीवन की नई समझ देने के लिए आया है।

इस समझ व स्वीकृति के साथ ही संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार होता है। विकट परिस्थिति को अपनी नियति का एक हिस्सा मानते ही चुनौती के रूप में आभासित पल आगे बढ़ने के अवसर बन जाते हैं। इन कठिन पलों में अपनों का संग-साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपने परिवारजनों, मित्रों व शुभचिंतकों का संग इन पलों से उबरने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इनसे प्राप्त भावनात्मक सिंचन जीवन कली को मुरझाने नहीं देता। इनका सहारा टूटने-बिखरने के कगार पर खड़े अस्तित्व को संभाले रहता है, लेकिन दूसरों के सहारे ही जीवन की नैया पार होगी। ऐसी भी गलतफहमी नहीं पाली जा सकती है। जीवन का सामना अंतत: अपने दमखम पर ही करना होता है और दूसरों के साथ की अपनी सीमा रहती है। इसके लिए स्वयं को समय देना अभीष्ट हो जाता है। कठिन समय में जीवन के बिखरने व टूटने का खतरा रहता है ऐसे में अपने तन-मन व जीवनचर्या पर आवश्यक ध्यान रखें। उचित आहार-विहार, शारीरिक सक्रियता, विश्राम एवं नींद का सहारा लें। शरीर के साथ मन का श्रेष्ठ नियोजन करें। अपने कर्तव्य कर्मों में निमग्न रहें। ये सब अनावश्यक तनाव-अवसाद से बचाए रखते हैं। नियमित कागज पर अपने मनोभावों को लिखने का अभ्यास करें। इनके साथ मन का गुबार बाहर निकलता है तथा चित्त का बोझ हलका होता है और आप बेहतर अनुभव करते हैं। प्रकृति की गोद में कुछ समय अवश्य बिताएं, जो मन की शांति स्थिरता के लिए संजीवनी का काम करता है। साथ ही जीवव के अर्थ व उद्‌देश्य को तलाशें, जो व्यक्ति को जीवन की गहराइयों में प्रतिष्ठित करता है और एक सार्थकता की अनुभूति के साथ मनोबल व आत्मबल केअवदान दे जाता है। इसके लिए नियमित रूप से आत्मनिरीक्षण से लेकर आत्मसुधार एवं निर्माण का न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित करें। दैनिक क्रियाकलापों में अपनी रूचियों को स्थान दें। ये जीवन में एक नया रस व रंग घोलने का काम करते हैं। नित्य इनके लिए कुछ समय-अवश्य दें, ये जीवन में एक नई ताजगी व उल्लास भरने वाले उपक्रम साबित होंगे। इसके साथ स्वयं को सतत प्रेरित रखें। श्रेष्ठ पुस्तकों को पढ़ें व प्रेरक लोगों की संगत तलाशें। एक समय एक कदम उठाएं तथा जीवन की छोटी-छोटी विजय को हासिल करते चलें। ये जीवन के प्रति आशा व उत्साह से लबरेज रखने का माध्यम बनेंगे।

जीवन को अत्यधिक गंभीरता से न लें तथा स्वयं के प्रति उदारता का भाव रखें। साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव अपनाएं। ये सब जीवन को सरस-सुखद बनाए रखने में सहायक बनते हैं। साथ ही कठिन दौर में कुछ बातों को याद रखें। आप पहले भी ऐसी व इससे भी कठिन परिस्थितियों को पार कर चुके हैं और आप पुन: इससे बाहर निकल जाएंगे। इस समय आप कितना भी बदतर क्यों न अनुभव कर रहे हों, यह समय हमेशा ऐसा नहीं रहने वाला और विश्वास रखें कि आप वर्तमान समस्या से अधिक महान हैं, अधिक विराट एवं शक्तिशाली हैं। यह भी मानकर चलें कि मन की शांति पर डाका डालने वालों में सबसे बड़ा खलनायक काल्पनिक भय रहता है। भय के साथ कल्पित 90 प्रतिशत बातें कभी घटित नहीं होतीं। अत: मन की इस माया को समझें व कल्पित भय पर काबू पाने की कोशिश करें।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### आर्टिकल 370 को निरस्त करने के राष्ट्रपति के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया

संविधान अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पांच खंडपीठ ने वैध ठहराया। सुप्रीम कोर्ट संविधान के आधार पर फैसला देती है इसमें कोई गुंजाइश इसलिए नहीं होती है कि झूठ को सत्य साबित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ पर पूरे देश की नजर थी। न्यायमूर्ति ने फैसला सुनाते ही चार साल की ऊहापोह शान्त हो गई। कश्मीर में मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया गया। पूरे देश में खुशी पसरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रपति के सभी फैसला को न्यायसंगत मानते हुए मोहर लगा दी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधान है और यह सरकार की अंतरिम व्यवस्था थी और पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध के हालात में इसकी जरूरत आ पड़ी। भारत में विलय के बाद जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं बची थी। न्यायमूर्ति ने केंद्र सरकार का बखान कर कहा कि केंद्र सरकार का काम करना संवैधानिक रूप से योग्य था। राष्ट्रपति को दिए अपने पावर को टेकओवर करने में कानूनी बाधा नहीं है। जब से सुप्रीम में याचिका दाखिल की गई है। तब से देश में कानाफूसी बढ़ गई थी। लोग तरह-तरह की बातें करते थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही सबसे पहले कश्मीर के लोगों में खुशी दिखाई दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा को सूचना दिए बिना केन्द्र का निर्णय सर्वोपरि मानते हुए सर्वोच्च अदालत ने जायज ठहराया। केंद्र की गरिमा बरकरार रखी गई। उपरोक्त फैसले से केंद्र की सर्वोच्चता स्थापित हुई है और लोगों का केंद्र पर भरोसा प्रगाढ़ हुआ है। अभी केंद द्वारा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की चर्चा है। चुनाव भी करवाये जा सकते हैं। संसद से पारित कानूनों को जम्मू-कश्मीर पर राष्ट्रपति के आदेश के बाद लागू किए गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण घटक है। केंद सरकार संविधान के दायरे में रह कर कोई भी फैसला लेती है इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस विषय पर स्पष्टीकरण करते हुए केंद्र के कार्य की सराहना की है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## ट्रंप ने न्यूयार्क नागरिक धोखाधड़ी मामले में बदला मन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उनके खिलाफ नागरिक धोखाधड़ी के मुकदमे में अपने गवाही देने के लिए न्यूयॉर्क की अदालत में अपनी निर्धारित उपस्थिति रद्द करने का मन बना लिया है। सीएनबीसी के हवाले से ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा, मैं सोमवार को गवाही नहीं दूंगा। श्री ट्रम्प को उनकी संपत्तियों के मूल्य के बारे में कथित तौर पर गलत बयान देने के लिए न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा उनके खिलाफ लाए गए एक नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गवाही देने के लिए तैयार किया गया था।

# रूस ने गाजा में अंतरराष्ट्रीय निगरानी मिशन का आह्वान किया





**मास्को,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायल-हमास संघर्ष के बीच गाजा में मानवीय स्थिति का आकलन करने के लिए रूस ने रविवार को एक अंतरराष्ट्रीय निगरानी मिशन का आह्वान किया और कहा कि इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी लोगों को दंडित करने के लिए हमास के सात अक्टूबर के हमले को कारण बताना अस्वीकार्य है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सात अक्टूबर के हमास द्वारा किए गए हमले की निंदा की, हालांकि, साथ ही उन्होंने कहा कि हम अंधाधुंध गोलाबारी के साथ लाखों फिलिस्तीनियों को दी जा रही सामूहिक सजा के लिए इस घटना को कारण बताना स्वीकार नहीं करते हैं।

**हमास के सात अक्टूबर के हमले को कारण बताना अस्वीकार्य बताया**

श्री लावरोव ने दोहा फोरम सम्मेलन में रविवार को अल जज़ीरा में प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा कि गाजा में मानवीय विराम और जमीनी स्तप पर निगरानी करने की आवश्यकता है।

श्री लावरोव ने कहा कि हमने महासचिव (एंतोनियो गुतारेस) को संबोधित किया और सुझाव दिया कि वह किसी प्रकार की निगरानी पर विचार करने के लिए अपने अधिकारों का उपयोग करें, लेकिन अब तक कोई फायदा नहीं हुआ है। उन्होने दशकों की नाकाबंदी और फिलिस्तीनी राज्य के अधूरे वादों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह शून्य में नहीं हुआ है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की और संयुक्त राष्ट्र में मॉस्को के दूतों द्वारा उठाए गए इजरायल विरोधी रुख पर नाराजगी व्यक्त की।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा गाजा युद्धविराम की मांग पर आज कर सकती है मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्य गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले एक मसौदा प्रस्ताव पर मंगलवार को मतदान कर सकते है। राजनयिकों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह कदम गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मांग को अमेरिका द्वारा शुक्रवार को वीटो करने के बाद उठाया गया है। महासभा ने अक्टूबर में एक प्रस्ताव अपनाया जिसमें 121 पक्ष में, 14 विपक्ष में और 44 सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में शत्रुता की समाप्ति के लिए तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया।

## इजरायली सेना की कार्रवाई में हमास कमांडर ढेर

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसके बल की कार्रवाई में हमास की शेजैया बटालियन का कमांडर इमाद क्रिके मारा गया। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इस घटना को आज अंजाम दिया गया। रिपोर्ट में उनकी कथित मौत के आसपास की परिस्थितियों को निर्दिष्ट नहीं किया गया है। पोस्ट में दावा किया गया कि बटालियन के पिछले कमांडर की मृत्यु के बाद अपनी भूमिका संभालने से पहले क्रिके पहले 'गाजा सिटी ब्रिगेड में एंटी-टैंक मिसाइल प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदार' थे।

## गाजा-मिस्र सीमा पर केरेम शालोम चौकी खुली

यरूशलेम। इजरायली रक्षा मंत्रालय के क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वय (सीओजीएटी) ने सोमवार को गाजा पट्टी और मिस्र की सीमा पर केरेम शालोम चौकी खोलने की पुष्टि की। एनबीसी ने पिछले सप्ताह एक उच्च पदस्थ अमेरिकी अधिकारी का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि इजरायल मानवीय सहायता के निरीक्षण और सत्यापन के लिए केरेम शालोम चेकपॉइंट खोलने पर सहमत हुआ है। सीओजीएटी ने एक्स पर लिखा, हमने गाजा में पहुंचाई जाने वाली सहायता के लिए निरीक्षण करने की अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है। केरेम शालोम को खोला जाना है, इसलिए निरीक्षण की मात्रा दोगुनी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र को बेहतर करना होगा और लोगों को सहायता की आवश्यकता है।

## सुडोकू 6403

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | 2 | | | 4 |
| 8 | | | 6 | 5 | | 7 | 9 | |
| | | | | | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | 4 | 1 | 7 | | 9 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 7 | 4 | | 9 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 2 | | 1 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक को किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 12 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आज आप सांसारिक विषयों को छोड़कर आध्यात्मिकता में ज्यादा रुचि लेंगे। ध्यान और मनन से आपके मन को शांति मिलेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समय बहुत अच्छा है।

वृषभ - परिवारजनों तथा दांपत्यजीवन में सुख-शांति का अनुभव कर सकेंगे। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। किसी छोटे प्रवास की योजना बन सकती है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मिथुन - आपके कई दिनों से रूके हुए काम पूरे हो सकेंगे। सफलता तथा प्रतिष्ठा प्राप्त मिलेगी। घर में सुख- शांति और आनंद आपको मानसिक रूप से प्रफुल्लित रखेंगे। तंदुरुस्ती अच्छी रहेगी। वित्तीय लाभ होगा।

कर्क - आज आपका दिन चिंता और भय से भरा रहेगा। शारीरिक और मानसिक तकलीफ भी रहेगी। नए काम के आरंभ के लिए दिन अनुकूल नहीं है। अचानक कोई खर्चा हो सकता है।

सिंह - आज आपको शारीरिक- मानसिक चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की आशंका है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। गलत और नकारात्मक विचारों के कारण निराशा रह सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें। आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं। भाई-बहनों के साथ अच्छे संबंध अच्छे बने रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा।

तुला - आज आपका मन नकारात्मक विचारों से घिरा रहेगा। क्रोध के कारण आपकी वाणी में कटुता आ सकती है। इस कारण परिजनों के साथ मतभेद होगा। गलत खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपका तन-मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ सुख के पल गुजार सकेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के पास से किसी तरह का उपहार मिलेगा।

धनु - आपका कुटुंबजनों के साथ मतभेद हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। आज दुर्घटना से बच के रहें। स्वास्थ्य खराब होने के कारण मेडिसिन पर पैसा खर्च होगा। कानूनी कामकाज में संभलकर आगे बढ़ें।

मकर - आज का दिन लाभदायक है। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे। प्रियजनों के साथ किसी रोमांचक यात्रा पर जा सकते हैं। थोड़े प्रयत्नों से विवाहोत्सुक लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

कुंभ - आप सभी काम सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यापार और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। सरकारी कामकाज आसानी से पूरे हो सकेंगे। उच्च अधिकारियों की ओर से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन - आज आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शारीरिक ताजगी का अभाव रहेगा। कोई काम विलंब होने से आपको निराशा का अनुभव होगा। भाग्य आपका साथ नहीं देगा, ऐसा आपको लग सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अर्जेंटीना में जेवियर माइली की सरकार ने संभाली सत्ता

**ब्यूनस आयर्स,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली के नेतृत्व में नयी सरकार ने शपथ ग्रहण कर ली है। एक स्थानीय अखबार नेसियोन ने अपनी रिपोर्ट मे बताया कि नयी सरकार में मंत्रालयों की संख्या 18 से घटाकर नौ कर दी गई है। पूर्व वित्त मंत्री और अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति मौरिसियो मैक्री के अधीन केंद्रीय बैंक के पूर्व प्रमुख लुइस कैपुटो अर्थव्यवस्था मंत्री बनाये गये हैं। सुरक्षा मंत्रालय का नेतृत्व कर चुकी पेट्रीसिया बुलरिच राज्य के प्रमुख पद के लिए दौड़ में थीं लेकिन दूसरे दौर के मतदान में जगह बनाने में असफल रहीं। इससे पहले वह मैक्री सरकार में सुरक्षा मंत्री का पद संभाल चुकी हैं। लुइस पेट्री, जो उपराष्ट्रपति पद के लिए दौड़े में थे, उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया है। विदेश मंत्रालय का नेतृत्व डायना मोंडिनो को दिया गया है।न्याय मंत्री का पद मारियानो कुनेओ लिबरोना मो मिला जो एक प्रसिद्ध वकील हैं और जिन्होंने कई राजनेताओं के साथ-साथ पूर्व राष्ट्रपति कार्लोस मेनेम के रिश्तेदारों का बचाव किया था, जिन्हें माइली अर्जेंटीना के इतिहास में सबसे अच्छा राज्य प्रमुख मानते हैं। गिलर्मो फेरारो बुनियादी ढांचे के मंत्री बनाये गये हैं उनका विभाग परिवहन, सार्वजनिक कार्य, खनन और संचार सहित कई क्षेत्रों को एकजुट करेगा। मानव पूंजी मंत्रालय, जो शिक्षा, संस्कृति, श्रम बाजार और सामाजिक नीति पर ध्यान केंद्रित करेगा, का नेतृत्व सैंड्रा पेट्टोवेलो को दिया गया है जबकि स्वास्थ्य मंत्री का पद हृदय रोग विशेषज्ञ मारियो रूसो को दिया गया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने का फैसला...**

संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना शामिल थे। बेंच के सामने लगातार 16 दिन तक चली सुनवाई 5 सितंबर को खत्म हुई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के 96 दिन बाद केस पर फैसला सुनाया।

हर फैसले को चुनौती नहीं दे सकते

सीजेआई ने कहा कि केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की यह दलील खारिज कर दी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि आर्टिकल 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा कानून ही बना सकता है, ऐसा कहना सही नहीं होगा। सीजेआई ने बताया कि फैसले में 3 जजों के निर्णय हैं। एक फैसला चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का है। दूसरा फैसला जस्टिस कौल का है। जस्टिस खन्ना दोनों फैसलों से सहमत हैं।

## हिलेरी क्लिंटन बाइडेन के पुनः चुनाव अभियान में निभाएंगी बड़ी भूमिका



**वाशिंगटन,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन राष्ट्रपति जो बाइडेन के 2024 के पुनः चुनाव अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिला नेतृत्व मंच के समर्थन से वाशिंगटन, डी.सी. में अपने व्हाइट-हेवन एस्टेट में एक धन संचयन कार्यक्रम की मेजबानी की और बाइडेन के पुनः चुनाव के लिए दान में लगभग दस लाख डॉलर जुटाए। एनबीसी न्यूज के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भी धन संचयन के दौरान उपस्थित हुए। इस बीच न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी ने कहा है कि रॉन डेसेंटिस को आयोवा कॉकस वोट में बने रहने की उम्मीद कम है। यहां मैं, ट्रम्प और निक्की होंगे।

**बाइडेन के चुनाव के लिए दान में लगभग दस लाख डॉलर जुटाए**

हिलेरी की धन उगाहने की क्षमता ही बाइडेन को एकमात्र समर्थन नहीं है, क्लिंटन भी बाइडेन के हाई-प्रोफाइल सरोगेट्स में से एक के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।

बाइडेने को नए साल में अपने अभियान में एक कठिन क्षण का सामना करना पड़ रहा है, इसमें 18 से 29 वर्ष के बीच के युवा बड़े पैमाने पर सवाल उठा रहे हैं और लोगों की उम्र और संज्ञानात्मक क्षमताओं में कथित गिरावट के कारण लोगों के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर शासन करने की ट्रम्प की क्षमताओं पर सवाल उठा रहे हैं और अन्य लोग बाइडेन पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी आर्थिक नीतियों के कारण पिछले वर्ष नौ प्रतिशत की सर्वकालिक उच्च मुद्रास्फीति हुई। कुछ लोगों ने इज़राइल सरकार को उनके अटूट समर्थन पर भी सवाल उठाया है, जिसने गाजा में सैकड़ों और हजारों निर्दोष नागरिकों को भारी क्षति पहुंचाई है। 2020 में बाइडेन को वोट देने वाले फिलिस्तीनियों ने 2024 में उनका समर्थन नहीं करने की कसम खाई है।

## इंडोनेशिया पहुंचे तीन सौ से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी

**बाली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। म्यांमार अल्पसंख्यक समुदाय के 300 से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी कई सप्ताह तक समुद्र में भटकने के बाद पश्चिमी इंडोनेशिया के तट पर पहुंच गए हैं।

म्यांमार के करीब 180 शरणार्थियों का एक समूह स्थानीय समयानुसार शनिवार रात करीब आठ बजे नाव से आचे प्रांत के पिडी रीजेंसी के एक समुद्र तट पर पहुंचा और अन्य 135 शरणार्थी रविवार को पड़ोसी आचे बेसर रीजेंसी में उतरी। इनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रोली युइज़ा अवे ने टेलीफोन पर कहा कि अधिकारियों ने शरणार्थियों को किनारे पर रखा है। पिडी में स्थानीय सरकार ने पहले कहा था कि वह शरणार्थियों को तंबू या अन्य बुनियादी ज़रूरतें उपलब्ध कराने की ज़िम्मेदारी नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि वे कोई भी खर्च वहन नहीं करेंगे और कोई आश्रय उपलब्ध नहीं है। स्थानीय अधिकारी और निवासी रोहिंग्या को अस्वीकार कर रहे हैं और उन्हें वापस जाने को कह रहे हैं, क्योंकि पिछले



**इनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल**

महीने एक हजार से अधिक लोग आ गए थे। बुधवार को आचे के सबांग द्वीप में लगभग 150 प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए क्योंकि उन्होंने रोहिंग्या शरणार्थियों को स्थानांतरित करने का आह्वान किया था। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के सुरक्षा सहयोगी फैसल रहमान ने कहा, हम लोगों को स्थिति समझाना जारी रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि शरणार्थियों से निपटने का बोझ उन पर न पड़े।

## वर्ग पहेली 6403

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अपहरण, भगा ले जाना
४. दोपहर
६. लहू पीने वाला
७. वस्त्र
८. दूसरा समय
१०. उपस्थित (उर्दू)
११. हरा-भरा, वाटिका, उद्यान (उर्दू)
१३. विघ्न डालने वाला
१४. बधिर
१५. अधिक अच्छा (उर्दू)
१७. बह सकने के गुण वाले पदार्थ
१९. धन, संपत्ति (उर्दू)
२०. जिसकी ईश्वर पर आस्था न हो
२२. रसीला
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जो बार-बार न हो, जो एक ही बार दिया जाए (अनुदान आदि)
२. आंसू
३. सामूहिक हत्या, कत्लेआम
४. बुराई, अहित
५. चैन, आराम (उर्दू)
९. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत के देखरेख के लिए तैनात व्यक्तियों का दल
११. दोष, अपराध (उर्दू)
१२. प्रकट (उर्दू)
१३. वरयात्रा
१४. प्रचुर, अधिक
१५. निर्दोष, निरपराध (उर्दू)
१६. तूणिर, बाण रखने का चोगा
१८. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चक्कर, दौरा, भाग्य, हेरफेर (उर्दू)
२०. गीला, भीगा हुआ (उर्दू)
२३. अगर

### वर्ग पहेली-6402

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | च | ■ | १० ग | र्ज | न | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्द्ध | ■ |
| २१ अ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हा | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1787 - पेनसिल्वेनिया अमेरिका के संविधान को अंगीकार करने वाला दूसरा प्रांत बना।
1800 - वाशिंगटन डीसी को अमेरिका की राजधानी बनाया गया था।
1822 - अमेरिका द्वारा मेक्सिको को एक स्वतंत्र राष्ट के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई।
1872 - स्वतंत्रता सेनानी और हिन्दू महासभा के अध्यक्ष बालकृष्ण शिवराम मुंजे का जन्म हुआ।
1911 - भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई।
1915 - चीन के राष्टपति युवान शी की ने राजतंत्र को पुन- बहाल कर स्वयं को चीन का सम्राट घोषित किया।
1917 - फ्रेंच आल्प्स में फ्रांसीसी सेना की ट्रेन के पटरी से उतरने से 543 लोगों की मौत हो गयी।
1923 - इटली में पो नदी बांध फटने से 600 लोगों मारे गए।
1936 - चीन के नेता च्यांग काई शेक ने जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1947 - इरानी शाही सेना ने अजरबाइजान में सत्ता पर पुन- अधिकार कर लिया।
1950 - तमिल एवं हिन्दी फिल्म अभिनेता रजनीकांत का जन्म।
1958 - गिनि संयुक्त राष्ट संघ का सदस्य बना था।
1963 - केन्या स्वतंत्र हुआ।
1964 - राष्टकवि के रूप में विख्यात प्रसिद्ध हिन्दी कवि मैथिलीशरण गुप्त का निधन हुआ।
1971 - भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधायें रद्द कर दी गई।
1981 - भारत के क्रिकेट खिलाडी युवराज सिंह का जन्म हुआ।
1990 - टी.एन.शेषन मुख्य निर्वाचन आयुक्त बने।
1996 - भारत एवं बांग्लादेश के मध्य गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर।
2001 - भारत ने नेपाल को दो चीता हैलीकॉप्टर और हथियार दिये।

**राजनीति** सड़क, रेल और जल यातायात रोकने की घोषणा की

# बीएनपी की देशव्यापी नाकाबंदी आज से होगी शुरू

**ढाका,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में विपक्षी दल बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अन्य समान विचारधारा वाले दलों के साथ मंगलवार (12 दिसंबर) से देशव्यापी 36 घंटे की नाकाबंदी करने जा रही है जिसके तहत सड़क,रेल और जल यातायात की नाकाबंदी की घोषणा की गई है। यह 31 अक्टूबर से विपक्ष द्वारा शुरू किए गए नाकाबंदी कार्यक्रम का 11वां चरण है। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़्वी ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि नाकाबंदी मंगलवार सुबह छह बजे शुरू होकर बुधवार शाम छह बजे समाप्त होगी।

श्री रिजवी ने कहा कि सात जनवरी को होने वाले चुनाव को संभालने में सरकार की भूमिका में व्यापक गिरफ्तारियां और जेल सुविधाओं के भीतर और बाहर चल रही यातनाएं शामिल हैं। श्री रिजवी के मुताबिक, इन कार्रवाइयों के पीछे अंतर्निहित मकसद मतदाताओं के मन में डर पैदा करना है। विरोधी विचारों के सरकार के कथित दमन के जवाब में, श्री रिज़्वी ने मानव श्रृंखला कार्यक्रम में हस्तक्षेप और ढाका और देश के अन्य हिस्सों में श्रमिकों के अनुचित उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना दी। रविवार को बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ढाका में एक मानव श्रृंखला बनाई। नेशनल प्रेस क्लब के सामने आयोजित इस



कार्यक्रम में प्रमुख बीएनपी नेता और जबरन गायब किए जाने और राजनीतिक हत्याओं के पीड़ितों के परिवार के सदस्य शामिल हुए। मानव श्रृंखला कार्यक्रम के परिणामस्वरूप, नेशनल प्रेस क्लब के पास सड़क के एक तरफ को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नेता और कार्यकर्ता प्रेस क्लब के पास एकत्र हुए। दिन भर बीएनपी सदस्यों ने छोटे-छोटे मार्च निकाले और सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। कार्यक्रम की आधिकारिक शुरुआत में पवित्र कुरान का पाठ किया गया, जिसकी अध्यक्षता बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य सेलीमा रहमान ने की। इस दौरान उन्होंने कहा देश के लोग, फांसीवादी सरकार के खिलाफ एकजुट हैं। मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में बांग्लादेश नंबर वन है. हम सड़क पर हैं, हम सड़क पर रहेंगे। हम जुलूस निकालकर बांग्लादेश को घेरेंगे। हालाँकि, हम इस सरकार के चुनाव को स्वीकार नहीं करेंगे। सुश्री रहमान ने कहा, बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल में उचित अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। आज देश की न्यायपालिका एक व्यक्ति के आदेश के तहत चल रही है. बांग्लादेश की तरह दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है।

**समान विचारधारा वाले दल भी आए साथ**

## दुनिया को जानें

### ब्रिटिश शिक्षाविदों ने वैश्विक एआई विनियमन का किया आह्वान

**लंदन,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ के सांसदों और सदस्य देशों द्वारा शुक्रवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को विनियमित करने वाले नियमों पर समझौते का ब्रिटिश शिक्षाविदों ने स्वागत किया है, जो इसे व्यापक वैश्विक विनियमन की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानते हैं लेकिन वैश्विक मानक और सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हैं। एलिसन लुई, लिवरपूल जॉन मूरेस विश्वविद्यालय (एलजेएमयू) में ग्लोबल इंगेजमेंट एसोसिएट डीन और कॉर्पोरेट और वित्तीय कानून में रीडर, ने इस समझौते को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को विनियमित करने की दिशा में पहली वैश्विक कोशिश करार दिया, जो निश्चित रूप से एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने कहा एआई के संबंध में, बहुत सारे जोखिम हैं और उनमें से कई हमारे लिए अज्ञात हैं, इसलिए आम लोग और उपभोक्ताओं को संरक्षित करने की आवश्यकता है। कानून के रूप में विनियमन होने का लाभ यह है कि यह सभी को स्पष्टता प्रदान करता है।

देशबन्धु

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 2.69 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.44 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.67 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.17 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 1.95 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.48 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.00 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.73 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.62 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## आरबीआई ने कर्ज माफी की पेशकश वाले विज्ञापनों पर जारी की चेतावनी

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कर्ज माफी की पेशकश कर कर्जदारों को लुभाने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर चेतावनी जारी की। ऐसी संस्थाओं द्वारा बिना किसी अधिकार के 'ऋण माफी प्रमाणपत्र' जारी करने के लिए सर्विस/लीगल फीस वसूलने की खबरें हैं। आरबीआई ने कहा कि ये संस्थाएं प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ऐसे कई कैंपेन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, 'जनता को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे झूठे और भ्रामक अभियानों का शिकार न बनें और ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन एजेंसियों से करें।' यह भी हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर, कुछ व्यक्तियों द्वारा अभियान चलाए जा रहे हैं, जो बैंकों से ली जाने वाली प्रतिभूतियों पर अपने अधिकारों को लागू करने के बैंकों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। 'ऐसी संस्थाएं गलतबयानी कर रही हैं कि बैंकों समेत




वित्तीय संस्थानों का बकाया चुकाने की जरूरत नहीं है।'

आरबीआई के बयान में कहा गया है, 'ऐसी गतिविधियां वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और सबसे बढ़कर, जमाकर्ताओं के हितों को कमजोर करती हैं। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़ने से प्रत्यक्ष वित्तीय नुकसान हो सकता है।'

### आरबीआई सर्वेक्षण में 19 प्रमुख शहरों में उपभोक्ताओं का विश्वास रहा स्थिर

आरबीआई के सोमवार को जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार, वर्तमान अवधि में देश में उपभोक्ता विश्वास स्थिर बना हुआ है, क्योंकि वर्तमान सामान्य आर्थिक स्थिति और रोजगार पर उच्च निराशावाद वर्तमान आय पर सकारात्मक बदलाव से संतुलित हुआ है। नवंबर 2023 दौर के आरबीआई के द्विमासिक उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण में कहा गया है कि वर्तमान स्थिति सूचकांक पिछले उपभोक्ता सर्वेक्षण दौर से 92.2 पर अपरिवर्तित रहा। परिवारों की वर्तमान कमाई का आकलन जुलाई 2019 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और भविष्य की आय की उम्मीदों में भी और सुधार हुआ। हालांकि, सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्ताओं ने वर्तमान और भविष्य दोनों मूल्य स्थितियों पर नकारात्मक भावनाएं बरकरार रखी हैं। सर्वेक्षण 19 प्रमुख शहरों में सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार परिदृश्य, समग्र मूल्य स्थिति और स्वयं की आय और खर्च पर परिवारों की वर्तमान धारणाओं (एक साल पहले की तुलना में) और एक वर्ष आगे की अपेक्षाओं को एकत्र करता है।

उत्तरदाता सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार, आय और व्यय के लिए एक वर्ष आगे की संभावनाओं पर काफी आशावादी रहे; हालाँकि, सामान्य आर्थिक और रोज़गार स्थितियों पर विश्वास पिछले सर्वेक्षण दौर की तुलना में थोड़ा कम था, जिसके कारण सकारात्मक क्षेत्र में भविष्य की उम्मीदों के सूचकांक (एफईआई) में कमी आई, जैसा कि सर्वेक्षण में कहा गया है।

## अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ सकती है अर्थव्यवस्था: एक्सिस बैंक

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने आज कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के मामले में आश्चर्यचिकत कर सकती है और मार्च 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में विकास दर 7 प्रतिशत रह सकती है लेकिन अगले वित्त वर्ष में इसके 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री और एक्सिस कैपिटल के वैश्विक शोध प्रमुख नीलकंठ मिश्रा ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में इंडिया इकॉनोमिक एंड मार्केट आउटलुक रिपोर्ट को जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि अगले वित्त वर्ष में इसमें कुछ नरमी दिख सकती है और इसके 6.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि औसत खुदरा महंगाई के चालू वित्त वर्ष में 5.6 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 4.8 प्रतिशत रहने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष में चालू खाता घाटा 1.4 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में इसके 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसी तरह से चालू वित्त वर्ष में राजस्व घाटा 8.9 प्रतिशत तक रह सकता है और अगले वित्त वर्ष में यह 8.3 प्रतिशत पर आ सकता है। श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसे पॉजिटिव सरप्राइज लगातार दिये जाते रहेंगे, जो ट्रेंड-विकास धारणाओं को नए सिरे से ऊपर उठाने में सहायक होंगे और भारत के जीडीपी पूर्वानुमानों से बढ़कर प्रदर्शन होगा। दुनिया की प्रतिकूल परिस्थितियां बढ़ने से वित्त वर्ष 2025 में विकास में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिकूलताओं को दूर करते हुए घरेलू लचीलापन जारी रहने की संभावना है। कई विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि आश्चर्यजनक रूप से सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य की ओर लौटेगी लेकिन राहत के विकल्प सीमित होंगे। बैंक को उम्मीद है कि मुख्य मुद्रास्फीति धीमी गति से बनी रहेगी, क्योंकि महामारी से पहले के मुकाबले जीडीपी का अंतर कम हो रहा है।

## टाटा पावर, इंडियन ऑयल ने 500 ईवी चार्जिंग पॉइंट के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। टाटा पावर और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने देश भर में तेल विपणन कंपनी के पेट्रोल पंपों पर 500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग पॉइंट शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। टाटा पावर के एक बयान के अनुसार, ये ईवी चार्जिंग पॉइंट मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद, पुणे और कोच्चि जैसे प्रमुख शहरों के साथ-साथ मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे, सलेम-कोच्चि हाईवे, गुंटूर-चेन्नई हाईवे जैसे प्रमुख राजमार्गों पर स्थापित किए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि यह रणनीतिक सहयोग एक विश्वसनीय और विस्तृत इंटरसिटी चार्जिंग नेटवर्क बनाने पर केंद्रित है जो शहरों के बीच यात्रा करने वाले ईवी मालिकों के लिए रेंज की चिंता को कम करने में मदद करेगा। यह समझौता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) द्वारा पिछले सप्ताह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 7,000 चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद हुआ है। बीपीसीएल ने कहा, 'समझौते का उद्देश्य बीपीसीएल के व्यापक ईंधन स्टेशनों के नेटवर्क और सड़कों पर टाटा ईवी से टीपीईएम की जानकारी का लाभ उठाना है, ताकि टाटा ईवी मालिकों द्वारा अक्सर आने वाले स्थानों पर चार्जर स्थापित किया जा सके।



## काइनेटिक ग्रीन ने लांच किया जुलु ई स्कूटर

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता काइनेटिक ग्रीन ने नया इलेक्ट्रिक स्कूटर जुलु लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज इसके लांच के मौके पर 'प्लैनेट एट अवर हार्ट' के साथ एक नई ब्रांड पहचान का भी अनावरण किया। इस मौके पर काइनेटिक ग्रीन के संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, 'यह काइनेटिक ग्रीन परिवार और बड़े पैमाने पर ईवी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। काइनेटिक ग्रुप को काइनेटिक होंडा स्कूटर और काइनेटिक लूना जैसे क्रांतिकारी दोपहिया वाहनों के लिए लाखों लोगों द्वारा जाना और पसंद किया गया है। हमारे ई-स्कूटर जुलु के लॉन्च के साथ, काइनेटिक ग्रीन यह घोषणा करते हुए उत्साहित है कि हम आने वाले वर्षों में अपने ग्राहकों के लिए 2-पहिया और 3-पहिया वाहनों की एक श्रृंखला विकसित करेंगे और लाएंगे और अब ' ग्रीन' अवतार में। मैं समाज के लिए नवाचार और सेवा की महान काइनेटिक विरासत को आगे बढ़ाने में सक्षम होने और अब इसमें 'स्थायी गतिशीलता' का एक नया अध्याय जोड़ने में सक्षम होने के लिए धन्य और गौरवान्वित हूं। काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन शून्य-उत्सर्जन वाहन होंगे, जिससे हमारा ग्रह हरा-भरा और वायु स्वच्छ बनेगा। वे बहुत कम परिचालन लागत के साथ ग्राहकों के लिए बढ़िया मूल्य और बचत भी लाएंगे। हम वास्तव में इस नए अवतार में दोपहिया यात्रा फिर से शुरू करने के लिए उत्साहित हैं! इसके अलावा, हमारी रीब्रांडिंग जनता के लिए नवीन और सतत गतिशीलता समाधानों की खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जैसे ही हम हरित प्रौद्योगिकी के इस युग में प्रवेश कर रहे हैं, नई ब्रांडिंग ब्रांड के इस इरादे और नेतृत्व को बढ़ावा देगी।'

काइनेटिक ग्रीन का नया जुलू अद्वितीय सुविधाओं और नवाचारों, उल्लेखनीय गति, व्यापक रेंज और शानदार कंफर्ट से भरपूर है। यह वाहन को ईवी पर स्विच करने के इच्छुक लोगों और युवाओं और जेन जेड के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाता है, जिनके लिए जुलू संभवत: स्वतंत्रता और गतिशीलता में उनका पहला प्रयास होगा।

## सार संक्षेप

### रुपया तीन पैसे चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजार की जारी तेजी के साथ ही आयातकों एवं बैंकरों कि बिकवाली से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे की बढ़त लेकर 83.37 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.40 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया एक पैसे बढ़कर 83.39 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.37 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद हुआ। वहीं, लिवली होने से यह 83.40 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### देश में इस साल ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की नियुक्ति 7.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में ब्लू-कॉलर कार्यबल में 2023 में नियुक्ति में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें लॉजिस्टिक्स, निर्माण और रियल एस्टेट, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी शानदार नौकरी के अवसरों के लिए टॉप सेक्टर के रूप में उभरे। नियुक्ति में वृद्धि के मामले में कोलकाता लीडिंग मेट्रो सिटी के रूप में उभरा। पुणे और चंडीगढ़ रोजगार के अवसरों में पर्याप्त प्रगति प्रदर्शित करते हुए टॉप-टियर 2 शहर रहे। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के अनुसार, एसएमबी की वृद्धि, शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, सर्विस सेक्टर का विस्तार और लागत प्रभावी श्रम बाजार सहित कई फैक्टर्स इन शहरों में बढ़ती नौकरी वृद्धि में योगदान दे रहे हैं। इनडीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, '2023 में विशेष रूप से टियर-2 शहरों में नियुक्ति में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, नई तकनीक अपनाने वाले संगठन उज्वल भविष्य के लिए नौकरी चाहने वालों के बीच स्किल्स बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।' ब्लू-कॉलर नियोक्ताओं (49 प्रतिशत) ने 2023 में जनरेशन जेड टैलेंट (26 साल से कम उम्र वाले) की तलाश की, जबकि वाइट-कॉलर (41 प्रतिशत) ने मिलेनियल (27 से 41 की उम्र के) उम्मीदवारों की तलाश की।

### मस्क ने कंट्रोवर्शियल एलेक्स जोन्स का एक्स अकाउंट किया बहाल

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क ने रेडियो कार्यक्रम प्रस्तोता एलेक्स जोन्स का एक्स अकाउंट बहाल कर दिया है। बता दें कि जोन्स को कंपनी की अपमानजनक व्यवहार नीति का उल्लंघन करने के लिए 2018 में ट्विटर से निलंबित कर दिया गया था। पिछले हफ्ते मस्क ने कहा था कि वह जोन्स को बहाल करने पर विचार करेंगे। मस्क ने पोस्ट किया, 'चूंकि यह प्लेटफॉर्म ग्लोबल टाउन स्क्वायर बनने की आकांक्षा रखता है, इसलिए परमानेंट बैन अत्यंत दुर्लभ होना चाहिए।' मस्क ने रविवार को एक्स पर एक सर्वेक्षण शुरू करने के बाद बहाली की पुष्टि की, जिसमें लगभग 2 मिलियन वोट मिले, इसमें लगभग 70 प्रतिशत जोन्स को बहाल करने के पक्ष में थे। मस्क ने जवाब में पोस्ट किया, 'लोगों ने बात की है और ऐसा ही होगा' उन्होंने कहा कि जोन्स 'कानून नहीं तोड़ सकते।

## सेंसेक्स 70 हजार और निफ्टी 21 हजार अंक के करीब

**मुंबई,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के नए वर्ष से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की संभावना में विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सेंसेक्स 70 हजार और निफ्टी 21 हजार अंक के करीब पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 102.93 अंक की तेजी के साथ 69928.53 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.70 अंक बढ़कर 20997.10 अंक पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार दिग्गज कंपनियों से अधिक रही। इससे मिडकैप 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर 35,610.50 अंक और स्मॉलकैप 0.71 प्रतिशत उछलकर 41,394.60 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4035 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 1467 में बिकवाली हुई वहीं 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियाँ लाभ जबकि शेष 22 नुकसान में रही। बीएसई में तेल एवं गैस और हेल्थकेयर समूह की 0.38 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 1.16, सीडी 0.50, ऊर्जा 0.09, एफएमसीजी 0.60, वित्तीय सेवाएं



0.13, इंडस्ट्रियल्स 0.82, आईटी 0.37, दूरसंचार 0.44, यूटिलिटीज 0.67, ऑटो 0.48, बैंकिंग 0.04, कैपिटल गुड्स 0.76, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.42, धातु 1.10, पावर 0.59, रियल्टी 0.92, टेक 0.32 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.95 प्रतिशत की तेजी रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.02, जापान का निक्केई 0.50 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.74 प्रतिशत की मजबूती रही। वहीं, ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.32 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.81 प्रतिशत फिसल गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 100 अंक की तेजी के साथ 69,925.63 अंक पर खुला और थोड़ी देर बाद ही 70,057.83 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 69,782.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 69,825.60 अंक की तुलना में 0.15 प्रतिशत बढ़कर 69,928.53 अंक पर रहा।

निफ्टी मामूली गिरावट के साथ 20,965.30 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 21,026.10 अंक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर जबकि 20,923.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,969.40 अंक के मुकाबले 0.13 अंक उठकर 20,997.10 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिमको 3.04, नेस्ले इंडिया 1.30, पावरग्रिड 1.05, टाटा मोटर्स 0.85, इंडसइंड बैंक 0.82, एचसीएल टेक 0.81, एनटीपीसी 0.74, आईटीसी 0.70, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.67, टाटा स्टील 0.66, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, टेक महिंद्रा 0.59, टीसीएस 0.44, कोटक बैंक 0.36, एलटी 0.17, रिलायंस 0.12, एसबीआई 0.06 और सन फ़ार्मा 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एक्सिस बैंक 1.26, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.99, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.67, मारुति 0.59, बजाज फिनसर्व 0.43, विप्रो 0.39, बजाज फाइनेंस 0.23, भारती एयरटेल 0.21, एचडीएफसी बैंक 0.14, इंफ़ोसिस 0.13 और टाइटन ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## विद्यार्थियों को जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी में कौशल प्रदान करने का समझौता

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। अग्रणी शोध संस्थान सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी (सीकेएस) और भौगोलिक सूचना प्रौद्योगिकी (जीआईएस) समाधान क्षेत्र की कंपनी एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज़ ने देश में विद्यार्थियों को किसी जगह-जमीन की स्थिति की जांच-परख और नियोजन में सहायक को जियोस्पैटियल टेक्नोलाजी का कौशल प्रदान करने का कार्यक्रम चलाने के लिए हाथ मिलाया है। सोमवार को यहां आयोजित इस समझौते के बारे में जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, 'मास्टर मेंटर्स जियो एनेबलिंग इंडियन स्कॉलर्स' (एमएमजीआईएस) प्रोग्राम का लक्ष्य आठवीं कक्षा से स्नातक स्तर के विद्यार्थी हैं और इसके तहत भारत को जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी के लिए भारत को एक वैश्विक कौशल और नवाचार हब बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष किरण कुमार की मौजूदगी में इस सहमति ज्ञापन पर सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी के सचिव विनीत गोयनका और एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

**प्रोग्राम का लक्ष्य आठवीं कक्षा से स्नातक स्तर के विद्यार्थी हैं और इसके तहत भारत को जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी के लिए भारत को एक वैश्विक कौशल और नवाचार हब बनाने का लक्ष्य रखा गया**

बयान के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष एक लाख विद्यार्थियों को समर्थ बनाने के लक्ष्य के साथ स्कूल और कॉलेज स्तर पर जियोस्पैटियल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसरो के पूर्व चेयरमैन किरण कुमार, आईएमडी के पूर्व महानिदेशक डाक्टर केजे रमेश और भारत के पूर्व महासर्वेक्षक गिरीश कुमार जैसे अग्रणी वैज्ञानिकों के निर्देशन में उदीयमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर अगली पीढ़ी के जियोस्पैटियल अनुसंधान एवं नवोचर के लिए मंच तैयार करने के लिहाज से इस प्रोग्राम को डिजाइन किया गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कार्यक्रम को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जनवरी, 2024 में शुरू किया जा रहा है और पूर्ण रूप से इसे जून, 2024 में प्रारम्भ किया जाएगा।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि मूंग दाल सस्ती हो गई वहीं गेहूं के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 3635 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 सेंट की तेजी के साथ 50.38 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 74 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 110 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में मूंग दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष दाल-दलहन में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

## यूपी में कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 14 दिसम्बर तक आवेदन कर सकेंगे किसान

**लखनऊ,** 11 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने का अवसर किसानों को उपलब्ध करा रही है। कृषि यंत्र वितरण के लिए लाभार्थी चयन में पहले आओ-पहले पाओ व्यवस्था को समाप्त कर प्राप्त आवेदन के लिए बुकिंग में ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी के चयन की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। अभी 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के आवेदन के लिए बुकिंग प्रक्रिया चल रही है। कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं- एनएफएसएम, एसएमएएम, एनएमएओ (ओएस-टीबीओ) में कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन व बुकिंग 30 नवंबर से चल रही है जो 14 दिसंबर तक चलेगी। समस्त बुकिंग की सूची से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष रखी जाएगी। विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा।

कृषि विभाग के अनुसार, लाभार्थी/कृषक विभागीय दर्शन पोर्टल पर 'यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ई-लॉटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरुप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों



की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी। लक्ष्य की पूर्ति न होने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थी का चयन किया जायेगा। ई-लॉटरी हेतु स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों को संबंधित जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। लेजर लैंड लेवलर, पोस्ट होल डीगर, पोटैटो प्लान्टर, पोटैटो डीगर, शुगर केन कटर प्लांटर, शुगर केन थ्रेस कटर, शुगर केन रेटून मैनेजर, हैरो, कल्टीवेटर, पावर स्प्रेयर, मल्टीक्रॉप थ्रेसर, पावर चैफ कटर, स्ट्रा रीपर, ब्रस कटर, मिनी राइस मिल, मिनी दाल मिल, मिलेट मिल, सोलर ड्रायर, ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, पैकिंग मशीन, रोटावेटर, ट्रैक्टर माउण्टेड स्प्रेयर, ब्रिकेट मेकिंग मशीन, यूरिया डीप प्लेसमेन्ट एप्लीकेटर, सेल्फ प्रोपेल्ड यंत्र, पावर टिलर, पावर वीडर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस.एम.एस., राइस ट्रांसप्लांटर, जीरो टिल मल्टीक्रॉप प्लांटर, मेज सेलर, हैप्पी सीडर, रीपर कम बाइण्डर, सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर, छोटा गोदाम, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग आदि पर अनुदान का लाभ मिलेगा।

# कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने पद से दिया इस्तीफा



**कवर्धा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में कांग्रेस की हार को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए यह इस्तीफा दिया है। सत्ता परिवर्तन के बाद इस प्रकार का उलटफेर तो लाजमी था किंतु ये बात अलग है कि कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने नगर पालिका कवर्धा में कोई दखल नहीं करने की बात कही थी। अब अध्यक्ष पद रिक्त होने पर जल्द ही नए अध्यक्ष पद का चुनाव हो सकता है। चूंकि नगर पालिका क्षेत्र में कांग्रेस बहुमत में है इसलिए कांग्रेस पार्षद ही नगर पालिका अध्यक्ष बन सकते हैं।

■ मोहम्मद अकबर के हार की ली जिम्मेदारी

ऋषि कुमार शर्मा कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के काफी करीबी माने जाते हैं और विधानसभा चुनाव में उनकी भूमिका अहम थी।विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर की करारी हार को उन्होंने अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्याग पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा को सौंपा है। बता दें कि कवर्धा नगर पालिका में 19 कांग्रेस पार्षद, भाजपा से 6 पार्षद और 1 निर्दलीय पार्षद हैं।

विधानसभा चुनाव में पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर को मिली करारी हार की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया है। इसके बाद ऋषि शर्मा केवल अब पार्षद रहेंगे।

ऋषि शर्मा ने अपना इस्तीफ़ा सौंपते हुए कहा है कि शहर में 45 वार्ड है, जिसमें से 35 वार्डों में मोहम्मद अकबर को हार का सामना करना पड़ा। चूंकि मैं नगर पालिका का अध्यक्ष हूं इसलिए मैं अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस पद को त्याग करता हूं।

ऋषि शर्मा ने अपने चार साल के कार्यकाल से खुद को संतुष्ट बताया है और जनता के जनादेश को सर्वोपरि बताते हुए शहर के विकास की गति मिलने की कामना की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि जनता के बीच जाकर जो बातें हम बताने में असफल हुए है उसे अब उनके बीच जाकर समझाया जाएगा। साथ ही विजय शर्मा को जीत और डिप्टी सीएम बनने की भी उन्होंने बधाई दी है।

### ऑडियो वायरल पर कहा- निजता का हनन है

पिछले दिनों ऋषि शर्मा का एक ऑडियो भी व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल हुआ था। इसमें उन्होंने भाजपा के उमंग पांडेय को अगला नगर पालिका अध्यक्ष रूप में प्रपोज करते हुए सुनाई पड़ रहे थे। इस पर ऋषि शर्मा ने कहा है कि उस ऑडियो के बारे में किसी भी तरह की बातचीत नहीं करना चाहूँगा, ये मेरे निजता का हनन है। मैंने अपने अधिवक्ता से बात की है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए अलग से प्रावधान रखा है। मैं आने वाले समय में इस पर अपनी बात रखूंगा।

# सिरपुर चौकी प्रभारी की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,** 11 दिसंबर (देशबंधु)। सिरपुर चौकी प्रभारी के मनमानी को लेकर महासमुन्द नव निर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हाए पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा के निर्देश पर सासंद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, भाजपा नेता जितेन्द्र साहू, जगन्नाथ छुरा, शुभम पांडे, मनोज सिन्हा के नेतृत्व में आज सिरपुर क्षेत्र के जनता बडी संख्या में महासमुन्द कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर कलेक्टर से शिकायत कर चौकी प्रभारी पर कार्यवाही करने की मांग की। जिला पुलिस अधिक्षक कार्यलय में नारेबाजी करते हुये ज्ञापन सौंपा। सिरपुर क्षेत्र से आये ग्रामिणों ने बताया कि चौकी प्रभारी द्वारा रेत का व्यापार कर रहे बडे लोगों का सहयोग कर हाईवा जैसे बडे वाहनों से रेत सप्लाई पर पुरा सरंक्षण देते है और उसी क्षेत्र के जनता जब अपने मकान निर्माण जैसे कार्यो के लिये छोटे ट्रेक्टर से रेत ले जाने पर चौकी प्रभारी कार्यवाही करते हुये वाहन की जप्ती करते है, पैसा की मांग करते है, धमकाते चमकाते है। चौकी प्रभारीयों के इन कृत्य से ग्रामीण बहुत परेशान है। सिरपुर क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि रात में यदि रेत सप्लाई हो तो सभी ग्रामीण मिल के हाईवा को रोके और मुझे सूचना करे, तुरंत कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान सिरपुर उप सरपंच भारत साहू, शंकर ध्रुव, राजेश ठाकुर, गोपी ध्रुव, केशव साहू, मोहन सेन, लोकेश साहू, बलराम निषाद, संतोषी निषाद, भूपेन्द्र धीवर, रोहित ध्रुव, हेमलाल यादव, सिताराम यादव, राजेश यादव, सुरेश मिरी, सुमन गोस्वामी, परमेश्वर सेन, तुलसी साहू, राकेश निषाद, चन्द्रशेखर वैष्णव, मंशाराम, टिकम भास्कर, सुखेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में सिरपुर क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



# पार्षद ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण, सहायिका मिली नदारद



**बेमेतरा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज वार्ड क्रमांक 03 में स्थित आंगनबाड़ी का निरीक्षण पार्षद नीतू कोठारी द्वारा किया गया साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ भोजन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आंगनबाड़ी की सहायिका रजनी मरावी अनुपस्थित मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी सहायिका 3 वर्षों से आंगनबाड़ी नही आ रहीं है जबकि सहायिका के मानदेय का भुगतान महिला एवं बाल विकास द्वारा किया जा रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि आंगनबाड़ी की सहायिका आंगनबाड़ी न आकर पूर्व विधायक के यहां कार्य करती है आंगनबाड़ी में सहायिका न होने से बच्चों के लिये भोजन पकाने में कठिनाई होती है। वार्डवासियों की समस्या से अवगत होने के पश्चात पार्षद नीतू कोठारी ने महिला एवं बाल विकास के अधिकारी विद्याधर पटेल से फोन के माध्यम से समस्या को अवगत करा कर कहा कि सहायिका आंगनबाड़ी में 3 वर्षों से अनुपस्थित है तो इन्हें मानदेय का भुगतान कैसे किया जा रहा है। मामला बहुत गंभीर है इस मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करते हुये आंगनबाड़ी सहायिका को कार्यस्थल पर भेजना सुनिश्चित करें।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों की मौत

### परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम कापन में प्रसव के दौरान जज्जा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



जांजगीर जिले के कापन गांव में रहने वाली फूल बाई का परिवार उस वक्त मातम में डूब गया जब प्रसव के दौरान फूल बाई के साथ ही उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। प्रसव पीड़ा होने पर फूल बाई को स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया। महिला का सामान्य प्रसव कराने का काफी प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर शिशु को बाहर निकाला लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। इधर ऑपरेशन के बाद फूल बाई की भी सेहत बिगड़ी और अंत में उसकी भी जान चली गई। जच्चा-बच्चा की मौत होने से परिवार में मातम का माहौल पसर गया है। घटना की सूचना नैला पुलिस चौकी को दे दी गई है। मामले में मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पुलिस ने मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

# प्रेशर बम चपेट में आने से दो जवान घायल



**सुकमा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। नक्सलियों के द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी चपेट में आने से दो जवान घायल हुए हैं, वहीं घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है घायल जवानों का इलाज रायपुर में जारी है। पुलिस का कहना है कि सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्रांतर्गत कैम्प डब्बामरका से जिला बल, सीआरपीएफ 217 वाहिनी एवं कोबरा 208 वाहिनी की संयुक्त पार्टी सालातोंग में रोड निर्माण सुरक्षा ड्यूटी हेतु रवाना हुए थे। इस अभियान के दौरान लगभग 10-15 बजे सालातोंग के पास प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से 02 जवान घायल होने की सूचना है। घायल जवान को प्राथमिक उपचार पश्चात बेहतर उपचार हेतु डब्बामरका एयरलिफ्ट कर रायपुर ले जाएगा। घायल जवानों का इलाज रायपुर में जारी है। वहीं इस घटना के बाद इलाके में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दी गई है।

■ एयरलिफ्ट कर लाया गया रायपुर, इलाज जारी

अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही

# स्वास्थ्य केंद्र में लटका रहा ताला, प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को नहीं मिली मदद

**बलरामपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के बरतीकला गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है. प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को लेकर जब परिजन तड़के कड़ाके की ठंड में स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे तो ताला बंद था. जिम्मेदार स्टाफ को काफी फोन लगाया गया उसके बाद भी मदद नहीं मिली. इस बीच मजबूर होकर मितानिन के सहयोग से अस्पताल परिसर में बने शेड में डिलेवरी कराया गया. उसके बाद सुबह जब अस्पताल प्रबंधन जागा तो मरीज को बेड में शिफ्ट किया गया।



■ मितानिन के सहयोग से परिसर में बने शेड में हुई डिलेवरी

जानकारी के अनुसार, बरतीकला गांव निवासी शिव प्रसाद देवांगन की बहू गर्भवती थी. जिसे रविवार शाम को परिजन डॉक्टर को दिखाने आए थे तो डॉक्टर ने कह दिया घर ले जाओ अभी समय नहीं हुआ है. उसके बाद सभी घर चल दिए. वहीं तड़के 4 बजे अचानक दर्द होने से महिला को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां पर ताला बंद होने के कारण काफी देर तक परिजन परेशान होते रहे, काफी फोन लगाने के बाद भी स्वास्थ्य केंद्र के जिम्मेदार स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचे. जिसके बाद मितानिन के सहयोग से अस्पताल परिसर में बने सेड में डिलेवरी कराया गया. उसके बाद जब सुबह 8 बजे अस्पताल प्रबंधन के लोग पहुंचे तब जाकर जच्चा-बच्चा को बेड में शिफ्ट किया गया.

परिजन शिव प्रसाद देवांगन ने बताया कि बीते रात अस्पताल में पहुंचकर हमने अपनी बहू का इलाज कराया था. जहां पर डॉक्टरों ने कह दिया था कि अभी समय पूरा नहीं हुआ है, आप घर ले जा सकते हैं. फिर हमने जब घर ले आया तो प्रात: 4-00 बजे प्रसव पीड़ा होने लगी. जिसके बाद हमने बरतीकला स्वास्थ्य केंद्र में उसे एडमिट करने के लिए पहुंचे तो हॉस्पिटल बंद था और काफी फोन भी हमने लगाया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया. मितानिन के सहयोग से बाहर बने सेड में उसका डिलेवरी हुआ है.

इस पूरे मामले में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशांक गुप्ता ने कहा कि अगर इस प्रकार की लापरवाही बरती गई है तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी. हालांकि अभी तक मेरे पास इसकी कोई लिखित शिकायत नहीं आई है. शिकायत आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर के प्रयासों से ममता के आंखों की रोशनी वापस आई

**बलौदाबाजार,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के मानवीय प्रयासों से ममता टंडन को एक नई रोशनी मिली है। बचपन से आंखों में संक्रमण की शिकार हुई आर्थिक रूप से कमजोर ममता की सफल कॉर्नियल ट्रांसप्लांट की गई है जिससे अब उनको देखना प्रारंभ हो गया हैं। भाटापारा तहसील के अंतर्गत ग्राम राजाढार की निवासी 23 वर्षीय ममता टंडन जब दो वर्ष की थी तब उल्टी दस्त के दौरान उसकी आँखों में संक्रमण हुआ जिससे उसकी आँखों की रौशनी जाती रही। उस समय काफी प्रयास के पश्चात भी वह ठीक नहीं हुई और अंधत्व की स्थिति निर्मित हो गई। इसकी जानकारी जब जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर को हुई तब उन्होंने पहल करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार को इस बात से अवगत कराया गया। तब उनके द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मरीज के ऑपरेशन की व्यवस्था रेड क्रॉस फंड के माध्यम से की गई। जिसके तहत उनको 65 हजार रूपये मुहैया कराया गया।

मरीज का रायपुर के एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक कॉर्नियल ट्रांसप्लांट किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महिस्वर ने बताया की छह साल पहले सिविल अस्पताल, भाटापारा द्वारा प्रयास किया गया था और मरीज को कॉर्निया प्रत्यारोपण के लिए सूची में रखा गया था और प्रत्यारोपण के लिए दाता का इंतजार किया जा रहा था। वर्ष 2023 में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (चिरायु) भाटापारा की चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारा राम ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र माहेश्वरी को इस बात से अवगत करवाया तब खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने जिला कार्यालय को केस के संबंध में जानकारी दी। ममता टंडन के परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण सी है। अब चूंकि मरीज की आयु 23 वर्ष हो चुकी थी ऐसे में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ इस कारण नहीं मिल पा रहा था। जिस कारण निजी अस्पताल में होने वाले खर्च के संबंध में कलेक्टर चंदन कुमार को अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए जिला रेड क्रॉस समिति से उक्त ऑपरेशन के लिए राशि स्वीकृत की और मरीज का रायपुर के एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक कॉर्नियल ट्रान्सप्लांट ऑपरेशन किया गया। चिरायु की चिकित्सा अधिकारी डॉ शारा राम भी परिजनों के सहयोग हेतु साथ थीं। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार कार्निया आंखों में प्रकाश की किरणों को रेटिना में केंद्रित करने का कार्य करता है जिससे हमें दिखाई देने में मदद मिलती है। किसी कारणवश यदि यह क्षतिग्रस्त हो जाती है तो व्यक्ति में दृष्टिहीनता पैदा होती है।कॉर्नियल ट्रांसप्लांट में कॉर्निया के पूरे या उसके कुछ हिस्से को हटाने और इसे स्वस्थ दानदाता से बदलने की क्रिया की जाती है। मरीज के परिजनों ने कलेक्टर चंदन कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग को इस ऑपरेशन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

■ जिला रेडक्रॉस समिति के माध्यम से हुआ आंखों का सफल कॉर्नियल ट्रांसप्लांट

# स्काउटिंग के सर्वोच्च ट्रेनिंग लीडर ट्रेनर कोर्स में सम्मिलित हुए जगदीश साहू

**बलौदाबाजार,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। गत दिवस भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी द्वारा 53 वें लीडर ट्रेनर कोर्स का आयोजन 1 से 7 दिसंबर तक किया गया। जिसमें देशभर के 40 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ से तीन प्रतिभागी जगदीश कुमार साहू, पूनम सिंह साहू तथा नागेश्वर साहू ने प्रतिनिधित्व किया। विदित हो कि जगदीश कुमार साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू में व्याख्याता के पद पर कार्यरत है तथा स्काउटिंग के क्षेत्र में अपनी कार्यशैली के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में ख्यातिलब्ध है।



स्काउटिंग की सर्वोच्च ट्रेनिंग में में सम्मिलित होने हेतु इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयाँ प्रेषित की है। इनमें सर्व श्री जिला मुख्य आयुक्त बलौदाबाजार स्काउट डा. अजय राव, भारत स्काउट गाइड जिलाध्यक्ष रामाधार पटेल, सहायक राज्य संगठन आयुक्त के आर कश्यप, सहायक राज्य आयुक्त इनुराम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष बघेल, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती वंदना तिवारी, नीरज बाजपेयी, पीयूष मिश्रा, नरेश केशरवानी, जिला संगठन आयुक्त द्वय सूरज कसार, नेहा उपाध्याय, शंकर लाल साहू, पूनम सिंह साहू, पीताम्बर दास मानिकपुरी सहित, शा उ मा वि डमरू के बी.आर. श्रेय, कृपासिंधु बघमार, मुंशीराम साहू, मनोहर साहू, रामलाल साहू, राजेश साहू, महेंद्र जांगड़े, हेमन्त साहू, सुरेंद्र पैकरा, खम्भन पैकरा, चंद्रशेखर पटेल, चंद्रशेखर साहू, श्रीमती स्मिता चंदेल, कु. मंजू डहरिया, श्रीमती गायत्री देवांगन विद्यालय परिवार सहित, साहित्य मित्र बलदेव भारती, नरेंद्र वर्मा, अजय अमृतांशु, कन्हैया साहू अमित, मनीराम साहू मितान, इंद्राणी साहू, चन्द्रकिरण शर्मा, वंदना गोपाल शर्मा, संदीप परगनिहा, मोहन निशाद आदि ने शुभकामनाएं दी।

# 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अंबिकापुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में एक 12वी की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। छात्रा के पिता ने एक युवक पर आरोप लगाया है कि वह छात्रा की फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट कर आपत्तिजनक शब्द लिखकर उसे बदनाम कर रहा था। इससे छात्रा परेशान थी। मामला अंबिकापुर के मणिपुर थाना क्षेत्र के मठपारा का है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, दरीमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी अंबिकापुर में अपने मामा के घर रहकर 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। जहां उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मणिपुर पुलिस शव को फंदे से उतारा। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि पड़ोस गांव के रहने वाले एक युवक से छात्रा मोबाइल में बात करती थी। युवक ने छात्रा की फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट कर आपत्तिजनक शब्द लिखकर उसे बदनाम किया था। इससे छात्रा बहुत क्षुब्ध थी। इसी कारण से उसकी आत्महत्या की है। परिजनों ने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

■ पड़ोस गांव के युवक ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक शब्द के साथ डाला था फोटो

NECC

| 12.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 5.85 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 6.90 | 90 | 165 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा
दर्जन अंडा 83 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### बच्चों की प्रताड़ना : दोषियों को कड़ी सज़ा मिले

देश भर की तरह छत्तीसगढ़ में भी कई बार स्कूली बच्चों की जो प्रताड़ना होती है वह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, दिल दहला देने वाली भी होती है। इसके बारे में शिक्षकों एवं स्कूल प्रबन्धकों को कड़ी हिदायतें दी जानी चाहिये। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी आवश्यक है। बच्चों को इस बाबत जागरूक किया जाना चाहिये ताकि उनके साथ होने वाले उत्पीड़न की वे निर्भीक होकर परिवार वालों को जानकारी दें।

अक्सर इस आशय की खबरें सामने आती रहती हैं जो बच्चों के साथ शिक्षकों द्वारा मारपीट करने या सज़ा के तौर पर उन्हें यातना देने के मामले होते हैं। अक्सर होम वर्क न करने, पाठ याद न करने, परीक्षाओं में कम अंक आने अथवा अनुत्तीर्ण होने पर कभी उन्हें धूप में या बेंच पर घंटों खड़ा कर दिया जाता है। कई बार कक्षा के बाहर घुटनों के बल पर बैठा दिया है। वैसे तो भारत में वर्षों से ऐसी सजाओं पर कानूनन रोक लगी हुई है परन्तु पठन-पाठन की परम्परा के अनुरूप यह माना जाता है कि उन्हें ऐसी सजाएं देने से वे अनुशासित रहते हैं और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति भी जल्दी होती है। ऐसा भी होता है कि किसी भी प्रकार की बाल सुलभ शैतानी करने पर उन्हें बहुत कठोर दण्ड दिया जाता है। शिक्षकों द्वारा कठोर सजाएं देने या कोई यातना पहुंचाने से बच्चों को गम्भीर रूप से शारीरिक नुकसान पहुंचता है- कभी स्थायी तो कभी अस्थायी। उनके कोमल मन पर भी इसका विपरीत असर होता है। वे इससे आजन्म आहत व अपमानित महसूस करते हैं। कई बच्चे तो शिक्षा ही छोड़ देते हैं।

ऐसी ही एक घटना प्रदेश के कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड में चल रहे केरावाही शासकीय माध्यमिक शाला में हुई। यहां किसी बच्चे ने शौचालय के सामने गंदगी कर दी। शिक्षकों ने पूछताछ की परन्तु किसी ने भी यह काम करने से जब इंकार कर दिया तो नाराज़ शिक्षकों ने 25 बच्चों की हथेलियों पर कड़ाही में रखे गर्म तेल की बूंदें टपका दीं। इससे उनकी हथेलियों पर फफोले पड़ गये। मामला तब सामने आया जब किसी ने कुछ बच्चों की हथेलियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर दी। इससे विभागीय अधिकारियों ने पूछताछ की लेकिन शिक्षकों ने कहा कि खेल-खेल में बच्चों ने एक दूसरे के हाथों पर तेल डाला है। यदि यह सच भी है तो उन्हें शिक्षकों द्वारा रोका जाना चाहिये था। स्पष्ट है कि ऐसा खुद को बचाने के लिये शिक्षिकाएं कह रही हैं। बच्चों ने साफ संकेत दिये कि इसमें प्रधानाध्यापिका, दो शिक्षिकाओं व एक सफाई कर्मचारी का हाथ है। कुछ अन्य शिक्षक इस दौरान मौन खड़े रहे। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को चाहिये कि दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करें।

उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ, तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।
बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।
गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पांव भी मेरे उपर रख दे।

# पीएम मोदी ने लांच किया विकसित भारत 2047 पोर्टल

## कार्यक्रम से जुड़े विश्वविद्यालय के छात्र, सतत विकास और सशक्त विकास पर हुआ मंथन



**जगदलपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लांच किए जा रहे विकसित भारत 2047 आइडियाज पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम से वेबकास्ट के माध्यम से जुड़े।

विकसित भारत 2047 वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के 118 छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को सुना। इसके अलावा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 24 अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षक भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय से संबद्ध 53 महाविद्यालयों में कुल 5145 शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं कार्यक्रम से जुड़े। संभाग में लगभग 55 स्थानों पर वेबकास्ट के माध्यम से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव समेत विश्वविद्यालय के 10 प्राध्यापक राजभवन रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वे किस तरह से इस कार्यक्रम के लिए जारी क्यूआर कोड को स्कैन कर और इस कार्यक्रम के लिए जारी वेबसाइट 222.ङ्कद्वह्मह्यद्बहङ्क्वड्डुह्लड्डुह्ल2047. द्ब4द्द्श1.ड्ढठ्ठ पर भी अपने सुझाव अपलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम के तहत आगामी दिनों में अध्ययनशाओं के छात्र-छात्राओं और कॉलेज तक में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को इसमें अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित करेगा। युवाओं को विश्वविद्यालय बताएगा कि वे किस तरह से कार्यक्रम के लिए जारी क्यूआर कोड, वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल से अपने सुझाव दे सकते हैं। इस मौके पर देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2047 तक भारत की आजादी के 100 साल पूरे हो जाएंगे और तब तक हम विकसित राष्ट्र बनने पर काम करें। पीएम ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लिए आपका सुझाव विकसित भारत की भव्यता को और निखारेगा। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है कि 2047 तक हम विकसित भारत बना सकते हैं। इसका नेतृत्व युवाओं, शिक्षाविदें और छात्रों को ही करना है। पीएम ने सभी को इस अभियान के लिए अपनी शुभकमानानाएं दीं।

**विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 53 कॉलेजों में 5145 लोगों ने सुना प्रधानमंत्री को**

**विवि परिसर में सतत विकास और सशक्त भारत पर काम करने पर हुई चर्चा:** छात्रों और शिक्षकों के बीच सतत विकास और सशक्त विकास विषय पर पैनल डिस्क्शन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के संयोजक लाइब्रेरी प्रभारी डॉ. संजय डोंगरे थे। पहले पैनल में विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक बाजपेयी स्वयं शामिल हुए। कुलसचिव श्री बाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 के माध्यम से देश, प्रदेश और बस्तर के युवाओं को देश के विकास में अपने सुझाव देने का शानदार मंच प्रदान किया है। आप सभी कार्यक्रम के तहत जारी क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने सुझाव भेजें। साथ ही वेसाइट पर जाकर भी सुझाव दे सकते हैं। इस अभियान से जितना हो सके जुड़ें। सतत विकास पर बोलते हुए एमबीए अध्ययनशाला की सहायक प्राध्यापक संविदा रश्मि देवांगन ने कहा कि सतत विकास ऐसा हो जिससे हमारे देश और समाज पर किसी तरह का दुष्प्रभाव ना पड़े। विकास के दौरान सोशल वैल्यू भी बना रहे। उन्होंने कहा कि बस्तर के परिदृष्य में बात करें तो यहां के आदिवासी जनसंख्या के बीच फॉरेस्ट का उपयोग करते हुए सतत विकास किया जा सकता है।

पैनल में शामिल छात्रा हीना साहू ने कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को प्रमोट करते हुए स्थानीय युवाओं के छोटे प्रयास भी देश, प्रदेश और बस्तर को विकसित बनाने का काम कर सकते हैं। डिस्कशन के अगले क्रम में शिक्षा अध्ययनशाला से डॉ. रानी मैथ्यू ने कहा कि सशक्त भारत का निर्माण तभी संभव है जब युवा इससे जुड़ें। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवाओं में भरपूर टैलेंट है। बस हमें उन्हें मंच देना है। आज विकसित भारत 2047 पोर्टल के माध्यम से युवाओं के टैलेंट को मंच मिलने जा रहा है।

आगे एमबीए अध्ययनशाला से ओशीन कुंजाम ने कहा कि सशक्त भारत के लिए हमें स्वावलंबी बनना होगा। हम कैसे इंडिपेंडेंट बन सकते हैं, इस पर विचार करना होगा। सबसे जरूरी है कि हमें रिस्क लेने की सोच के साथ आगे बढना होगा। कार्यक्रम में डॉ. सोहन मिश्रा, डॉ. भूपेंद्र वर्मा समेत अलग-अलग-अलग अध्ययनशाला के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक संविदा डॉ. निलेश तिवारी ने किया।

# नगर निगम की टीम ने किया अंबिकापुर शहर का भ्रमण



**सफाई मॉडल को देख उसी तर्ज पर जगदलपुर में भी होगा स्वच्छता कार्य**

**जगदलपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। देश एवं प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छतम शहर के रूप में जाने जाने वाला शहर अंबिकापुर के बेहतरीन सफाई सिस्टम का अवलोकन एवं सिस्टम को जानने के उद्देश्य से आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा स्वच्छता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का टीम बनाकर अंबिकापुर भेजा गया था। गठित टीम में स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास ,अजय बनिक ,उप अभियंता अमर सिंह कश्यप ,पीआईयू योगेश पाणिग्रही का दल को अंबिकापुर के साफ सफाई ,गार्बेज सिस्टम , एसआरएलएम सेंटर में कचरा पृथक पृथक करने का ,डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने एवं अन्य स्वच्छता के विषय पर किए जा रहे हैं। कार्यों का अवलोकन कर मॉडल सिस्टम को देखकर अंबिकापुर मॉडल के तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी स्वच्छता के सिस्टम पर कार्य करने का कार्य किया जाएगा । वर्तमान बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के एवं निगम आयुक्त हरेश मंडावी पूर्व में अधिकारी रहते अंबिकापुर शहर में सफाई मॉडल पर काफी मेहनत कर अंबिकापुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में कार्य कर चुके हैं ।जिसका परिणाम आज अंबिकापुर स्वच्छता के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश में स्वच्छता पर एक मॉडल शहर के रूप में पहचाना जाता है । इस बेहतरीन कार्य को जानने एवं उसी तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी सफाई के सिस्टम पर कार्य करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी जगदलपुर निगम मे टीम का गठन कर अंबिकापुर के मॉडल को जानने व अवलोकन के लिए दल को भेजा था ,दल के द्वारा अंबिकापुर शहर का भ्रमण कर वहां की साफ सफाई व्यवस्था के मॉडल का अवलोकन कर वहां के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर चर्चा किया ।इस प्रकार मॉडल को जगदलपुर शहर में उसी तर्ज पर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे जगदलपुर की पहचान भी प्रदेश ही नहीं पूरे देश में जगदलपुर को स्वच्छता के लिए जाना जाए ।

# पहचान-मेरा सम्मान मेरा अधिकार थीम को लेकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन



**जगदलपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय दलपत सागर परिसर में क्राइस्ट कॉलेज जगदलपुर व राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया।

पहचान ङ्क मेरा सम्मान मेरा अधिकार थीम को ले कर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानवाधिकारों के बारे में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन क्राइस्ट कॉलेज जगदलपुर के छात्रों के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के संभाग अध्यक्ष जगमोहन सोनी ने मानवाधिकार के मुख्य उद्देश्य सम्मान समानता और स्वतंत्रता के बारे में उपस्थित लोगों के अंदर जागरुकता लाई। आयोजन के दौरान क्राइस्ट कॉलेज जगदलपुर व राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो की पूरी टीम व शहर के कई गनमान्य नागरिक व छात्र छात्राएं भारी मात्रा में उपस्थित हुए।

# विशेष सफाई अभियान में वार्डों की हो रही सफाई



**जगदलपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)।शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से निगम प्रशासन लगातार सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ व सुंदर बनाने में प्रयासरत है। इस मुहिम को अग्रसर करते आयुक्त हरेश मंडावी सतत निगरानी करते हुए स्वयं सुबह इस सफाई अभियान का निरीक्षण करते अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर इसे सफल बनाने के योजना बनाकर सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे हैं ।नगर निगम के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जाकर सफाई कर्मचारियों की गैंग बनाकर शहर के वार्डों में सफाई किया जा रहा है, जिससे वार्ड के नालियों की पूरी तरह सफाई की जा रही है । इस अभियान का वार्ड के लोगों के द्वारा काफी सराहना की किया जा रहा है । साथ ही सफाई कर्मचारी ,स्वच्छता दीदी ,एन यु एल एम की टीम सफाई करने के साथ वहां के रहवासियों एवं दुकानदारों को मुहिम से जोड़कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नालियों एवं सड़कों पर कचरा ना डालने का संकल्प दिलाया जा रहा है ।इस सफाई अभियान से शहर की जनता का पूरा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आदिवासी मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न



**सुकमा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में भाजपा संगठन के द्वारा प्रदेश के नए मुख्यमंत्री का नाम का एलान किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। वहीं इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर बधाइयां दी। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई देते हुए कहा कि आज भाजपा केंद्रीय संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री की नाम का ऐलान करते के साथ ही प्रदेश की जनता में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदिवासी वर्ग से मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर आदिवासी समाज के साथ-साथ प्रदेश की जनता में काफी हर्ष का माहौल है। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने भय एवं भ्रष्टाचार की राजनीति किया है। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों को वोट बैंक की तरह उपयोग कर गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही है जो आज आदिवासी समाज के साथ-साथ सभी समाज को प्राथमिकता देने का काम कर रही है। जैसे कि प्रदेश की राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू जो आदिवासी समुदाय से आती है, देश की सर्वोच्च पद पर सुशोभित किया है। उसी प्रकार से आज छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी समाज से विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया है, इसके लिए हम भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय व प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त करते हैं।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव, 20 को मतदान



**जगदलपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला अधिवक्ता संघ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक अहमद खान के द्वारा घोषित कर दिया गया है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता 8 से 11 दिसंबर तक मासिक शुल्क जमा कर अधिवक्ता संघ के सदस्य पी प्रारंभिक मतदाता सूची में अपना नाम प्रकाशित करवा सकते हैं। मतदाता सूची पर आपत्ति एंव मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 दिसंबर को दोपहर 02:00 बजे तक आपत्ति पर सुनवाई एवं उसका निराकरण तत्काल चुनाव अधिकारी के कार्यालय में किया जायेगा । आपत्ति निराकरण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा, जो सूचना पटल पर चस्पा किया जायेगा।

नामांकन फार्म का वितरण 13 से 14 दिसंबर तक कार्यालयीन अवधि 11 बजे से शाम 4 बजे तक इच्छुक प्रत्याशी प्राप्त कर सकेंगे। नामांकन फार्म 13 से 14 दिसंबर कार्यालयीन अवधि 11 बजे से शाम 5:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। नामांकन फार्म की जाँच 14 दिसंबर शाम 05:00 बजे तक होगी। नाम वापसी की तिथि एवं समय - 15.12.2023 कार्यालयीन अवधि 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

प्रत्याथियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर समय 02:00 से 04:00 बजे होगी। मतदान 20 दिसंबर को 11:00 बजे से संध्या 04:00 बजे तक होगी। वोटो की गिनती 20 दिसंबर को मतदान समाप्त होने के एक घण्टे के पश्चात शाम 05:00 बजे से मतगणना पूर्ण होन तक लगातार मतगणना की जायेगी। मतगणना पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्याशियों को प्राप्त मत की घोषणा की जायेगी। विजयी प्रत्याशियों की घोषणा तत्काल किया जावेगा। डाक मतपत्र 19 दिसंबर मंगलवार को समय 11:00 से 05:00 बजे तक मतदाता को स्वयं हाजिर होकर आवेदन देकर प्राप्त करना होगा तथा निर्वाचन कार्यालय में ही मत देकर लिफाफा बंद कर 19 दिसंबर को समय 11:00 से 05:00 बजे तक बंद लिफाफे में जमा करना होगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली में मनाया गया भारतीय भाषा महोत्सव



**जगदलपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। कंगोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के सभागृह में शिशु मंदिर कंगोली, धरमपुरा एवं वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से महाकवि शुभ्रमणियं भारती जी के जन्म जयंती को भारतीय भाषा महोत्सव के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़ जैसे खेल शामिल रहे। खेलों के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय एवं महाविद्यालय के भैया बहनों ने सुन्दर प्रस्तुतियां दीं। भारतीय भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डालने हेतु भैया बहानों के द्वारा भारत की विभिन्न भाषाओं में उदबोधन प्रस्तुत किये गए जिसमें विशेषकर बस्तर संभाग के विभिन्न बोलियां भी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# माता कौशल्या धाम चंदखुरी से पूरे जिले में किया पवित्र अक्षत कलश का वितरण

**आरंग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के लिए भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से आये पवित्र अक्षत कलश का वितरण माता कौशल्या मंदिर चंदखुरी में किया गया। गृह संपर्क अभियान को पूर्ण करने के लिए पूरे जिले भर के चार विकासखंड और दो नगरों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जोड़कर जागरण टोली का निर्माण किया गया है। ऐसे जागरण टोली के दो-दो कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में अक्षत कलश लेने के लिए बुलाया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में जागरण टोली के कार्यकर्ताओं के अलावा रायपुर ग्रामीण जिला के अलग-अलग स्थान से स्वयंसेवक आए हुए थे। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री राम जी के संगीत मय भजनों के साथ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुरारी लोधी, गीतांशु साहू, जिला के कार्यकर्ता डॉ योगेश द्विवेदी और श्रवण साहू द्वारा मधुर भजन गाया गया। पश्चात कौशल्या माता मंदिर के पुजारी के द्वारा अक्षत कलश का पूजन किया गया। पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकनाथ साहू, रामबाबू मंडल, देवेंद्र सिंह ठाकुर और चंडी माता मंदिर के संस्थापक बालमुकुंद दाऊजी उपस्थित थे। पूजन के पश्चात सभी नगर,खंड,उपखंड को अक्षत कलश का वितरण किया गया और अक्षत कलश को सिर पर धारण करके गीत, संगीत के साथ माता कौशल्या मंदिर का एक परिक्रमा करने के पश्चात एक बड़ी बैठक किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रामबाबू मंडल द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान की रूपरेखा के बारे में बताया गया। चंडी मंदिर के संस्थापक दाऊजी द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम को एक पुनीत कार्यक्रम और हिंदुत्व के जागरण का एक बड़ा कार्य बताया गया। वैदिक मंत्रों के साथ पवित्र कलश को नवागांव मंदिर के प्रमुख बालमुकुंद दाऊ के द्वारा प्रतिनिधियों को सौंपा गया।वितरण के पश्चात




पत्रकार वार्ता में जिला कार्यवाह लोकनाथ साहू ने बताया कि 6 दिसंबर 2020 को श्री राम मंदिर निधि समर्पण अभियान का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो मार्च 2021 तक चला जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने समिति बनाकर घर-घर जाकर के समर्पण निधि एकत्र किये ,जिसके बल पर आज एक भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण पूर्ण होने जा रहा है । अत: प्रत्येक घर तक जाकर अब सभी परिवारों को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण देने की बेला है।जिसमे पूरा विश्व भर लोग सम्मिलित होंगे। इसके लिए 17 दिसंबर को सभी खंड और नगर के द्वारा मंडलों को अक्षत कलश का वितरण किया जाएगा , पश्चात 24 दिसंबर को मंडल द्वारा ग्रामों और नगर के वार्डों को अक्षत कलश, श्री राम मंदिर का आमंत्रण पत्र और श्री राम मंदिर की फोटो दिया जाएगा और फिर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक ग्राम समिति द्वारा घर-घर जाकर सभी परिवारों को श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय जिला संघचालक देवेंद्र सिंह ठाकुर जी ने आशीर्वचन के रूप में कहा कि श्री राम मंदिर ग्रह संपर्क अभियान हिंदुत्व का जागरण का विषय है इसलिए इस कार्य में प्रत्येक व्यक्ति को लगाकर कार्य करने की आवश्यकता है और घर-घर जाकर हिंदुत्व का अलग जगाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर ग्रामीण जिला कार्यकारिणी से अजीत वर्मा, बृजेश सोनी, सुमित सेन, उमेश साहू, डॉक्टर योगेश द्विवेदी,विकास वर्मा खंड और नगर कार्यकारिणी से शिवम साहू, डागेश्वर साहू, हेमंत साहू, किशोर गिरेपूंजे, नेभन ताम्रकाररामू मिर्धा, मुरारी लोधी, गीतांशु साहू, नोमेश वर्मा, कमल नारायण देवांगन,उमेश साहू,गोपाल वर्मा,श्रवण कुमार साहू,नेभन ताम्रकार,डोमार वर्मा,कृष्णकुमारवर्मा,राकेश सोनी,संतोष वर्मा ,गीतांशु साहू ,चैतन्य निर्मलकर, गोविंदासाहू,लुकेश साहू ,संजीव देवदास, कुलदीप धीवर, हेमंतसोनी, दीपक साहू,गुरु चरण साहू,हेमंत साहू,किशोर गिरेपुंजे,हेमलाल सोनकर ,निकेश पटेल,हीरालाल धुरंधर,सीताराम यादव,मुकेश निर्मलकर,शिवम साहू,आनंद वर्मा, डागेश्वर साहू, चुणामणि साहू, उमेश साहू, करण साहू, शंकर वर्मा इसके अतिरिक्त रायपुर ग्रामीण जिला के सभी मंडल, ग्राम के सम वैचारिक संगठनों एवं संघ के समान्य स्वयं सेवक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# समाज के एकमात्र विधायक टंकराम वर्मा को मंत्री बनाने मनवा कुर्मी समाज ने की मांग

**खरोरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। पृथक छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद बलौदाबाजार विधानसभा के इतिहास में डॉ रमन सिंह सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहे गौरीशंकर अग्रवाल को छोड़ दें तो जिले से आज पर्यंत किसी भी दल का कोई भी विधायक छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री बनने में सफल नहीं हो पाया। हाल में हुए विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी टंक राम वर्मा कांग्रेस के दिग्गज प्रत्याशी पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष रहे शैलेश नितिन त्रिवेदी को 14 हजार से भी अधिक मतों से परास्त कर विजयी हुए हैं ,वे फिर से इस मिथक को तोड़ने हुए कि बलौदाबाजार में अधिकांशत: विपक्ष का विधायक ही चुनकर आता है , वे क्षेत्र से छत्तीसगढ़ सदन पहुँचने वाले सत्तापक्ष के दूसरे निर्वाचित विधायक हैं ।



**डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात**

**राजनीतिक परिवेश का 20 साल का अनुभव**

उल्लेखनीय है कि श्री वर्मा 1993-98 तक विधायक करुणा शुक्ला,1999-2003 तक सांसद रायपुर रमेश बैस (पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान में महाराष्ट्र के महामहिम ), 2003-2013 तक राज्यमंत्री दयालदास बघेल,2013-2018 तक केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के निज सहायक का दायित्व सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं जिससे उन्हें सामाजिक, राजनीतिक परिवेश का दीर्घकालिक अनुभव है। वे विगत 10 वर्षों से पिता दिव्यात्मा सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के बैनर तले जनता की अपेक्षा के अनुरूप मैत्रीपूर्ण क्रिकेट स्पर्धा, मानस सम्मेलन, श्रीमद्भागवत कथा जैसे विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से जनसमान्य के दिलों में जगह बनाते हुए छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के इकलौते विधायक के रूप में विजयी हुए हैं ,समाज को अपेक्षा है कि इस बार भाजपा सरकार गठन में बहुसंख्यक समाज को प्रतिनिधित्व अवश्य मिलेगा ,तत्सम्बन्ध में समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा के नेतृत्व में डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी मनसा से अवगत कराते हुए टंक राम वर्मा की सरकार में सहभागिता सुनिश्चित करने की मांग रखी । प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार नायक,मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर वर्मा, रमेश वर्मा सेजा,युवाध्यक्ष कपिल कश्यप, राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा तिल्दा,हरिराम वर्मा अर्जुनी सहित समाजजन शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने किया शहीद वीरनारायण को नमन

**खरोरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम शाहिद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर छत्तीसगढ़या क्रांति सेना के सेनानियों ने छत्तीसगढ़ महतारी चौरा नया बस स्टैंड खरोरा में पुरखा के सुरता कार्यक्रम का आयोजन किया इस मौके पर छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना हुई और सेनानियों ने शहीद वीर नारायण सिंह को वंदन किया छ्यस्र रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष गजेंद्र रथ ने शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन पर व्याख्यान दिया और जिस तरह से अंग्रेजी सत्ता ने वीर नारायण सिंह को फांसी दिया और उसके बाद उसके मृतदेह को तोप से उडाकर भयाक्रांत की योजना बनाई उन्होंने बताया की 1857 में जब शहीद वीर नारायण सिंह को अंग्रेजी सरकार ने सूट एंड साइड का आर्डर दिया था तब भी वीर नारायण सिंह बिना डर के अपने देश की आजादी के लिए लड़ मरे थे, रायपुर के जयस्तम्भ चौक पर 10 दिसंबर 1857 को उन्हें फांसी दी गई थी। क्रांति सेना के सेनानियों ने शहीद वीर नारायण सिंह के पद चिन्हों पर चल कर प्रदेश को परप्रांतियों से मुक्त करने की कसम खाई।



सभी सेनानी एकजुट होकर छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान के लिए किसी भी हद तक जाने की बात कही, उन्होंने प्रण लिया की छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़ियों के अधिकार के लिए संगठन हमेशा लड़ता रहेगा। अपने प्रदेश केपुरखों के सम्मान के लिए अपने संस्कृति और छत्तीसगढ़ या स्वाभिमान के लिए उनकी लड़ाई अनिरुद्ध जारी रहेगी।

# आज पहुंची पवित्र अक्षत कलश स्वागत के लिए खरोरा में उत्साह का माहौल

**खरोरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या से पूजित अक्षय कलश रविवार को महामाया की नगरी खरोरा में पहुंची। खरोरा में अक्षय कलश के भव्य स्वागत की गई .वही लोगों में खासा उत्साह देखा गया । खरोरा में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठन द्वारा अक्षत कलश का स्वागत किया गया। स्वागत को लेकर खरोरा में उत्साह का माहौल देखा गया।

आज 10 दिसंबर को अयोध्या से लाए गए रविवार को अक्षय कलश प्रभु श्री राम के ननिहाल और माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी अक्षत कलश जिसे कौशल्या माता मंदिर में रखा गया था जिसमें कलश स्थापित है । अक्षत कलश को चंदखुरी से खरोरा लाया गया खरोराके तिग्गड़ चौक में पवित्र अक्षत कलश का स्वागत अभिनंदन शुरू किया गया । उन कलश में जो चॉवल है जिसको खरोरा नगर के त्रिपुर सुंदरी बालाजी के मंदिर में विराजित किया गया है , व पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरण किया गया। जिसे 17 दिसंबर तक खरोरा नगर समेत आस पास के 11 मंडलों केंद्र में वितरित किया जाएगा , जिसे नगर एवम् गाँव के प्रत्येक घरों को वितरित कर अयोध्या आने का आमंत्रण दिया जाएगा 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम ललाजी की मंदिर में पूजन प्रतिष्ठान करने की योजना राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है जहां छत्तीसगढ़ को भगवान श्री राम जी का ननिहाल है ! और कोई भी मांगलिक कार्यक्रम मैं मामा का भूमिका महत्वपूर्ण होता है हम सौभाग्यशाली है जो कि प्रभु श्री राम जी के मामा घर कौशल्या माता जी का मंदिर चंदखुरी में है जो छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के आरंग विधानसभा में पड़ता है 5 दिसंबर 2020 में जब राम मंदिर की भूमि पूजन श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया गया था ! मंदिर बनाने का कार्य लगभग पूर्णता की और है , भारत के अधिकांश लोगो के सहयोग से अब इस विशाल मंदिर को इतनी जल्दी पूर्ण करके 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने का तिथि तय हुआ है इस दिन इस कार्यक्रम को पूरे देश में बड़ी धूमधाम से बड़े दिवाली की भव्यता के साथ मनाने का योजना बनाया गया है और इस काम को पूर्ण करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को इसका जम्मा सोपा गया है और इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपने समस्त 90 अनुशासिक संगठनों को एक बार काम में लगने का आग्रह किया गया है इस कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल ,भारतीय जनता पार्टी ,विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर दि प्रमुख रूप से सम्मिलित है इस कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए समस्था संगठनों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी से कार्यक्रम को बहुत अच्छा से अच्छा करने का ठान लिया है और काम में लग गए हैं ! मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर के भव्य समारोह है ! जिसे केवल देश ही नहीं पूरा विश्व देखेगा ।



## सार-संक्षेप

### अब लोकसभा चुनाव की तैयारी

**दंतेवाड़ा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत राज्य में फोटोयुक्त मतदाता सूची में 6 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने व संशोधित किये जायेंगे। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि आगामी 1 जनवरी 2024 के लिए तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके लिए एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा।

### सेंड आर्टिस्ट हेमचंद ने रेत से बनाई मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तस्वीर

**आरंग,** 11 दिसंबर। सोमवार को ग्राम तामासिवनी में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू ने प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की रेत से कलाकृति बनाकर उनको मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी।वहीं हेमचंद द्वारा रेत से बनाए विष्णु देव साय की तस्वीर सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है। हेमचंद द्वारा रेत कलाकृति से विष्णु देव साय की हूबहू तस्वीर उकेरने पर क्षेत्र में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद की काफी सराहना हो रही है।




# पूजित कलश, अक्षत, चावल का स्वागत, तिलक वंदन व आरती कर शोभा यात्रा निकाली गई

**सरायपाली,** 11 दिसंबर (देशबंधु)। पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, दिन सोमवार, दिनांक 22 जनवरी 2024 को परंपरागत नागर शैली में निर्मित; पूर्व-पश्चिम में 380 फीट लंबाई, 250 फीट चौड़ाई, 161 फीट लंबाई; कुल पांच मंडप, तीन मंजिल (प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फुट) एवं कुल 392 खंबे एवं 44 दरवाजा के साथ श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बना रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर के खंभों, दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियों का स्थापना की जाएगी, एवं इस मंदिर में दिव्यांगजन तथा वृद्धो के लिए रैंप एवं लिफ्ट की भी व्यवस्था होगी। इसके प्रवेश पूर्व से 32 सीढ़ियां (ऊंचाई 16.5 फीट) चढ़कर सिंहद्वार से होगा। चारों ओर आयताकार परकोटा (लंबाई 732 मीटर, चौड़ाई 425 मीटर, परकोटा के चार कोनों पर भगवान सूर्य, शंकर जी, गणपति जी, देवी भगवती के चार मंदिर होंगे। परकोटे की दक्षिणी भुजा में हनुमान जी एवं उत्तरी भुजा में अन्नपूर्णा माता का मंदिर होगा। साथ ही साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज गृह, माता शबरी एवं देवी अहिल्या के मंदिर भी प्रस्तावित हैं। मंदिर के दक्षिण पश्चिम भाग में नवरत्न कुबेर टीले पर स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्वार एवं राम भक्त जटायु राज प्रतिमा की स्थापना भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण तो होगा ही साथ ही साथ ऐसा ही वातावरण पूरे भारत के प्रत्येक शहर, प्रत्येक मोहल्ले, प्रत्येक घर, में देखने को मिलेगा। इस पावन अवसर पर आप सभी भी अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी भी मंदिर या आसङ्कपास के राम भक्तों को एकत्रित कर भजनङ्ककीर्तन, श्री राम जय राम जय जय राम, इस विजय महामंत्र का सामूहिक जाप, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ कर सकते हैं जिससे कि श्री रामचंद्र जी एवम हनुमान जी के साथ-साथ सभी देवी देवता भी प्रसन्न होंगे एवं आपके आसपास, आपके घर का वातावरण भी सर्वत्र सात्विक एवं राममय हो जाएगा; जिससे आपके घर एवम आपके जीवन में सकारात्मकता बढ़ेगी। इस पावन अवसर का सीधा प्रसारण आप अपने घर मैं टेलीविजन या अन्य किसी माध्यम से देख कर भी पुण्य के भागी बन सकते हैं।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दूरदर्शन एवं अनेक चैनलों के द्वारा किया जाएगा। साथ ही साथ इस पावन दिन पर अपने घर के सामने आप कम से कम पांच दीपक अवश्य जलाएं जिससे कि सभी देवीङ्कदेवता प्रसन्न होंगे। श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण स्वरूप श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आई च्पूजित कलश अक्षत चावलज्ञ का विश्व हिंदू परिषद एवम हिंदू समाज सरायपाली के द्वारा स्वागत, तिलक वंदन व आरती कर संखङ्कघंट, बाजेङ्कगाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही कल सुबह 11ः00 बजे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली घंटेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए श्री राम मंदिर सरायपाली में समाप्त हुई। इसके पश्चात शोभा यात्रा दोपहर 2ः30 बजे संकटमोचन हनुमान मंदिर, बस स्टैंड सरायपाली से प्रारंभ होकर, नगर भ्रमण करते हुए श्री राम जानकी मंदिर सरायपाली में समाप्त हुई।

# स्वच्छ भारत मिशन तहत नपां चिखलाकसा में क्लीन टॉयलेट कैपन अभियान

**सार्वजनिक शोचालय की साफ सफाई रखरखाव में सहयोग की अपील : सीईओ योगी**



**दल्लीराजहरा,**11 दिसंबर (देशबन्धु)। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में नगर पंचायत चिखलाकसा में 17 नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन प्रारम्भ किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी के द्वारा नागरिकों को अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है। अभियान के दौरान स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचालय का भ्रमण भी कराया जा रहा है। आज कन्या शाला चिखलाकसा के बच्चों के द्वारा वार्ड क्रमांक 03 के परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय का भ्रमण किया गया तथा शौचालय के उपयोग, सफाई और रखरखाव हेतु जागरूक भी किया गया। अभियान के अंत में समस्त शौचालयों का ग्रेडिंग भी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा की जानी है।

## निधन

### रामकुमार धरमगुडे

**राजनांदगांव,** 11 दिसंबर। दुर्गा चौक बांसपाई पारा के प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमार धरमगुडे का निधन 9 दिसंबर को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार विधि-विधान से पैतृक ग्राम कांकेतरा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। स्व. धरमगुडे को लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



### श्यामा बाई सोनी

**आरंग,** 11 दिसंबर। श्रीमती श्यामा बाई सोनी पति सखाराम सोनी (पंधी वाले) का आकस्मिक निधन 11 दिसंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम आरंग में किया गया। वे रमेश सोनी, महेश सोनी, गणेश सोनी की माता थी। अंतिम संस्कार में नगर के सामाजिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मतदाता सूची कार्य में जुड़े लोगों को नहीं मिलेगी छुट्टी

**दंतेवाड़ा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु जिन विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों की ड्यूटी बी.एल.ओ./अभिहित अधिकारी एवं सुपरवाईजर में लगाई गई है। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा साथ ही बिना अनुमति के उनका स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विशेष सफाई अभियान ...

सहयोग मिलने के साथ अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है । आज इस अभियान को मोतीलाल नेहरू ,अटल बिहारी वाजपेई ,राजेंद्र नगर ,मदर टेरेसा ,व अन्य वार्डों में नालियों एवं पुलियों का सफाई कर्मचारियों से सफाई कर अभियान चलाया गया । स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास ,अजय बनिक ,दामोदर , सुशील कर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

### सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली ...

के रूप में संस्था के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिहं राणा, बी.एड.कॉलेज के प्राचार्य ईश्वर प्रसाद तिवारी , कंगोली विद्यालय की प्राचार्य भारती देवांगन एवं विद्यालय एवं महाविद्याल के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# रासेयो का स्वास्थ्य शिविर

**सरायपाली,** 11 दिसंबर (देशबंधु )। डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर केना में शिविर के द्वितीय दिवस पर सुरेश पटेल हेल्थ सुपरवाइजर स्वाथ्य विभाग सेक्टर तोषगांव एवं वीरेंद्र पटेल आर एच ओ स्वास्थ्य केंद्र केना द्वारा स्वास्थ्य संबधी जानकारी व स्वाथ्य जांच शिविर आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमला बाई दीवान सहित 43 स्वयंसेवकों का हिमोग्लोबिन टेस्ट किया गया. स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य संबधी जानकारी दी गई.प्राध्यापक डॉ पीताम्बर साहू द्वारा छात्र छात्राओं को जीवन उपयोगी नैतिक शिक्षा की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में प्राध्यापक गजानंद नायक, रमेश पटेल, कैलाश प्रसाद पटेल,ज्योति किरण पटेल, अजय कुमार सम्मिलित हुए. साथ ही नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी करुणा सागर जाल ने दी।

# महाविद्यालयीन छात्रों ने किया कानन पेंडारी का शैक्षणिक भ्रमण

**सरायपाली,** 11 दिसंबर (देशबंधु )स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य पी. के भोई के सरंक्षण विभागाध्यक्ष खीरसागर पटेल के मार्गदर्शन में सुस्मिता भोई (अति. व्याख्याता प्राणीशास्त्र) आरती साहू (अति. व्याख्याता हिंदी ) दुलार सिंह कर्ष (प्रयोगशाला तकनीशियन) व समस्त छात्र- छात्राओं ने बिलासपुर के जूलॉजिकल पार्क कानन पेंडारी के विभिन्न जीवों के विविधता का बारिकी से अध्ययन किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के जीव जैसे- मैमल, एवीस, एम्फिबियन, रेप्टाइल्स विलुप्त हो रहे व विलुप्त के अंतिम छोर पर उपस्थित जीव (हाथी, बारहसिंहा, शेर, सफेद बाघ, आदि और विभिन्न प्रकार के जीव जिन्हे हमें संरक्षण करने की आवश्यकता है. उनके आवास, व्यवहार, भोजन, वर्गीकरण जीवों में विविधता, जीवन शैली वातावरण अनुकूलता आदि का अध्ययन पटेल सर के मार्गदर्शन में गहन अध्ययन कर अपने नोट - बुक में एक डाटा तैयार किये। साथ ही वातावरण व जीवों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी वर्णन पटेल के द्वारा बताया गया । एक दिन के उस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सभी जीवों को सीधा देखकर जीवों का नोट्स अपने शब्दों में तैयार किया । साथ ही कानन-पेंडारी के बागवान का भी सभी विद्यार्थियों ने आनंद उठाया व वहाँ उपस्थित औषधालय सामान की जानकारी भी एकत्र किये। विद्यार्थियों का भ्रमण प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष भी खीरसागर पटेल सर, सुस्मिता भोई, सुश्री आरती साहू व दुलार सिंह कर्ष के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुमा । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रताप दास से प्राप्त हुई ।

# विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम द्वारा पौधारोपण



**पलारी,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो द्वारा हर छोटे से बड़े कार्य उत्साह हो या त्यौहार राष्ट्रीय पर्व हो या वैवाहिक कार्यक्रम सभी को एकरूपता प्रदान करते हुए पौधारोपण करने संकल्पित है नवनिर्वाचित विधायक छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य में विष्णुदेव साय आदिवासी समुदाय को गौरान्वित किया है जिसके उपलक्ष्य में नीम का पौधा रोपित कर हर्ष व्यक्त किया इस पौधारोपण अवसर पर प्रधानपाठक मुन्नालाल ध्रुव शिक्षक राजा ध्रुव पटकुमार प्रदीप साहू योगेश्वर गीरी इंद्रकुमार वर्मा उपस्तिथ रहे साथ ही टीम के सदस्य कपिल कश्यप लक्ष्मण वर्मा,गोविन्द वर्मा,उत्तम वर्मा ने इस कार्यक्रम का अभिनन्दन किया।

# कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जागरूकता रथ को दिखाया हरी झंडी



**कोण्डागांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। 31 दिसंबर तक प्रधान मंत्री फसल बीमा एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना हेतु आवेदन कर सकने के सम्बन्ध में जागरुकता लाने के उद्देष्य से कलेक्टर द्वारा प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना हेतु जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा आवरण में सम्मिलित करने हेतु प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना हेतु जागरूकता प्रसार रथ को कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सोमवार को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे जिले में घुमकर प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के संबंध में किसानों एवं ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ सभी किसानों को फसल बीमा योजना में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, उप संचालक कृषि कल्याण विभाग डीपी तांडे, जिला बीमा प्रतिनिधि अजय मेश्राम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

यह फसल बीमा जागरूकता रथ जिले में अधिसूचित ग्रामों में जाकर किसानों को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध करायेगा। जिले में रबी मौसम में गेहूं, चना, राई-सरसों एवं अलसी को अधिसूचित किया गया है। इस वर्ष प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत गेहूं सिंचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भू धारक कृषक, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी

## 31 तक कर सकते हैं आवेदन प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु

कृषक ले सकते है। उप संचालक कृषि डीपी तांडे ने बताया गया कि जिले में फसल बीमा सप्ताह का आयोजन कर किसानों को अधिक से अधिक योजना का लाभ लेने के लिय प्रचार किया जा रहा है तथा अधिसूचित ग्रामों में सभी अधिसूचित फसलों के उत्पादक कृषकों को फसल बीमा का लाभ लेने के लिये अपील की गई है। फसल बीमा आपदा की स्थिति में फसल सुरक्षा का बेहतर विकल्प होता है। बीमांकित राशि रबी फसल के कृषकों के लिये प्रीमियम राशि 1.5 प्रतिशत है। फसल बीमा के लिये किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी या अपने नजदीकी सी.एस.सी. सेंटर/संबंधित बैंक से सम्पर्क कर सकते है। अऋणी किसान आवश्यक दस्तावेज -बुवाई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पर्ची, बी-1 तथा पी-2 फसल विवरण के साथ अपने नजदीकी सी.एस.सी. सेंटर, संबंधित बैंक में जा कर फसल बीमा करा सकते हैं।

पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसलों में टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू तथा खरीफ फसलों में टमाटर, बैंगन, मिर्ची, अदरक, केला, पपीता, एवं अमरूद को अधिसूचित कर उगाने वाले ऋणी एवं अऋणी कृषकों को शामिल किया गया है। इसकी प्रीमियम दर बीमित राशि का 5 प्रतिशत है। इस हेतु भी आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये है।

# शास. उमावि जामपारा में विधिक शिविर

## विद्यार्थियों को दी गई जानकारी बच्चों का लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम- 2012



**कोण्डागांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव अध्यक्ष/न्यायधीश उत्तरा कुमार कश्यप, तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण केशकाल अध्यक्ष श्रीमती अंजलि सिह, सचिव श्रीमती अंबा साह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देश एवं मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामपारा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामपारा, एच.एल.साहू विधिक सेवा प्रभारी के विशेष सहयोग से शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को पी.एल.वी. अनिल कुमार मंडावी तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल के द्वारा बताया गया कि पाक्सो यानी कि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट इस कानून को 2012 में लाया गया था। यह बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन शोषण को अपराध मानता है। यह कानून 18 साल से कम उम्र के लड़के और लड़कियों दोनों पर लागू होता है। अधिनियम के अनुसार लड़के और लड़कियां दोनों यौन शोषण के शिकार हो सकते हैं और पीड़िता के लिंग की परवाह किए बिना ऐसा दुर्व्यवहार एक अपराध है। यह इसी सिद्धांत के अनुरूप है कि सभी बच्चों को यौन दुर्व्यवहार और शोषण से सुरक्षा का अधिकार है। तथा लिंग के आधार पर कानून भेदभाव नहीं करता है। बच्चों का लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम- 2012, इस अधिनियम में यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी 18 वर्ष से कम उम्र के बालक के किसी भी निजी अंग में किसी भी निजी अंग या किसी अन्य वस्तु का प्रवेश करना कानूनी अपराध है। गुरुत्व लैंगिक प्रवेश कानूनी अपराध माना जाता है। कु.लैला मरकाम विश्रामपुरी थाना द्वारा बताया गया कि बाल विवाह क्या है ? बाल विवाह करने से क्या नुकसान होते हैं। बाल विवाह क्यों नहीं करना चाहिए ? क्यों इस पर प्रतिबंध लगाया गया है ? और बाल विवाह करते पाए जाने पर कानूनी अपराध है। बाल श्रम से संबंधित, साइबर क्राइम इत्यादि से संबंधित जानकारी विस्तारपुर्वक दी गई।

# आश्रय स्थल में विधिक साक्षरता शिविर

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव का उपक्रम

**कोण्डागांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा आश्रय स्थल कोण्डागांव में मानव अधिकार दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ।



10 दिसम्बर 2023 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा आश्रय स्थल कोण्डगांव में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित महिलाओं को मानव अधिकार दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए मानव अधिकार दिवस मनाए जाने के उद्देश्य को बताते हुए कहा गया कि विष्व के सभी लोग सुरक्षित महसूस कर सकें और भेदभाव रहित स्वतंत्रतापूर्ण जीवन जी सकें। मानव अधिकार के स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकारों से रक्षा के लिए मानव अधिकार दिवस हर साल 10 दिसम्बर को मनाया जाता है। विधिक साक्षरता शिविर आयोजन के दौरान महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं महिलाओं के भरण-पोषण अधिनियम, समान काम समान वेतन, घरेलु हिंसा अधिनियम, माता पिता के पैतृक सम्पति में अधिकार एवं महिलाओं को कानूनी प्रक्रिया में निःशुल्क सलाह/सहायता व प्रकरण में निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराने संबंध में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पी.एल.व्ही. सुनील कुमार मरकाम, पारेश्वर देवांगन, रविन्द्र बघेल तथा जिला मिशन मैनेजर श्रीमती शर्मिला सरकार सहित कई महिलाएं उपस्थित रहे।

# आंवराभाटा रेल्वे क्रासिंग में घंटों जाम, परेशान रहे लोग

**दंतेवाड़ा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में इन दिनों किरन्दुल-विशाखापटनम रेल लाईन दोहरीकरण कार्य तेजी पर है। इसकी वजह से आंवराभाटा रेल्वे क्रासिंग में घंटों जाम की स्थिति बन रही है।




फरसपाल गेट के पास दोहरीकरण का कार्य पहुंच चुका है इसलिए चितालंका बाईपास से हफ्ते भर के लिए भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। हालांकि इन वाहनों के लिए प्रशासन ने सुबह 8 से दोपहर 1.30 बजे तथा शाम 3 से साढे 4 बजे और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक का समय भी निर्धारित कर दिया है। इनके लिए गति सीमा भी निर्धारित हुई है। शहर के भीतर इन वाहनों को 20 की स्पीड से ही गुजरना होगा। रेल लाईन दोहरीकरण बड़ी तेजी से हो रहा है। आंवराभाटा रेल्वे क्रासिंग में आधे-आधे घंटे तक जाम लगने लगा है। ट्रेन गुजरने के बाद जब फाटक खुलता है तो उसके बाद ट्रेफिक क्लीयर हुए बगैर फिर बंद हो जाता है। इसके साथ ही रेल्वे फाटक में तकनीकी खराबी के कारण बेहद परेशानी बढ़ गई है। रेल्वे ओव्हरब्रिज के लिए संभवतः अब नई सरकार फैसला लेगी। चुनाव के ठीक पहले आम आदमी पार्टी ने इसके लिए आंदोलन भी किया था, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस जनहित के मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखायी।

- रेल लाईन दोहरीकरण में तेजी, फरसपाल गेट तक पहुंचा काम
- हफ्ते भर के लिए बाईपास बंद, शहर से गुजर रहे भारी वाहन

प्रशासन की बात माने तो कलेक्टर दीपक सोनी के कार्यकाल में इसके लिए पहल हुई थी। एनएमडीसी ने राशि भी मुहैया करायी, लेकिन कतिपय राजनीति विरोध के बाद मामला ठण्डे बस्ते में चला गया। रेल लाईन दोहरीकरण के बाद रेल्वे की आवाजाही भी काफी बढ़ेगी। इसके बाद रेल्वे क्रासिंग में जाम भी ज्यादा देर तक रहने की संभावना है। ओव्हर ब्रिज में अनिश्चितता के बाद प्रशासन ने वैकल्पिक तौर से अंडर ब्रिज के लिए रेल्वे को निर्देशित किया, इसके बाद भी अंडर ब्रिज के लिए तेजी नहीं दिखी। ओव्हर ब्रिज ही इसका एक मात्र समाधान हो सकता है। इसके लिए नई सरकार को तुरंत फैसला लेना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### ईथेनॉल प्लॉन्ट के लिए रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु सूची जारी

**कोण्डागांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मां दन्तेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव के ईथेनॉल प्लाट में स्वीकृत स्टॉफिंग पैटर्न के अनुसार रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु 06 से 27 अक्टूबर 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों का स्कूटनी समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र-अपात्र एवं निरस्त आवेदनों की सूची प्रकाशित की गयी है। संबंधित अभ्यर्थी को सूची में दर्शित प्रविष्टियों के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर 18 दिसंबर 2023 सायं 05:30 बजे तक कार्यालयीन अवधि में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालय मां दतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डगांव कक्ष क्रमाक 01 में दावा आपत्ति दर्ज कर सकते है। नियत समयावधि के उपरात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगें। उक्त सूची का अवलोकन कोण्डागांव जिले की आधिकारिक बेबसाईट पद में अथवा समिति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर किया जा सकता है।

### अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु आवेदन 31 तक

**कोण्डागांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कोण्डागांव द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजनान्तर्गत स्वरोजगार स्थापना के इच्छुक अभ्यर्थियों से 31 दिसंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अंत्योदय स्वरोजगार योजनान्तर्गत लक्ष्य 71 निर्धारित है। इस योजनान्तर्गत बैंक ऋण स्वीकृति पश्चात 10 हजार रूपए का अनुदान प्रदान किया जाता है। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कोण्डागांव से मिली जानकारी के अनुसार इस योजनान्तर्गत स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कलेक्टोरेट कोण्डागांव के प्रथम तल कक्ष क्रमांक 80 में संपर्क कर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर प्रतिपूरित करने सहित आवश्यक दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 1.5 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ तहसीलदार द्वारा प्रदत्त आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र और शैक्षणिक योग्यता संबन्धी प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।

# महिला क्रिकेट में शिक्षा विभाग की शानदार जीत

**दंतेवाड़ा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। मानव अधिकार दिवस पर रायजिंग वूमन ग्रुप की ओर से चितालंका स्थित स्टेडियम में महिला क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग की टीम ने जनपद पंचायत कुआकोंडा को पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की। फाइनल मैच शिक्षा विभाग और जनपद कुआकोंडा के मध्य खेला गया। जनपद कुआकोंडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। 8 ओवर के इस मैच में शिक्षा विभाग की टीम ने मात्र 35 रनो ने जनपद कुआकोंडा की टीम के सभी विकेट धराशाई कर महज 4 ओवरों में अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। प्रिंसी एक्का और नैंसी टोप्पो के साथ मिलकर आगे बढ़ाया। सिर्फ एक विकेट खोकर प्रभा और प्रिंसी ने नाबाद पारी खेली। जनपद कुआकोंडा ने बेहतर प्रदर्शन किया और उप विजेता रही। साथ ही हारे हुए 2 सेमी फाइनलिस्ट दंतेश्वरी फाइटर्स तथा सिविल ने तीसरे स्थान के लिए मैच खेलकर सिविल ने जीत हासिल की।



स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 11 हजार सचिव संघ दंतेवाड़ा ने तो 7 हजार का द्वितीय पुरस्कार कलेक्टर कार्यालय तथा 5 हजार तीसरा पुरस्कार व अन्य नगद पुरस्कार सुनीता भास्कर, पायल गुप्ता व साक्षी सुराना के माध्यम से दिए गए। फेयर प्ले टीम अवार्ड महिला बाल विकास विभाग बारसूर की टीम को मेडल तथा सभी टीमों एवं अतिथि ट्राफियां जो कि प्रायोजक आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल के द्वारा डॉ. तेज प्रकाश के सौजन्य से प्राप्त हुए। तात्कालिक पुरस्कार प्रेम बाड़ा एलआईसी की ओर से टीमों को मिलाकर कुल 2500 रुपए तो उर्मिला टामो की ओर से बेस्ट बेटर हेतु बेट प्रिंसी इक्का को दिया गया। दिवंगत साथी रेणुका ठाकुर के पति संजय ठाकुर द्वारा 11 हजार की राशि सभी 6 टीमों को वितरित की गई। अगुवाई में राइजिंग वुमन ग्रुप के तत्वावधान में कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, ओजस्वी मंडावी, उर्मिला तामो व महिला पार्षद तथा अन्य सम्मानीय अतिथियों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शानदार समापन हुआ। इसके साथ ही साहु समाज के सचिव नारायण साहू ने भी आर्थिक सहयोग की। रजनीश ओसवाल वरिष्ठ पीटीआई ने डीईओ प्रमोद ठाकुर व डीएमसी एसएल सोरी के निर्देशन में अपनी पीटीआई टीम के साथ सहयोग किया। राइजिंग ग्रुप की संरक्षक अहिल्या ठाकुर, डॉ. शिखा सरकार, संध्या सिंह, संस्थापक व अध्यक्ष मधु उइके ने अपनी टीम के सभी सदस्यों तथा सहयोगियों का आभार माना। विशेषकर एएमएनएस किरन्दुल तथा कलेक्टर श्री नंदनवार ने 15 हजार की सहयोग राशि दी। टेंट की व्यवस्था राधिका टेंट हाउस ने की, तो खिलाड़ियों के जलपान हेतु डॉ. कल्पना ध्रुव सीईओ जनपद पंचायत दंतेवाड़ा ने सहयोग किया। आयोजन के प्रचार-प्रसार में वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव और विनोद सिंह का भी योगदान रहा।

- मानव अधिकार दिवस पर रायजिंग वूमन ग्रुप का आयोजन
- विजेता-उप विजेता को कई ईनाम

# रासेयो कैम्प में विधिक साक्षरता शिविर

## ग्रामीण, स्वयंसेवक ने विधिक अधिकारों को जाना



**कोण्डागांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया जहां ग्रामीणजनों के साथ-साथ एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भी अपनी जागरूकता बढ़ाते हुए बाल अधिकार, पाक्सो एक्ट निःशुल्क क़ानूनी सहायता आदि विधिक अधिकारों को जाना।

शहीद महेंद्र कर्मा विष्वविद्यालय अंतर्गत संचालित एन.एस.एस. इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी का विशेष शिविर ग्राम कढ़ाईबेड़ा में आयोजित हो रहा है। जहाँ पांचवे दिन स्वयंसेवक व ग्रामीणजनों को कानूनी जानकारी प्रदान करने के क्रम में बाल अधिकारों के प्रावधानों से अवगत कराने के उद्देश्य से विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के माध्यम से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने गरीब असहाय व्यक्तियों को शासन द्वारा प्रदत निःशुल्क कानूनी सहायता वकील की उपलब्धता, बाल संरक्षण अधिनियम बच्चों के अधिकार, पाक्सो एक्ट, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, महिला उत्पीड़न, भारतीय संविधान आदि के बारे में ग्रामीण जन व बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने भी शिक्षा का अधिकार निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा की बारीकियों से परिचित कराया। कार्यक्रम में तौसिफ आलम, वेणुका सिवाना, दिव्या रावते सहित स्वयंसेवक, ग्रामीण महिला-पुरुष काफी संख्या में सम्मिलित हुए।

# शहीद वीर नारायण सिंह को याद किया गोंडवाना समाज



**जगदलपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। शहीद वीर नारायण सिंह छ.ग के प्रथम शहीद की शहादत दिवस पर गोंडवाना समाज ने गोन्डवाना भवन में नमन किया गया। शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन परिचय प्रकाश डाला। समाज अध्यक्ष एन सेवता ,महिला अध्यक शीतला कोरम व अन्य उपस्थित ,दीपा मांझी, मोती राम सोरी ,डा. राज सोरी ,जे आर ध्रुव,शयाम ,बी एस ,नेताम ,सुखलाल नेताम,रामगुलाल दुग्गा, भूपेन्द्र उइके, प्रमोद मरावी ,नरेश मरकाम के साथ काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# भाजपा राज में बदल सकता है दंतेवाड़ा प्रशासन का चेहरा

**दंतेवाड़ा**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित पराजय और प्रदेश में नई सरकार की गठन के बाद इस बात की भी संभावना बढ़ गई है कि दंतेवाड़ा प्रशासन में बड़े पैमाने पर फेरबदल हो सकते हैं। कलेक्टर से लेकर अन्य विभागों में भी व्यापक स्तर पर सर्जरी की उम्मीद की जा रही है।

दंतेवाड़ा में भाजपा को शानदार जीत मिली है। भाजपा के चैतराम अटामी ने कांग्रेस के छविन्द्र कर्मा को 16 हजार 342 मतों से पराजित किया। ऐसे परिणाम की उम्मीद दंतेवाड़ा में कांग्रेस-भाजपा दोनों को नहीं थी। हार-जीत का फैसला 5 हजार मतों के अंतर से होगा, ऐसा अनुमान सभी लगा रहे थे, लेकिन परिणाम आया तो सभी चौक गए। भाजपा को कुल 56 हजार से ज्यादा वोट मिले, जो अब तक का रिकार्ड है। अब राजधानी में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारी हो रही है, संभवतः 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री और उनकी केबिनेट शपथ ले सकती है। इसके कुछ दिन बाद ही आईएएस और आईपीएस स्तर पर फेरबदल की सुगबुगाहट होने लगी है।



बात दंतेवाड़ा की करें तो यहां कलेक्टर विनीत नंदनवार साल भर से ज्यादा का समय गुजार चुके हैं। अभी दंतेश्वरी कारीडोर का निर्माण जारी है। इसकी पूर्णता के लिए 31 दिसंबर की समय सीमा भी तय की है। अगर सब कुछ ठीकठाक रहा तो कलेक्टर श्री नंदनवार लोकसभा चुनाव भी करवा सकते हैं। चुनावी परिणाम जिस अंदाज में आया है उससे लगता नहीं कि यहां जल्दी फेरबदल हो। वैसे नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी ने चुनाव जीतने के बाद दंतेश्वरी दर्शन के दौरान मीडिया से चर्चा में कारीडोर के अलावा डीएमएफ और दूसरे कार्यों में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद जांच की बात कही थी। पिछले डेढ़ साल में जिला प्रशासन ने जिस अंदाज में यहां काम किया, उससे लगने ऐसा लगा था कि सत्तारूढ़ कांग्रेस विपक्ष में और विपक्षी भाजपा सत्ता में है।

कलेक्टर श्री नंदनवार की अपनी अलग कार्यशैली ने राजनीतिक दलों को कई नसीहत दी और कईयों को आईना भी दिखाया। यहां जिला प्रशासन में उच्च स्तर से लेकर शिक्षा, राजस्व, आदिम जाति कल्याण सहित कई विभागों में कुछ अफसर-कर्मी काफी लंबे समय से जमे हैं। चुनाव आयोग का तीन वर्ष वाला फार्मूला यहां बेअसर रहा। कुछ के तबादले हुए भी तो उसे रूकवाया भी गया। बीईओ, बीआरसी से लेकर आश्रम और विभिन्न संस्थाओं के अधीक्षकों की नियुक्ति में जैसी राजनीति कांग्रेस शासन में हुई, यहां इसके पहले कभी नहीं हुई थी। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा के शासन में शिक्षा, स्वास्थ्य व निर्माण एजेन्सियों में अफसरों की नियुक्ति को राजनीति से अलग रखा जाएगा। कई लोगों ने अपनी पहुंच के चलते ही प्रशासन के महत्वपूर्ण पदों में जगह बनायी तथा भ्रष्टाचार को अंजाम दिया।

राजस्व विभाग में कई पटवारी तो पट्टा लिखा कर बैठे हैं। कुल मिलाकर दंतेवाड़ा की तस्वीर में तकदीर बदलने भाजपा प्रशासन तंत्र का कैसा स्वरूप निर्धारित करता है, इस पर सबकी निगाहें लगी हुई है। वैसे इस बात की भी चर्चा है कि दंतेश्वरी कारीडोर की पूर्णता और गुणवत्ता के लिए प्रशासन को उच्च स्तर के फेरबदल से अलग रखा जाएगा।

- अप्रत्याशित परिणाम के बाद कई तरह की अटकलें
- बहुप्रतिक्षित दंतेश्वरी कारीडोर की पूर्णता पर सबकी निगाह
- कई विभागों में लंबे समय से जमे हैं अफसर-कर्मी

CMYK

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ,
तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।
बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।
गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पांव भी मेरे उपर रख दे।

## संपादकीय

### बच्चों की प्रताड़ना : दोषियों को कड़ी सज़ा मिले

*देश भर की तरह छत्तीसगढ़ में भी कई बार स्कूली बच्चों की जो प्रताड़ना होती है वह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, दिल दहला देने वाली भी होती है। इसके बारे में शिक्षकों एवं स्कूल प्रबन्धकों को कड़ी हिदायतें दी जानी चाहिये। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी आवश्यक है। बच्चों को इस बाबत जागरूक किया जाना चाहिये ताकि उनके साथ होने वाले उत्पीड़न की वे निर्भीक होकर परिवार वालों को जानकारी दें।*

*अक्सर इस आशय की खबरें सामने आती रहती हैं जो बच्चों के साथ शिक्षकों द्वारा मारपीट करने या सज़ा के तौर पर उन्हें यातना देने के मामले होते हैं। अक्सर होम वर्क न करने, पाठ याद न करने, परीक्षाओं में कम अंक आने अथवा अनुत्तीर्ण होने पर कभी उन्हें धूप में या बेंच पर घंटों खड़ा कर दिया जाता है। कई बार कक्षा के बाहर घुटनों के बल पर बैठा दिया है। वैसे तो भारत में वर्षों से ऐसी सजाओं पर कानूनन रोक लगी हुई है परन्तु पठन-पाठन की परम्परा के अनुरूप यह माना जाता है कि उन्हें ऐसी सजाएं देने से वे अनुशासित रहते हैं और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति भी जल्दी होती है। ऐसा भी होता है कि किसी भी प्रकार की बाल सुलभ शैतानी करने पर उन्हें बहुत कठोर दण्ड दिया जाता है। शिक्षकों द्वारा कठोर सजाएं देने या कोई यातना पहुंचाने से बच्चों को गम्भीर रूप से शारीरिक नुकसान पहुंचता है- कभी स्थायी तो कभी अस्थायी। उनके कोमल मन पर भी इसका विपरीत असर होता है। वे इससे आजन्म आहत व अपमानित महसूस करते हैं। कई बच्चे तो शिक्षा ही छोड़ देते हैं।*

*ऐसी ही एक घटना प्रदेश के कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड में चल रहे केरावाही शासकीय माध्यमिक शाला में हुई। यहां किसी बच्चे ने शौचालय के सामने गंदगी कर दी। शिक्षकों ने पूछताछ की परन्तु किसी ने भी यह काम करने से जब इंकार कर दिया तो नाराज़ शिक्षकों ने 25 बच्चों की हथेलियों पर कड़ाही में रखे गर्म तेल की बूंदें टपका दीं। इससे उनकी हथेलियों पर फफोले पड़ गये। मामला तब सामने आया जब किसी ने कुछ बच्चों की हथेलियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर दी। इससे विभागीय अधिकारियों ने पूछताछ की लेकिन शिक्षकों ने कहा कि खेल-खेल में बच्चों ने एक दूसरे के हाथों पर तेल डाला है। यदि यह सच भी है तो उन्हें शिक्षकों द्वारा रोका जाना चाहिये था। स्पष्ट है कि ऐसा खुद को बचाने के लिये शिक्षिकाएं कह रही हैं। बच्चों ने साफ संकेत दिये कि इसमें प्रधानाध्यापिका, दो शिक्षिकाओं व एक सफाई कर्मचारी का हाथ है। कुछ अन्य शिक्षक इस दौरान मौन खड़े रहे। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को चाहिये कि दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करें।*

# छोटा सा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकता है, यह भाजपा में संभव : साय

## भाजपा कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री



**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचकर भाजपा विधायक और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की ।इस दौरान श्री साय और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाजपा के बूथ, शक्तिकेंद्र, मंडल, जिला, और प्रदेश स्तर के 25 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को उनके परिश्रम से हुई जीत के लिए बधाई दी ।मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को 13 दिसंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में साइंस कॉलेज पहुंचने का आमंत्रण भी दिया है।

मुख्यमंत्री साय ने ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा कि यह आपकी मेहनत का फल है कि आज मेरे जैसा एक सामान्य सा व्यक्ति भी मुख्यमंत्री है और ये केवल भारतीय जनता पार्टी में ही हो सकता है ।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के विकास और राज्य की जनता के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता ने कठोर परिश्रम किया है और जनता ने उस परिश्रम का आशीर्वाद दिया है ।उन्होंने कहा कि हम संपूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे ताकि छत्तीसगढ़ राज्य देश के बड़े और विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके ।जनता ने भाजपा पर भरोसा करते हुए छत्तीसगढ़ का भविष्य बनाने का जिम्मा सौंपा है और छत्तीसगढ़ राज्य की समृध्दि के लिए भाजपा कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे।

**अब हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है : नीतिन नवीन**

भाजपा सह प्रभारी नीतिन नवीन ने कहा कि आप लोगो की शक्ति से ही छत्तीसगढ़ में सरकार बनी है ।उन्होंने कहा कि अब हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है सरकार बनने के बाद हमारी शक्ति बनी रहनी चाहिए और हमें इस शक्ति का उपयोग जनता की सेवा में लगाना है।

**छत्तीसगढ़ में कमल खिलाने कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कमल खिलाने में आप सभी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार भाजपा ने इतने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर प्रदेश में सरकार बनाई है। इसमें प्रदेश के हर एक कार्यकर्ता ने 54 सीटों पर कमल खिलाने के लिए लगातार मेहनत की है ।और आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई ।जनता ने हमें पूर्ण बहुमत का आशीर्वाद देकर छत्तीसगढ़ को विकास की धारा से जोड़ने का जो दायित्व प्रदान किया है. हम उसे ईमानदारी से पूरा करेंगे ।उन्होंने कहा कि भय और आतंक से मुक्त कराने के लिए, छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र विकास और जनता की बेहतरी के लिए हमें जनादेश मिला है।

आज भाजपा कार्यालय में आयोजित कॉन्फ्रेंस में नवनियुक्त मुख्यमंत्री साय, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक अरुण साव के साथ ही भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी ओम माथुर और भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश महामंत्री और विधायक केदार कश्यप, प्रदेश महामंत्री और विधायक विजय शर्मा ने भी ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़कर प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

**संघर्षों में बीता विष्णु देव साय का जीवन जनसंघ की विरासत दादा से मिली**

मुख्यमंत्री श विष्णु देव साय को जनसंघ की विरासत अपने दादा स्वर्गीय बुधनाथ साय से मिली। उनके दादा स्वतंत्रता के पश्चात सन् 1947 से 1952 तक तत्कालीन सीपी एंड बरार विधानसभा में मनोनीत विधायक भी रहे। श्री साय का परिवार शुरू से ही जनसंघ से जुड़ा रहा। उनके बड़े पिताजी स्वर्गीय नरहरि प्रसाद साय वर्ष 1977-79 तक जनता पार्टी सरकार में संचार राज्य मंत्री रहे।

जिला मुख्यालय जशपुर से 57 किलोमीटर दूर छोटे से आदिवासी बहुल गांव बगिया के निवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसान परिवार से आते हैं। बगिया की प्राथमिक शाला में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने कुनकुरी के लोयोला मिशनरी स्कूल में एडमिशन लिया। कॉलेज की पढ़ाई के लिए वह अंबिकापुर गए। जब वह प्रथम वर्ष में थे, तभी उनके पिता रामप्रसाद साय का निधन हो गया। घर परिवार की जिम्मेदारी निभाने के लिए वह पढ़ाई छोड़कर गांव वापस आ गए। बगिया में मैनी नदी के तट पर साय परिवार का आवास है। विष्णु देव साय मंत्री, सांसद, विधायक रहे लेकिन वह अपने पैतृक गांव को नहीं छोड़ा। अपने दो भाईयों को पढ़ाकर-लिखाकर उन्होंने काबिल बनाया। उनके एक भाई जयप्रकाश साय भारत हैवी इलेक्ट्रिकल में इंजीनियर हैं। एक भाई ओमप्रकाश साय सरपंच थे। अभी चार माह पूर्व ही उनका असामयिक निधन हुआ।

श्री साय की मां श्रीमती जसमनी देवी ने कहा मेरे बेटे बाबू (विष्णु देव का निकनेम) ने सबसे पहले परिवार की सेवा की, फिर गांव की सेवा की, विधायक, सांसद, मंत्री रहकर क्षेत्र की सेवा की, अब मुख्यमंत्री बनकर राज्य की सेवा करेगा। भावुक होकर उन्होंने कहा कि आज ओमप्रकाश रहता, तो यह खुशी दोगुनी हो जाती।

श विष्णु देव साय पढ़ाई के लिए किए गए अपने संघर्ष को अक्सर याद करते हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र में स्कूलों के विकास पर सदैव ध्यान दिया। अपने गांव में जिस सरकारी स्कूल में उन्होंने प्राइमरी की पढ़ाई की थी वह अब हाईस्कूल बन गया है।

**खेती-बाड़ी में रुचि रखते हैं मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खेती किसानी में बहुत रुचि रखते हैं। नदी के तट पर अपने घर में वह सब्जियां उगाते हैं। कोरोना काल में वह गांव में सब्जी उगाते रहे और अन्य किसानों को भी प्रेरित करते रहे। उन्होंने मैनी नदी पर पुल बनवाया। नदी की रेत में खीरा, ककड़ी, मूंगफली आदि की खेती के लिए गांव के किसानों को प्रेरित किया। उनके प्रयासों से गांव में कृषि के क्षेत्र में उन्नति हुई है।

**जड़ी-बूटियों का है ज्ञान**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जंगली जड़ी-बूटियों के अच्छे जानकार हैं। वह पथरी की अचूक दवा देते हैं। उनके कई लाभार्थी उनकी दवा की प्रशंसा करते हैं। श्री साय ने जनजाति समाज के विकास के लिए काम किया। कंवरधाम के विकास का श्रेय उन्हें दिया जाता है।

जनजाति समाज के आयोजनों में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या अग्रणी भूमिका में रहती हैं। श्री साय की दो पुत्रियों में से बड़ी बेटी निवृत्ति की शादी धमतरी में हुई है। दूसरी पुत्री स्मृति अभी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं।

उनके पुत्र तोशेंद्र ने पत्रकारिता व लिट्रेचर की पढ़ाई की है और वर्तमान में रायपुर में फिटनेस इंस्ट्रक्टर के तौर पर काम कर रहे हैं।

## राम मंदिर पहुंचे सीएम विष्णु देव पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान श्रीराम, माता जानकी हनुमान जी और शिवजी की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के चहुमुखी विकास और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्री राम का आशीर्वाद इसी तरह हम सब पर बना रहे। छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों के समुचित विकास और छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश में अपना महत्वपूर्ण स्थान स्थापित करें, यही भगवान से हमारी कामना है।

## स्कूल-कालेजों में शीतकालीन अवकाश 25 से 5 जनवरी तक

**रायपुर**, 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। स्कूल में शीतकालीन छुट्टियों को लेकर अवकाश घोषित हो गया है जैसे ही सर्दी का मौसम शुरू हुआ है उसी के हिसाब से स्कूलों में छुट्टियां घोषित की गई है इस बार सर्दियों के लिए लगभग 12 दिन का शीतकालीन अवकाश रहेगा।

शीतकालीन अवकाश को लेकर सभी विद्यार्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी निकाल कर आई है स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी बेसब्री से सर्दियों की छुट्टियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन अब उनके लिए इंतजार खत्म हो चुका है स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई है इस बार स्कूलों में 12 दिन की छुट्टी घोषित की गई है। इस साल छुट्टियों को लेकर अनाउंस किया गया है जिसमें बताया गया है कि 25 दिसंबर से लेकर 5 जनवरी तक छुट्टियां रहेगी सरकार के द्वारा शीतकालीन अवकाश के रूप में 12 दिन की छुट्टियां घोषित की गई है इन छुट्टियों की घोषणा सभी स्कूल और कॉलेज में लागू रहेगी हालांकि चुटिया घोषित होने से एक-दो दिन पहले सरकार की तरफ से एक बार और अनाउंस करके बताया जाएगा। प्रत्येक साल सर्दियों की छुट्टियां दी जाती है यह छुट्टियां अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद भी दी जाती है वर्तमान में अद्वार्षिक परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया गया है और 23 दिसंबर तक परीक्षा समाप्त हो जाएगी उसके बाद में सरकार के द्वारा 12 दिनों की सर्दियों की छुट्टियां दी जाती है ताकि बच्चों को सर्दियों में परेशानी नहीं हो।

## छग कैडर के जितेंद्र मीणा बने सीबीआई के उप महानिरीक्षक

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कैडर के जितेंद्र सिंह मीणा सीबीआई के उप महानिरीक्षक बनाए गए हैं। केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर जितेंद्र मीणा को जिम्मेदारी सौंपी है। जितेंद्र सिंह मीणा 2007 बैच के आईपीएस हैं। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जितेंद्र सिंह मीणा को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो में उप महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर जितेंद्र सिंह मीणा समेत 4 आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति की है. छत्तीसगढ़ कैडर के 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी मीणा को पांच साल की अवधि के लिए सीबीआई में नियुक्त किया गया है। साथ ही उनके अलावा सीबीआई में चार अन्य पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा (मध्य प्रदेश कैडर), अचल त्यागी (गुजरात कैडर) और प्रवीण कुमार (गुजरात कैडर) को पांच वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है। वहीं भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी गौरव मित्तल को 4 साल की अवधि के लिए एसपी नियुक्त किया गया है।



इससे पहले छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अमित कुमार सीबीआई में एसपी, डीआईजी और संयुक्त निदेश (पॉलिसी) की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं

## माना बाल सुधार गृह से भागे हत्या के 7 नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी के माना स्थित बाल सुधार गृह से भागे हत्या के 7 नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। ये सभी नाबालिग आरोपी रविवार की सुबह 6 बजे बाल सुधार गृह से फरार हो गए थे ।इन्हें पुलिस ने राजिम से पकड़ा है। सातों के खिलाफ माना थाना में फरारी की धाराओं में मामला दर्ज हुआ था।

जानकारी के अनुसार, रविवार को घटित घटना के पहले माना बाल संप्रेक्षण गृह में गुरुवार रात को बलवा हो गया था ।वहां बंद बाल अपराधियों ने नाइट इंचार्ज पर हमला कर गमछे से गला घोटने का प्रयास किया गया था। जिसमें नाइट इंचार्ज गंभीर रूप से घायल हो गया था।

जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया ।मामले में पुलिस ने बाल अपराधियों पर हत्या की कोशिश, बलवा और मारपीट का केस दर्ज किया है।

**दो वर्ष पूर्व हत्या के केस मेंभेजे गए थे सुधार गृह**

जानकारी के अनुसार फरार होने वाले तीन आरोपित दो वर्ष पूर्व हत्या के केस में बाल सुधार गृह भेजे गए थे। वहीं हत्या के प्रयास के चार आरोपित गुढ़ियारी और रामनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। सभी एक-दूसरे के परिचित हैं।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को मारपीट और बलवा के बाद सातों ने एकसाथ भागने की योजना बनाई। रविवार को ज्यादा सुरक्षा नहीं रहती है। यह उन्हें पहले से पता था। इसका फायदा उठाते हुए वे खिड़की तोड़कर भाग निकले। इसके बाद पीछे की झाड़ियों में छिपते-छिपाते हुए जोरा तक पहुंचे और वहां से आटो पकड़कर भाग गए।

## छत्तीसगढ़ी में शपथ, साय को राजभाषा मंच ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच प्रतिनिधि मंडल ने विष्णुदेव साय से मुलाकात राजभाषा छत्तीसगढ़ी में शपथ लेने ज्ञापन सौंपा ।साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्य सहित सभी 90 विधायकों का शपथ छत्तीसगढ़ी में कराने का आग्रह किया।



मंच के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ी राज्य की आधिकारिक राजभाषा है। छत्तीसगढ़ी में शपथ लेने को लेकर कहीं कोई कानूनी बाधा नहीं है। आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा में ही शपथ लेने की कहीं कोई बाध्यता नहीं. मातृभाषा कोई भी शपथ ले सकता है। जैसा कि 2018 में भूपेश बघेल के चाहने के बाद उन्हें गुमराह कर दिया गया था, वें अपनी मातृभाषा में शपथ नहीं ले पाए थे।

2018 में ही मिजोरम में जोरामथंगा ने अपनी मातृभाषा मिजो में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी इसलिए हमने मुख्यमंत्री साय से मुलाकात कर राजभाषा छत्तीसगढ़ी में शपथ लेने की मांग की है। जिस पर उन्होंने पूर्व भरोसा दिलाया है। वहीं मंत्रिमंडल के कई सदस्यों और विधायकों ने भी छत्तीसगढ़ी में शपथ लेने की बात कही है। इससे पहले शुक्ल ने भाजपा संगठन से जुड़े जामवाल, पवन साय और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव से भी मुलाकात कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हूबहू लागू करने की मांग और छत्तीसगढ़ी में राजकाज शुरू कराने मांग की है। इस दौरान विधायक सुशांत शुक्ला, विजय शर्मा और मंच के संयोजक डॉ. वैभव बेमेतरिहा भी मौजूद थे।

## प्रदेश में बढ़ेगी ठंड, शीत लहर चलने की आशंका



**रायपुर**, 11 दिसम्बर। छग में अगले 5 दिनों में हाड़ कंपा देने वाली ठंड, रात के तापमान में भारी गिरावट, शीतलहर से रहें सावधान ! मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट।

बंगाल की खाड़ी में आए दो चक्रवाती तूफान से बेअसर छत्तीसगढ़ में ठंड की शुरुआत बीते कुछ दिनों से हो गई है. रात के तापमान में उत्तर से आने वाली हवा के कारण गिरावट का दौर जारी है

चक्रवात तूफान मिचौंग ने बढ़ाई किसानों की चिंता, दलहन तिलहन चना की फसलों का हुआ भारी नुकसान, किसानो ने की मुआवजे की मांग

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में ठंड बढ़ गई है, जहां रविवार को मौसम की सबसे सर्द सुबह रही. दिल्ली-एनसीआर अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से एक डिग्री कम है. वहीं आईएमडी के अनुसार देश के कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है. आने वाले दिनों में केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है. इस बीच, एक ताजा, कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सोमवार से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है.

छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड बढ़ गया है। अगले 5 दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट हो सकती है ।मौसम विभाग की माने तो बारिश के साथ चल रही ठंडी हवाओं के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आज राजधानी रायपुर समेत कई क्षेत्रों में सुबह कड़ाके की ठड़ और दिन में भी आसमान साफ रहेगा। प्रदेश के कई अन-?य इलाकों में बारिश की छींटे होने की भी संभावना बनी हुई है। राजधानी रायपुर में आज सुबह न्यूनतम तापमान 13 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहेगा।

## लोगों को ठंड से बचने निगम चौक चौराहों पर जला रहा अलाव

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ठंड को देखते हुए नगर निगम के सभी जोनो के जोन कमिश्नरों को आमजनों को ठंड से राहत दिलवाने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में शीतलहर काल के दौरान व्यवस्थित रूप से अलाव प्रतिदिन नियमित जलाने के निर्देश दिए गए हैं।

आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनों की टीमों ने राजधानी रायपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ठंड को देखते हुए आमजनों की सुविधा हेतु अलाव जलाने की निरन्तर व्यवस्था दी है। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र के तहत कबीर चौक रामनगर सुलभ के समीप, अग्रसेन चौक के पास श्रीगणेश मन्दिर के समीप, रामकुण्ड ठाकरे चौक के समीप सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की निरंतरता से व्यवस्था की जा रही है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनो के विभिन्न मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों की सुविधा हेतु ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था निरन्तर दी जा रही है।



लगातार व्यवस्था जारी रहेगी : आयुक्त

## ग्रामीण डाकघरों का आज से कामकाज ठप्प




### सात सूत्रीय मांगों को लेकर बेमुद्दत हड़ताल पर जा रहे

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के 75 सौ ग्रामीण डाक सेवा कल से अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बेमुद्दत हड़ताल पर जा रहे हैं। इस वजह से प्रदेश के 28 सौ ग्रामीण डाकघरों का कामकाज ठप्प रहेगा। यह हड़ताल देशव्यापी है। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के परिमंडल सचिव राजेश गुरुद्वान और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि चार्टर ऑफ डिमांड काफी पुराना है। आश्वासन पर पहले से ही हमारा केंद्र सरकार को सहयोगात्मक रवैया रहा है लेकिन अब नहीं चलेगा। खाली हाथ रिटायर होना मंजूर नहीं है। संघ की प्रमुख रूप से 7 मांगे हैं जिनमे 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ जोडकर, दूसरा कमलेश चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश को लागू करना जैसे 12,14,36,5 लाख ग्रेजुवेटी 180 दिनों की छुट्टी को आगे बढ़ाना और नगदी भुगतान करना।

तीसरा ग्रामीण डाक सेवक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ तीन फीसदी से बढकर 10 फीसदी करने और ग्रामीण डाक सेवक को पेंशन प्रदान करने, चौथा ग्रामीण डाक सेवक के सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर जैसे आईपीपीबी, आरपीएलआई, बचत योजना, मनरेगा भुगतान को बंद कर कार्यभार की गणना की जाए। पांचवा व्यावसायिक लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारियों को उनके स्वयं के मोबाइल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया का पालन करने के लिए बिना उनकी इच्छा एवं जानकारी के विरुद्ध स्वयं के मोबाइल उपकरणों का उत्पीडन रोका जाए। छठवा समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर 5 घंटे का टीआरसीए सभी भेदभाव को समाप्त कर नियमित कर्मचारियों के समान वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित की जाए। और सातवां शाखा डाकघरों का कार्य बढ़ाने के लिए सभी शाखा डाकघर को लैपटॉप प्रिंटर और ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रदान किया जाए।

# प्रधानमंत्री ने विकसित भारत आइडियास का किया शुभारंभ

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में विकसित भारत 2047 आइडियास पहल का शुभारंभ किया । इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण राजभवन में आयोजित किया गया । युवाओं को विकसित भारत विजन-2047 से जोड़ने के लिए युवाओं की आवाज पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई । कार्यशाला में विकसित भारत, सशक्त भारतीय, सम्पन्न और टिकाऊ अर्थव्यवस्था सुशासन एवं सुरक्षा, तथा विश्व में भारत आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में नया भारत और नया विश्व के सृजन हेतु इस विजन को जनआंदोलन बनाने का आव्हान किया । श्री मोदी ने शिक्षा जगत के महानुभावों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों की भूमिका व्यक्तित्व निर्माण की होती है और व्यक्तित्व के निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है । श्री मोदी ने कहा कि आज हर युवा को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे जो भी करेंगे, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए करेंगे। आजादी के लिए नई चेतना का संचार करने में लिए विश्वविद्यालयों ने अहम भूमिका निभाई थी। आज विश्वविद्यालयों को विचार करना है कि भारत विकसित बनने के लिए तेजी से आगे बढ़े। देश की युवा ऊर्जा विकसित भारत ञ्च2047 के विजन में योगदान के लिए अपने दायरे से बाहर आकर सोचना होगा ।

कार्यशाला में उपस्थित विद्वजनों को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता है । इस मिशन में योगदान देने के लिए युवाओं को आमंत्रित करके उनके नवीन विचारों को राष्ट्र निर्माण में शामिल करना महत्वपूर्ण है। इसके बारे में विश्वविद्यालय के शिक्षाविद् विचार करें ।

- **युवाओं के नवीन विचारों को राष्ट्र निर्माण में शामिल करना होगा : हरिचंदन**
- **राजभवन में युवाओं की आवाज विषय पर हुई कार्यशाला**

राज्यपाल ने कहा कि यह भारत का अमृत काल है । पिछले वर्षों में समग्र शिक्षा और विश्वविद्यालयों आई.आई.टी., आई.आई.एम, मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों, कौशल विकास और अन्य कई योजनाओं तथा नीतियों के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक ढांचें में बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है ।

राज्यपाल ने कहा कि 144 करोड़ की आबादी के साथ, भारत 29 वर्ष की औसत आयु के साथ सबसे युवा देशों में से एक है। यह दुनिया की कुल युवा आबादी का लगभग 20 प्रतिशत है । यह एक बहुत बड़ा अवसर है, जिसके 2047 तक बने रहने की संभावना है । इस लाभांश का अच्छी तरह से उपयोग करके, हम भारत को एक विकसित और सशक्त भारत के रूप में आगे बढ़ा सकते हैं । कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्ववानों विकसित भारत की 2047 की परिकल्पना पर व्याख्यान दिया । जिसमें एम्स रायपुर की डीन डॉ. सरिता अग्रवाल, आई.आई.आई.टी नया रायपुर के डीन डॉ. राजेश इंगले, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिसद के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे, एन.आई.टी रायपुर के डॉ. समीर वाजपेयी, शशांक जाखोदिया, डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी वार्ताकार के रूप में शामिल हुये।

कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल, राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, डीन, फैकल्टी मेम्बर्स प्राध्यापकगण उपस्थित थे ।

# नए मुख्यमंत्री से मिले डीजीपी व मुख्य सचिव

## मुख्यमंत्री साय से प्रदेश भर से आए सामाजिक संगठनों ने की मुलाकात



**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। डीजीपी अशोक जुनेजा और मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। साथ ही पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी है।

प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राजधानी रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुंना में प्रदेश भर से आये विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने भेंटकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री श्री साय से भेंट करने वालों में उनके गृह जिले जशपुर से आए विभिन्न जनजातीय सामाजिक संगठन, अन्य समाज के प्रतिनिधिमंडल के अलावा प्रदेश के सभी जिलों से आए विभिन्न सामाजिक सगठनों के लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उनसे मिलने आए सभी संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में कंवर समाज, उरांव समाज, गोंड समाज, अघरिया समाज, रौनियार समाज, यादव समाज के साथ अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

## 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। छह से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का कार्य किया जाएगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के मुताबिक, राज्य में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन छह जनवरी 2024 को किया जाएगा। छह से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के संबंध में दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी। आठ फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को परिपत्र जारी कर निर्वाचन आयोग से प्राप्त फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। राज्य में वर्तमान में कुल दो करोड़ तीन लाख 93 हजार 160 मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ दो लाख 56 हजार 865 महिला मतदाता और एक करोड़ एक लाख 35 हजार 543 पुरुष मतदाता हैं। तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं की कुल संख्या 752 है। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा क्षेत्र हैं। वहीं, राज्य के 90 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 24,109 मतदान केंद्र हैं।

हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में कुल 76.31 फीसदी वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा मतदान धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा में हुआ। यहां 90.17 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं सबसे कम मतदान बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में हुआ। यहां कुल सिर्फ 48.37 फीसदी लोगों ने मतदान किया।

# बेटे के मुख्यमंत्री बनने पर मां ने कहा- छग महतारी की सेवा का सौभाग्य मिला है

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की माता श्रीमती जसमनी देवी ने जब बेटे को मुख्यमंत्री बनाए जाने की खबर सुनी तो खुश होकर उन्होंने कहा- मेरे बेटे को छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का सौभाग्य मिला है, इससे अच्छी बात भला और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लोगों के दुलार और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद का परिणाम है। 10 दिसंबर को रायपुर में विधायक-दल का नेता चुने जाने के लिए आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए श्री साय अपने गृहग्राम बगिया से अपनी मां का आशीर्वाद लेकर रवाना हुए थे। अपनी लंबी राजनीतिक पारी में मिली सभी सफलताओं का श्रेय वे अपनी मां के आशीर्वाद को देते हैं। किसान परिवार से जुड़े श्री साय की राजनीतिक यात्रा बड़ी रोचक और संघर्षपूर्ण रही। उन्होंने तत्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश में सन् 1989 में बगिया ग्राम पंचायत के पंच के रूप में अपने राजनीतिक जीवन शुरुआत की। श्री साय सन् 1990 में ग्राम पंचायत बगिया के निर्विरोध सरपंच चुने गए। श्री साय सन् 1990 में ही पहली बार तपकरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। सन् 1999 से रायगढ़ से सांसद बने और इसके बाद लगातार 3 बार और सांसद चुने गए। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ से सन् 1999 में 13 वीं लोकसभा, 2004 में 14वीं लोकसभा, सन् 2009 में 15 वीं लोकसभा और 2014 में 16वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में उल्लेखनीय कार्य किए। श्री विष्णुदेव साय ने 27 मई 2014 से 2019 तक केन्द्रीय राज्य मंत्री के रूप में इस्पात, खान, श्रम व रोजगार मंत्रालय का दायित्व संभाला।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी सन् 1964 को छत्तीसगढ़ के जशुपर जिले के फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम बगिया में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय श्री राम प्रसाद साय और माता श्रीमती जसमनी देवी साय हैं। श्री विष्णुदेव साय का विवाह 27 मई 1991 को श्रीमती कौशल्या देवी साय से हुआ। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

### रासेयो का स्वास्थ्य शिविर

**सरायपाली**, 11 दिसंबर (देशबंधु)। डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर केना में शिविर के द्वितीय दिवस पर सुरेश पटेल हेल्थ सुपरवाइजर स्वाथ्य विभाग सेक्टर तोषगांव एवं वीरेंद्र पटेल आर एच ओ स्वास्थ्य केंद्र केना द्वारा स्वास्थ्य संबधी जानकारी व स्वाथ्य जांच शिविर आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमला बाई दीवान सहित 43 स्वयंसेवकों का हिमोग्लोबिन टेस्ट किया गया. स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य संबधी जानकारी दी गई.प्राध्यापक डॉ पीताम्बर साहू द्वारा छात्र छात्राओं को जीवन उपयोगी नैतिक शिक्षा की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में प्राध्यापक गजानंद नायक, रमेश पटेल, कैलाश प्रसाद पटेल,ज्योति किरण पटेल, अजय कुमार सम्मिलित हुए. साथ ही नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

### सेंड आर्टिस्ट हेमचंद ने रेत से बनाई मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तस्वीर




**आरंग,** 11 दिसंबर। सोमवार को ग्राम तामासिवनी में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू ने प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की रेत से कलाकृति बनाकर उनको मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी।वहीं हेमचंद द्वारा रेत से बनाए विष्णु देव साय की तस्वीर सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है। हेमचंद द्वारा रेत कलाकृति से विष्णु देव साय की हूबहू तस्वीर उकेरने पर क्षेत्र में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद की काफी सराहना हो रही है।

# राजधानी में 16 को निकलेगी गुरु घासीदास की भव्य शोभायात्रा

## रविवार को हुई सतनामी समाज की बैठक में बांटी गई जिम्मेदारियां

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास की 267 वीं. जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी में परंपरानुसार 16 दिसंबर को आमापारा प्लाजा से 'सात श्वेत ध्वजवाहक संतों' की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकलेगी जिसमें आकर्षक झांकियो के साथ पंथी, डीजे, धुमाल व अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन आकर्षण के केन्द्र होंगे।



आयोजन समिति के अध्यक्ष के.पी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित 'मिनीमाता स्मृति अकादमी भवन' में हुई सतनामी समाज की अहम बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर प्रमुखजनों को जिम्मेदारियां बांटी गई साथ ही प्रचार- प्रसार हेतु आमंत्रण कार्ड का वितरण किया गया। तय कार्यक्रम अनुसार 16 दिसंबर को शोभायात्रा ,17 दिसंबर को युवतियों.व महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 18 दिसंबर को जयंती पर्व धूमधाम से मनाई जाएगी।

सतनाम सतगुरु फिल्म पोस्टर का हुआ विमोचन

बैठक के दौरान गुरु घासीदास जी पर बनी बड़े पर्दे की पहली फिल्म 'सतनाम सतगुरु' फिल्म के पोस्टर का विमोचन समाजजनों द्वारा किया गया किया। जो 15 दिसंबर को श्याम टॉकीज में रिलीज होगी।

आज की बैठक में अध्यक्ष के.पी. खण्डे, पूर्व सांसद गोविंद राम मिरी, सुंदरलाल लहरे, डी.एस. पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चेतन चंदेल, जी.आर.बाघमारे, खेदु बंजारे, आर.के. पाटले, प्रकाश बांधे, लाला पुरेना, कृपाराम चतुर्वेदी, पं. अंजोर दास बंजारे, सुखनंदन बंजारे, टिकेंद्र बघेल, मानसिंह गिलहरे, बाबा पात्रे, मनीष कोसरिया, नंदू मारकंडे, अरुण मंडल, घासीदास कोसले, कमल कुर्रे, श्रीमती चंपादेवी गेंदले, अंजली बरमाल, आशा पात्रे, डॉ. करुणा कुर्रे, परमेश्वरी त्रिवेंद्र, कीर्तिन कुर्रे, लक्ष्मी लहरे, सुनंदा बघेल,ममता कुर्रे, संगीता बालकिशोर, पुष्परेखा पात्रे, उत्तरी पात्रे, बाबा डहरिया,तुलाराम टंडन, सी.एल.रात्रे, संत सारंग, गुलाब महिलांग, संतोष डहरिया, महेश सोनवानी सहित अनेको लोग उपस्थित थे।

# प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन बनाने का लेंगे संकल्प : डॉ. छगनलाल सोनवानी

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। एन.आई.एन. राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान निसर्ग ग्राम पुणे में अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन के सहयोग से आरोग्य संरक्षण पर पुर्नाभिविन्यास रीओरिएंटेशन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह कार्यक्रम दिसंबर 8 व 9 अर्थात शुक्रवार और शनिवार को एनआईएन में आयोजित किया गया था। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में राज्यो के विशेषज्ञों चिकित्सकों और उत्साही लोगों को एक साथ लाया गया। जिसमे प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में कार्य कर रहे डॉ सी. एल. सोनवानी के मार्गदर्शन में सहभागी बने,इनमे प्रमुख है डॉ प्रमोद नामदेव दुर्ग,संजय वस्त्रकार कांकेर,सी आर नवरतन बलौदा बाज़ार,एन आर साहू रायपुर ,मनोज ठाकरे दुर्ग, अधिवक्ता देवनारायण सिन्हा ,आदित्य टंडन प्राक्रतिक एक्सपर्ट बालोद,डा.मेघराज साहू भिलाई,एस .पी. रजक बिलासपुर,भूपेश साहू भिलाई,चन्द्रिका प्रसाद भिलाई,शोभा राम साहू अभनपुर से भाग लिए । इस कार्यक्रम का उद्देश्य आरोग्य संरक्षण शास्त्र की जटिलताओं और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ भरत शाह, एन.आई.एन. की निर्देशिका व प्रोफेसर डॉक्टर के. सत्या लक्ष्मी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आई.एन.ओ. इंटरनेशनल नेचरोपैथी आर्गेनाइजेशन के डां अनंत बिरादर और आयुर्वेद प्रैक्टिस में और चांटम हीलर डॉक्टर संगीता नेहरा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अग्रणी विशेषज्ञों और चिकित्सकों में समकालीन कल्याण परिदृश्य में आरोग्य संरक्षण शास्त्र के महत्व के बारे में बताया ।इसके अलावा इस कार्यक्रम में सम्मानित वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों के लिए वर्ग प्रशिक्षण भी आयोजित की गई थी,जिसमें वक्ताओं ने प्रतिभागियों को आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतीयों का समाधान करने के तौर तरीके बताए एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और आरोग्य संरक्षण शास्त्र के सिद्धांतों पर एक पैनल डिस्कशन किया। इस कार्यक्रम में 24 राज्यों के सभी अग्रणी विशेषज्ञ और चिकित्सक उपस्थित थे वही लगभग 300 लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया था।



### निधन

**रामकुमार धरमगुडे**

**राजनांदगांव**, 11 दिसंबर। दुर्गा चौक बांसपाई पारा के प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमार धरमगुडे का निधन 9 दिसंबर को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार विधि-विधान से पैतृक ग्राम कांकेतरा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। स्व. धरमगुडे को लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



**श्यामा बाई सोनी**

**आरंग,** 11 दिसंबर। श्रीमती श्यामा बाई सोनी पति सखाराम सोनी (पंधी वाले) का आकस्मिक निधन 11 दिसंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम आरंग में किया गया। वे रमेश सोनी, महेश सोनी, गणेश सोनी की माता थी। अंतिम संस्कार में नगर के सामाजिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# 'विष्णुदेव' के साये में नई ऊर्जा के साथ प्रदेश का होगा विकास



**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पार्टी के प्रति समर्पित कुनकुरी विधायक विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री चुना जाना, सर्वहारा वर्ग का सम्मान है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नई ऊर्जा के साथ विकास के पथ पर निर्बाध गति से आगे बढ़ेगा। रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व और भाजपा विधायकों ने विष्णुदेव साय को दल का नेता चुना है, जिसके लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ में भाजपा के 15 सालों के कार्यों पर जनादेश दिया है। आने वाले 5 सालों में भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश की जनता के भरोसे को पूरा करने के लिए काम करेगी। विधायक मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बीते पांच सालों राजनीतिक वनवास काटा है, लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता ने अत्याचार बर्दाश्त किया है। प्रदेश की जनता के दर्द को भारतीय जनता पार्टी बेहतर समझती है, उस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार ना केवल मरहम लगाएगी, बल्कि प्रदेश में राम राज्य की स्थापना करने के लिए काम करेगी। विधायक मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस बात की गारंटी दी है, उसको प्राथमिकता से पूरा करने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है, जिसके लिए पूरे समर्पण के साथ हमारी सरकार काम करेगी। प्रदेश में हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा, हर शिकायत का समाधान निकाला जाएगा।

# आप सभी ने पूरी ईमानदारी पूर्वक कांग्रेस के लिए कार्य किया इसके लिए धन्यवाद : राजेश्री महंत

## रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का समीक्षा बैठक सत्संग भवन में संपन्न

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में चुनाव के उपरांत समीक्षा बैठक श्री दूधाधारी मठ सत्संग भवन में संपन्न हुआ इसमें नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित हुए। लोगों ने बारी-बारी से अपनी -अपनी बातें रखी! सभी लोगों की बातें ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे कांग्रेस पार्टी ने यहां अपना प्रत्याशी बनाया, इस क्षेत्र के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, मतदाताओं एवं पदाधिकारी से मैं परिचित नहीं था लेकिन उसके बाद भी आप सभी ने कष्ट उठाकर कांग्रेस के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए अपना तन- मन- धन देकर कार्य किया इसके लिए मैं आप सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। बहुत से लोगों ने अपने जेब से पैसे खर्च करके भी पार्टी के लिए कार्य किया है।



कांग्रेस पार्टी को केवल रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य में पराजय का सामना करना पड़ा है। हमारे मंत्रिमंडल के बहुत बड़े-बड़े नेता गण भी इस चुनाव में परस्त हुए हैं। हम सभी ने मिलकर कांग्रेस को बिजयी बनाने के लिए पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक कार्य किया है। जनता जनार्दन के जनादेश को हम सभी स्वीकार करते हैं। भूपेश बघेल जी ने मुझे यहां से चुनाव में उम्मीदवार बनाया इसके लिए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं एवं कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सभापति श्री प्रमोद दुबे ने भी संबोधित किया और कहा कि -चुनाव में हर और जीत लगी रहती है सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा एवं समर्पित भाव से कार्य किया है आने वाले समय में भी हम सभी एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों को आगे बढ़ते हुए कार्य करते रहेंगे! इस अवसर पर प्रमुख रूप से मदन तेड़ेदा, सचिन शर्मा, नवीन चंद्राकर, देवेंद्र यादव, उत्तम साहू, सुरेश उपाध्याय, श्रीमती पार्वती साहू, श्रीमती सुनीता शर्मा, आशा चौहान, ममता राय, शोभा सोनी, मल्लिका प्रजापति, मोहम्मद अब्बास, बंसी कन्नौजे ,सत्यनारायण नायक, भूपत महोबिया, सुयश शर्मा, धीरेंद्र तंबोली, मनोहर देवांगन, अनिल बरोड़िया, भोला थवाईत,निर्मल दास वैष्णव सहित कांग्रेस के अनेक गणमान्य कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन सुमित दास एवं आभार शरीफ रईस खान ने किया।

# स्वास्थ्य सेवा का कार्य सर्वश्रेष्ठ : राज्यपाल

## पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूतपूर्व अधिष्ठाताओं, शिक्षकों और प्रथम बैच के विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा का कार्य सर्वश्रेष्ठ कार्य है। जीवन के लिए संघर्ष करने वाले मरीजों के लिए डॉक्टर भगवान होते है। कोविड-19 के दौरान जब पूरी दुनिया भयभीत थी, तब डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फ्रंट लाइन वारियर्स बन कर राष्ट्र व जनता की रक्षा के लिए आगे रहते थे।



राज्यपाल ने कहा कि इस महाविद्यालय के शिक्षक प्रत्येक छात्र को एक अच्छा डॉक्टर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते है। वर्षो की उनकी मेहनत यहां के छात्रों की सफलता दिखाई देती है। शिक्षकों के समर्पण से विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रभाव पड़ता है। अच्छे डॉक्टर बनने और दूसरों की सेवा करने के लिए उनकी कड़ी मेहनत गर्व करने लायक है। उन्होंने कहा कि एक छोटा सा संस्थान जहां 60 विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाते थे, वहां 230 विद्यार्थी एमबीबीएस पाठयक्रम में प्रतिवर्ष प्रवेश ले रहें है। और यह राज्य का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान बन गया है।

राज्यपाल ने कहा कि यह संस्थान उन वरिष्ठ शिक्षकों को याद कर रहा है जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा शिक्षा क्षेत्र में समर्पित किया है। एक शिक्षक के रूप में उनकी सेवाओं को वर्षो तक याद रखा जाएगा। पूर्व-कुलपतियों, पूर्व-डीन, प्रोफेसरों और शिक्षकों का अभिनंदन अपने आप में एक सम्मान है। उनके अनुभव, ज्ञान और आशीर्वाद वर्तमान और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिचंदन ने चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त, आयुष चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक चंद्राकर, डीन डॉ. तृप्ति नागरिया, महाविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# छग में भी एनपीएस-ओपीएस घोटाला का संदेह : नामदेव

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष तथा संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेन्द्र नामदेव ने अवगत कराया है कि राजस्थान में एनपीएस को ओपीएस में बदलने अर्थात पुरानी पेंशन लागू करने के बाद कर्मचारियों की इस जमा रकम में 1000 करोड़ रुपए का घोटाला होने की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है।भूपेश सरकार ने राजस्थान के तर्ज पर ग में इसे लागू किया है।छग में भी इस रकम में घोटाला का संदेह हो रहा है।कर्मचारियों की रकम को बचाने तुरंत जांच करने मांग की है।



**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जांच की मांग**

जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने ओपीएस लागू करने की घोषणा कर राजस्थान के तर्ज पर इसे क्रियान्वित करने की बात कही थी। अर्थात कर्मचारियों की अंशदान कटौती की एनपीएस मे जमा रकम को न तो भारत सरकार के एनएसडी एल खाते में जमा कराया गया है और न हीं महालेखाकार जीपीएफ खाते में जमा हुआ है। बल्कि सारा रकम किसी अन्य अलग खाते में जमा किया जा रहा है। पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बाद रकम का सही सही रख रखाव हो रहा है या नही, यह बताने में वित्त विभाग के अफसर भी दबी जबान में असमर्थता व्यक्त करते रहे हैं। वे यह भी कहते रहे है कि एनपीएस पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने से राज्य सरकार के अंशदान का रकम जमा करने से मुक्त हो गया है। इससे राज्य सरकार को बहुत फायदा है।

राजस्थान में हुए घोटाले के बाद कर्मचारियों में अपने जमा रकम को लेकर चिंता हो रही है। उन्होंने नए मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के संज्ञान में इसे एक्स पोस्ट के द्वारा लाकर लाखों कर्मचारियों के पुरानी पेंशन योजना लागू करने के नाम पर उनकी जमा रकम की सुरक्षा हेतु वित्त विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब कर जांच करने मांग की है।

# 14 लाख के लूट का मामला निकला फर्जी

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। एक युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 14 लाख रूपए की लूट की झूठी कहानी रची थी। मामले में सरस्वती नगर पुलिस ने युवक से पूछताछ किया, तो वह ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया और उसने पुलिस को सब कुछ सच सच बता दिया। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की है।




**पुत्र ने दोस्तों के साथ मिलकर रची थी लूट की कहानी**

बता दें कि आरोपी युवक साकेत तिवारी को उनके पिता ने 14 लाख रूपए दिए थे और कहा था कि उसके अपने बहन के खाते में जमा कर दे। लेकिन साकेत ने उक्त पैसे को बैंक में जमा ना करते हुए पैसे के बंडल को अपने घर के बेड में छिपा दिया। जिसके बाद उसने अपने पिता के पास आकर लूट की झूठी कहानी बताई। उसने बताया कि वह पैसे को एक थैले में लेकर जा रहा था, तभी किसी ने उसे लूट लिया।

जब उसके पिता ने इसकी रिपोर्ट सरस्वती नगर थाने में की। तो पुलिस ने साकेत तिवारी से कड़ाई से उससे पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया और घर के बेड में छिपाकर रखे 14 लाख रूपए को लाकर पुलिस को दिया। मामले में पुलिस ने साकेत तिवारी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# सामाजिक अंकेक्षण विभाग के संचालक पर वसूली का आरोप

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई कर्मचारी महासंघ ने विभाग के संचालक मनोज कुमार तिवारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि विभाग के संचालक मनोज कुमार तिवारी नियम के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं, उनके द्वारा कर्मचारियों से पैसे की उगाही की जा रही है।संचालक उनसे अभद्र भाषा में बात करते है. जो कोई बात नहीं मानते उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। संचालक की मनमानी से नाराज विभाग में कार्यरत कर्मचारियों ने विभाग से उन्हें हटाने के साथ-साथ उन पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर राजभवन में ज्ञापन सौंपा।

विभाग के कर्मचारी रणवीर सिंह और सत्यम पटेल ने बताया कि कर्मचारी इससे पहले भी संचालक के खिलाफ मंत्रालय में ज्ञापन सौंप चुके है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और ना ही किसी प्रकार से रोकथाम किया गया है। कर्मचारियों की शिकायत के बाद मनोज तिवारी बदले की भावना से उन्हें निरंतर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहें है।वहीं कार्यक्षेत्र से हटाने के उद्देश्य से चेतावनी पत्र में नोटिस भी जारी कर रहे है।



**कर्मचारियों ने राज्यपाल से की शिकायत**

### कर्मचारियों ने राज्यपाल को सौंपा धमकी का वीडियो

सामाजिक अंकेक्षण विभाग के संचालक के खिलाफ शिकायत लेकर राज्यपाल के पास पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि मनोज कुमार तिवारी द्वारा उनसे पैसों की मांग की जा रही है, इसका वीडियो ऑडियो दोनों संलग्न करके हमने मंत्रालय में शिकायत की थी।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इसलिए आज हमने ज्ञापन के साथ वीडियो/ऑडियो दोनों संलग्न करके राजयपाल को सौंपा है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले नौ सालों से उनकी कोई इंक्रीमेंट नहीं हुई है।जो संचालक की मांग के अनुसार पैसे दे रहे है उनका ही इंक्रीमेंट किया जा रहा है. कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि संचालक के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो वे आंदोलन करेंगे।

# गाजा में शांति बहाली के लिए रायपुर में प्रदर्शन

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के खिलाफ बढ़ते नरसंहारी हमलों को तत्काल रोकने एवं गाजा में शांति बहाली की मांग को लेकर रायपुर में आज माकपा , सीटू, एस एफ आई सहित जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन आयोजित किया । प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव धर्मराज महापात्र ने कहा कि इजराइल संयुक्त राष्ट्र संघ की अपील को भी मानने से इंकार कर गाजा और फिलिस्तीन के खिलाफ जघन्य युद्ध छेड़ रखा है।यहाँ तक कि अस्पतालों, स्कूलों और संयुक्त राष्ट्र आश्रयों पर भी बमबारी की जा रही है। इजराइल संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों का उल्लंघन कर रहा है और लगातार युद्ध अपराधों में लगा हुआ है। एक जानकारी के अनुसार अब तक 17000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।



रिपोर्टस् के मुताबिक इजरायली बमबारी से हर 15 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है। इस नरसंहार को अमेरिका और उसके सहयोगियों का समर्थन मिल रहा है। वहां किसी भी राहत कार्य की अनुमति नहीं दी जा रही है। पानी, ईंधन, भोजन और दवाओं की भारी कमी है।

विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियां जैसे हैज़ा, चिकनपॉक्स आदि तेजी से फैल रही हैं। यह युद्ध तत्काल रोका जाना चाहिए और फिलस्तीन जनता का अधिकार बहाल किया जाना चाहिए।

मानवता के खिलाफ इस हमले के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन इजरायल उसे अनदेखा कर रहा है जो निंदनीय है ।उन्होंने वहां तुरंत शांति बहाल करने और 1967 से पहले की सीमाओं के साथ पूर्वी यरुशलम को राजधानी के रूप में फिलिस्तीन की स्थापना की मांग के साथ एकता का इजहार किया। प्रदर्शन में सुरेंद्र शर्मा, राजेश अवस्थी, अजय कन्नोजे, के के साहू, राजेश पराते, संदीप सोनी, करण सोनकर, गजेंद्र पटेल, ज्योति पाटिल, ललित वर्मा, डी सी मजूमदार, केदार साहू, बोधराम वर्मा, साजिद रजा, आरिफ दागिया, अथर्व अवस्थी प्रमुख रूप से शामिल थे ।

# व्याख्याता से प्रभारी प्राचार्य ने की मारपीट पीड़िता ने कलेक्टर से की शिकायत

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर के रायपुर स्थित कन्या आश्रम शाला में प्रभारी प्राचार्य ने व्याख्याता से मारपीट की है, जिसकी शिकायत व्याख्याता ने रायपुर कलेक्टर से की है।



प्रार्थी व्याख्याता पुष्प लता साहू ने शिकायत में बताया कि 6 दिसंबर को स्कूल परिसर में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रभारी प्राचार्य आभा अग्रवाल के अभद्र व्यवहार की शिकायत मोहल्ला वासियों और पालकगण द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के पास की गई थी, जिसकी जांच के लिए गिरिजाशंकर हाईस्कूल की प्राचार्य जांच के लिए कन्या आश्रम शाला आई और जांच करने के बाद टीम वापस चली गई।

वहीं 8 दिसंबर को प्रभारी प्राचार्य अग्रवाल ने स्कूल आकर पूछा कि मेरे विरोध में किसने किसने क्या-क्या बयान दिया है और प्रार्थी व्याख्याता पुष्पलता साहू से बहस करने लगी और स्कूल के स्टॉफ और छात्रों के सामने ही मारपीट भी की। जिसके बाद प्रथिया ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायत रायपुर कलेक्टर से करते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# पीएससी मामले पर फिर कोर्ट जाएंगे पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर

**रायपुर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। पीएससी घोटाले के मुद्दे को लेकर भाजपा शुरू से ही आवाज उठाती रही. पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर पीएससी मामलें को लेकर फिर कोर्ट जाने की तैयारी में हैं. ननकीराम कंवर ने कहा, सरकार को हमने सलाह दिया है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को जेल भेजा जाए. प्रशासनिक दृष्टि से कांग्रेस सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया. जिन अधिकारियों की संलिप्तता है उन्हें भी जेल भेजा जाना चाहिए.



**कहा- दोषियों को दिलाएंगे सजा**

ननकीराम ने कहा, सट्टा, कोयला की चोरी भी कांग्रेस सरकार ने कराई. जो अफसर जेल गए हैं वो भले न बोले पर सट्टा खिलवाने वाले ने अपना मुंह खोला दिया है. पीएससी मामले में हमने सलाह दिया है कि पूर्व मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को भी जेल भेजो, उन्हीं के रहते हुए यह घोटाला हुआ है. कुछ कार्रवाई नहीं हुई. प्रशासनिक दृष्टि से कोई कदम नहीं उठाया. इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए थी.

उन्होंने कहा, रिटायर्ड लोगों को जेल पहले ही भेज देना था. मेरा सुझाव वकील को भी दिया गया है कि इस मुख्यमंत्री को जेल भेजो, जिन अधिकारियों ने गलत किया उन्हें जेल भेजना चाहिए.

प्रधानमंत्री ने भी संकेत दे दिया है कि सबको जेल भेजेंगे. सट्टा कोयला घोटाला को लेकर केंद्र के अधिकारी ने चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखा है. इससे स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री ही कोयला चोरी करवाता था, जो आईएएस अफसर जेल गए हैं वह भले न बोले, लेकिन सट्टा खिलाने वाले ने बोल दिया है कि पैसा भेजता था।

# राजधानी में चलेगा विशेष सफाई अभियान : कलेक्टर



**डॉ. भूरे ने नगर निगम की ली बैठक**

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में सभी जोन कमिश्नरों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कल 12 दिसंबर से रायपुर शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत एयरपोर्ट से लेकर गौरव पथ और साइंस कॉलेज मैदान तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर नाईट स्वीपिंग मशीन द्वारा सड़को की सफाई की जाएगी। साथ ही डिवाईडरों की भी धुलाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न चौक-चौराहों मे महापुरूषों की मूर्तियों की विशेष साफ-सफाई की जाएगी। साथ ही सड़क में विचरण करने वाले मवेशियों को हटाकर संबंधित स्थान पर पहुंचाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शहर में कचरे का जमाव ना हो इसे नगर निगम टीम द्वारा निरंतर उठाव किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि यह सफाई अभियान आगे भी निरंतर चलता रहेगा। इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अबिनाश मिश्रा और नगर निगम के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# खरोरा इलाके में जंगली सुअर का आतंक

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। खरोरा तहसील के ग्राम नवागांव में जंगली सुअर के हमले में एक ग्रामीण गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । नवागांव निवासी जवाहर लाल वर्मा उम्र 52 वर्ष खेत में धान कटाई करने गए थे,तभी जंगली सुअर ने हमला कर दिया और शरीर में दर्जनों घाव कर दिया। बड़ी मुश्किल से पीड़ित जान बचाकर भागने में सफल हुआ। पीड़ित के पीठ पैर और सिर पर जंगली सुअर ने गहरे घाव किए हैं। बताया जा रहा है कि इसी इलाके में लगातार किसानों पर हमले की खबर आ रही है, वन विभाग के अधिकारियों की माने तो मोहरेंगा नेचर सफारी जंगल क्षेत्र में हजारों की संख्या में जंगली सुअर झुंड में घूमते देखे जाते हैं। ऐसे में लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। वन विभाग के कर्मचारियों ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित का हालचाल जाना और सहयोग राशि दी। साथ ही विभाग से मुआवजे के लिए प्रक्रिया शुरू की।



**हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल**

# चालीहा महोत्सव प्रभु को पाने का सबसे सरल मार्ग

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)।स्टार ग्राउंड संत कंवररामनगर कटोरा तालाब में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति के तत्वाधान में संत शिरोमणि साईं लाल दास के द्वारा दिव्य सत्संग किया गया।जिसमें उन्होंने भगवान झूलेलाल के चालीहे महोत्सव की महिमा बताते हुए कहा कि जो भी भक्तजन 40 दिनों तक भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना करते हैं उपवास रखते हैं उन्हें मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। भगवान झूलेलाल का अवतरण 40 दिन की पूजा अर्चना के पश्चात और उनके आह्वान के बाद हुआ था इसलिए चालीहा महोत्सव की महिमा अपरंपार है। समाज जन घर में कलश रखकर उसमें जल भर कर रखें तथा 40 दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना करें साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उस जल में चमत्कारिक गुण होते हैं और पूरे वर्ष तक उसे जल में किसी भी तरह की खराबी नहीं आती वह पूरी तरह से शुद्ध रहता है।यह वर्षों से समाज जनों द्वारा आजमाई हुई चीज है। उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल के जीवन से सभी समाज जनों को प्रेरणा लेनी चाहिए। जिस तरह भगवान झूलेलाल का अवतरण मानव मात्र की सेवा के लिए हुआ था उसी तरह मानव सेवा को ही माधव सेवा मानकर हम भगवान झूलेलाल की सच्ची आराधना कर सकते हैं। चालीहा महोत्सव इस वर्ष 14दिसंबर से शुरू हो रहा है।



**धर्म परिवर्तन नहीं कर्म परिवर्तन से जीवन में आता है सकारात्मक परिवर्तन : साईं लालदास**

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धर्म परिवर्तन का बड़ा जोर चल पड़ा है अनेक तरह के प्रलोभन और लालच देकर धर्म परिवर्तन कराए जा रहे हैं।हमारे सिंधियों व हिंदू कोम को इस तरह के प्रलोभन से बच कर रहना चाहिए क्योंकि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन धर्म परिवर्तन से नहीं बल्कि कर्मों के परिवर्तन से आते हैं। हमारे शास्त्रों में लिखा हुआ है कि ईश्वर कहते हैं अच्छे कर्मों से ही प्रभु की प्राप्ति होती है पर स्त्री की तरफ बुरी नजर से नहीं देखना ईर्ष्या की भावना नहीं रखना तथा मुकर पक्षी पशु पक्षियों की सेवा करना गौ माता की सेवा करना तथा मानव सेवा के माध्यम से कर्मों में परिवर्तन करके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकते हैं।इसलिए धर्म परिवर्तन ना करके कर्मों का परिवर्तन करें और इसके बहुत ही अच्छे और चमत्कारिक परिणाम प्राप्त होते हैं।

बाबा गुरुमुख दास सेवा समिति के सेवादारी सुभाष बजाज व सुनील रामवानी ने बताया भजनों के माध्यम से संत जी भगवान की महिमा का अदभुत बखान किया।श्रद्धालुजन देर रात्रि तक भजनों पर झूमते रहे तथा महिला पुरुषों ने आकर्षक छेज नृत्य भी इस अवसर पर प्रस्तुत किया।

# जनचौपाल में पेंशन, अवैध निर्माण, जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने सहित अन्य समस्याओं के आए मामले

**रायपुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज जनचौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में आज 33 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जनचौपाल में रायपुर खमतराई निवासी प्रहलाद बाजारी ने शिकायतकर्ता के मकान में अवैध कब्जा एवं निर्माण करने वाले के विरूद्ध कार्यवाई करने, रायपुर निवासी भोजराज गौरखेडे ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने, वार्ड क्रमांक-46 के पार्षद श्री गोविन्द मिश्रा ने तालाब पर कब्जा हटवाने, वर्धमान नगर वार्ड नंबर -53 देवपुरी के निवासी स्वप्निल दीप ने नाली निर्माण कराने, रामकुंड के मोहल्लावासियों ने छात्रावास आवास के निकट शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु, ग्राम टण्डवा निवासी पंच विनोद वर्मा ने बांधा के नीचे एवं नाली के पार स्थित अवैध निर्माण को हटाने, ग्राम सुन्दरकेरा के श्री सितेन्द्र ठाकुर द्वारा विक्रय किए गए धान की बोनस राशि दिए जाने, गांधी नगर गुढ़ियारी निवासी ममता ध्रुव ने स्वरोजगार करने के लिए ई-रिक्शा दिलाने, श्री सुरेश दीवान द्वारा निर्माण स्थलों पर सूचना पटल लगवाने, धरसींवा निवासी सावित्री साहू और सरिता साहू ने पेंशन जारी करवाने, खरोरा निवासी राधा बाई यादव ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत् घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का कनेक्शन लगवाने और ग्राम पंचायत बरतोरी के शिवकुमार ध्रुव ने ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी प्रकार वृन्दावन नगर, कुशालपुर निवासी विजय सोना ने खो-खो तालाब की 5 बंद लाईटें चालू कराने के लिए और सुन्दर नगर निवासी रविकांत साहू ने च्वॉइस सेंटर में आवेदन देने के बावजूद अब तक जाति प्रमाण पत्र न प्राप्त होने का आवेदन दिया। साथ

उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ,
तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।
बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।
गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पांव भी मेरे उपर रख दे।

## संपादकीय

### बच्चों की प्रताड़ना : दोषियों को कड़ी सज़ा मिले

*देश भर की तरह छत्तीसगढ़ में भी कई बार स्कूली बच्चों की जो प्रताड़ना होती है वह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, दिल दहला देने वाली भी होती है। इसके बारे में शिक्षकों एवं स्कूल प्रबन्धकों को कड़ी हिदायतें दी जानी चाहिये। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी आवश्यक है। बच्चों को इस बाबत जागरूक किया जाना चाहिये ताकि उनके साथ होने वाले उत्पीड़न की वे निर्भीक होकर परिवार वालों को जानकारी दें।*

*अक्सर इस आशय की खबरें सामने आती रहती हैं जो बच्चों के साथ शिक्षकों द्वारा मारपीट करने या सज़ा के तौर पर उन्हें यातना देने के मामले होते हैं। अक्सर होम वर्क न करने, पाठ याद न करने, परीक्षाओं में कम अंक आने अथवा अनुत्तीर्ण होने पर कभी उन्हें धूप में या बेंच पर घंटों खड़ा कर दिया जाता है। कई बार कक्षा के बाहर घुटनों के बल पर बैठा दिया है। वैसे तो भारत में वर्षों से ऐसी सजाओं पर कानूनन रोक लगी हुई है परन्तु पठन-पाठन की परम्परा के अनुरूप यह माना जाता है कि उन्हें ऐसी सजाएं देने से वे अनुशासित रहते हैं और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति भी जल्दी होती है। ऐसा भी होता है कि किसी भी प्रकार की बाल सुलभ शैतानी करने पर उन्हें बहुत कठोर दण्ड दिया जाता है। शिक्षकों द्वारा कठोर सजाएं देने या कोई यातना पहुंचाने से बच्चों को गम्भीर रूप से शारीरिक नुकसान पहुंचता है- कभी स्थायी तो कभी अस्थायी। उनके कोमल मन पर भी इसका विपरीत असर होता है। वे इससे आजन्म आहत व अपमानित महसूस करते हैं। कई बच्चे तो शिक्षा ही छोड़ देते हैं।*

*ऐसी ही एक घटना प्रदेश के कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड में चल रहे केरावाही शासकीय माध्यमिक शाला में हुई। यहां किसी बच्चे ने शौचालय के सामने गंदगी कर दी। शिक्षकों ने पूछताछ की परन्तु किसी ने भी यह काम करने से जब इंकार कर दिया तो नाराज़ शिक्षकों ने 25 बच्चों की हथेलियों पर कड़ाही में रखे गर्म तेल की बूंदें टपका दीं। इससे उनकी हथेलियों पर फफोले पड़ गये। मामला तब सामने आया जब किसी ने कुछ बच्चों की हथेलियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर दी। इससे विभागीय अधिकारियों ने पूछताछ की लेकिन शिक्षकों ने कहा कि खेल-खेल में बच्चों ने एक दूसरे के हाथों पर तेल डाला है। यदि यह सच भी है तो उन्हें शिक्षकों द्वारा रोका जाना चाहिये था। स्पष्ट है कि ऐसा खुद को बचाने के लिये शिक्षिकाएं कह रही हैं। बच्चों ने साफ संकेत दिये कि इसमें प्रधानाध्यापिका, दो शिक्षिकाओं व एक सफाई कर्मचारी का हाथ है। कुछ अन्य शिक्षक इस दौरान मौन खड़े रहे। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को चाहिये कि दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करें।*

# राम जन्म भूमि मंदिर का अक्षत कलश आज अयोध्या से दुर्ग पहुंचा, श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के स्थापना समारोह हेतु अक्षत कलश यात्रा आज अयोध्या से दुर्ग पहुंची। दुर्ग रेल्वे स्टेशन के सामने आमदी मंदिर में रखकर अक्षत कलश की पूजा अर्चना की गई। पश्चात अक्षत कलश गांधी चौक स्थित राममंदिर में रखा गया है। 22 दिसंबर को यह अक्षत कलश दुर्ग शहर के सभी वार्डो में स्थित विभिन्न मंदिरों में रखा जायेगा और 1 जनवरी से विश्व हिन्दू परिषद, बजरंद दल के कार्यकर्ताओं द्वारा प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण चलाया जायेगा। यह अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलाया जायेगा। इसके तहत विहिप बजरंग दल के कार्यकता4 घर घर जाकर लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या में शामिल होने का आमंत्रण देगें।



अक्षत कलश सुबह आमदी मंदिर में रखा गया जहां लोगों ने अक्षत कलश के दर्शन किये। शाम को यह अक्षत कलश यात्रा के रूप में बाजा गाजा, डीजे की धुन पर निकाली गई। शोभायात्रा में एक सुसज्जित रथ पर अक्षत कलश सजाया गया था। इसमें भगवान श्रीराम के चित्रों की झांकी सजाई गई थी। अक्षत कलश यात्रा आमदी मंदिर से ग्रीन चौक, अग्रसेन चौक, हरनाबांधा पुलिया, सुभाष चौक, फरिश्ता काम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, मध्यानी चौक होते हुए मोती काम्पलेक्स से होकर सदर बाजार स्थित प्राचीन पंचायती सीताराम मंदिर पहुंची। यहां पर अक्षत कलश सम्मान स्थापित किया गया।

**1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण अभियान**

इस सबंध में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल संयोजक रामलोचन तिवारी ने बताया कि 22 दिसंबर से शहर के सभी वार्डो में स्थित विभिन्न मंदिरों में अक्षत कलश रखा जायेगा। पश्चात 1 जनवरी से 15 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण अभियान चलाया जायेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक विहिप कार्यकर्ताओं की टोली अपने मंदिर क्षेत्र के घरों घर जाकर राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण पत्र वितरित करेगी। यह टोली बूथ स्तर तक जायेगी। आज की इस अक्षत कलश यात्रा में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महेश यादव, प्रमोद वाद्य, रजनीश श्रीवास्तव, सुनील वैष्णव, रामलोचन तिवारी एवं दिनेश मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग में बहेगी विकास की गंगा : विकास दीवान



**जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मनाया जश्न**

**बेमेतरा,** 11 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के घोषणा का इंतजार था। जैसे ही रविवार की शाम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय नाम की घोषणा हुई वैसे ही भाजपाजन खुशी से झूम उठे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान के नेतृत्व में पटाखे फोड़े और लोगों को मिठाइयां बांटीं। भाजपा में मुख्यमंत्री को लेकर कई दिनों से चल रहे उठा-पठक का पटाक्षेप हो गया। नवागढ़ नगर में पटाखा फोड़ जश्न मनाया गया। जय श्रीराम के उद्घोष से नगर गूंजता रहा। सभी एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर खुशी का इजहार कर रहे थे।

जिला उपाध्यक्ष विकास दीवान ने कहा कि विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने आदिवासी समाज का सम्मान किया है। वहीं विधानसभा चुनाव में सभी वर्गों के प्रतिनिधित्त्व से लोगों का पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का जनाधार निश्चित रूप से बढ़ेगा। इस मौके पर एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, सुरेश निषाद, टीकम गोस्वामी, गोलु सिन्हा, जितेन्द्र भुवाल, रामाधार साहू, धनीराम निर्मलकर, फूलचंद साहू, काल्विन जोशी, मिथलेश सोनकर, शिव सोनकर, अशोक निषाद, कृष्णा ध्रुव, तनु दीवान, मनीष श्रीवास, अवतार यादव, धनी देवांगन, नरेन्द्र बंजारे, रवि यादव, भागवत सोनकर, राजा, जित्ते सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ग्रामीण अंचल में भी उत्साह**

नवागढ़ नगर के अतिरिक्त गांव-गांव में भी भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। जिसमें नरेन्द्र शर्मा, फिरतुराम साहू, छन्नू गुप्ता, बबलू राजपूत, दीपक तिवारी, दयावंत बांधे, जगजीवन खरे, निमिराज सोनवानी, सुभाष सोनी, कृपाशंकर त्रिपाठी, प्रेमु वर्मा, मुचकुंद राजपूत, प्रदीप शुक्ला, लक्ष्मी वर्मा, युपेश साहू, अभिषेक राजपूत, गजेन्द्र साहू, महेश टण्डन, कुंजबिहारी ठाकुर, आलोक तिवारी, रामकुमार देशलहरा, सुशील बनर्जी, खेमिन बाई साहू, बीनो सोनकर आदि ने प्रसन्नता जाहिर की।

# गर्ल्स कॉलेज की डिलेश्वरी एवं धनु ने जीते स्वर्ण पदक



**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने इंटर कॉलेज तैराकी प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 06 पदक जीते। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय शंकराचार्य महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालयीन तैराकी प्रतियागिता का आयोजन किया गया था। इसमें महाविद्यालय की छात्रा कु. डिलेश्वरी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। उन्होंनें 50 मीटर बैंक स्ट्रोक, 100 मीटर की फ्री स्टाईल, 200 मीटर की फ्री स्टाईल में सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीते।

महाविद्यालय की बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. धनु ने 2 स्वर्ण पदक और 01 रजत पदक जीता। उन्होनें 200 मीटर आई. एम. एवं 50 मीटर बटर फ्लाई में स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर बटर फ्लाई में रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उपरोक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन स्वीमिंग प्रतियोगिता हेतु हुआ। यह प्रतियोगितादिनांक 21 से 23 दिसम्बर को कलिंगा युनिवर्सिटी ऑफ सोशलसाईन्सेस भुवनेश्वर में आयोजित होगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द तिवारी, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. सुषमा यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी।

# एक अरसे बाद कलेक्टर जनदर्शन में फिर सुनवाई

**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर गोकुल रावटे ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 27 आवेदन प्राप्त हुए। वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी निवासी ने शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज एवं बजरंग पारा में स्थित विद्युत पोल के पास बड़ा वृक्ष होने के कारण पेड़ की डंगालियां विद्युत तार से टकराने के कारण शार्ट सर्किट होने एवं अनहोनी की आशंका को लेकर जनदर्शन में अपना आवेदन सौपा। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को कार्यवाही करने को कहा। चिल्हर सब्जी विक्रेता संगठन इंदिरा मार्केट द्वारा पार्किंग, अवैध कब्जा, नाली मरम्मत एवं आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए आवेदन दिया।



इसी प्रकार हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी ने बताया कि एलआईजी वार्ड में आवारा सुअरों की संख्या बढ़ते ही जा रही है। इसकी शिकायत टोल फ्री नम्बर पर भी की गई थी। इस पर सुअर पालकों को सुअर हटाने हेतु निर्देशित किया गया था। आवारा सुअरों की बढ़ती हुई संख्या से बच्चों को नुकसान पहुंचाने का डर बना रहता है। इस पर अपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को कार्यवाही करने को कहा। भिलाई फुटकर व्यवसायिओं ने गुमटी प्रदाय करने एवं राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# पशु चिकित्सा महाविद्यालय अंजोरा ओवरऑल चैंपियन



**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालयए दुर्ग में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वि.वि. के कुलपति डॉ.आर. आर. बी सिंह ने खिलाड़ियों को अपने संबोधन में कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि खेल तनाव को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। खेल हमारे बौद्धिक विकास के लिए भी आवश्यक है। इस प्रतियोगिता में वेटरनरी कालेज, अंजोरा, दुग्ध एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर एवं फिशरीज कॉलेज कवर्धा के छात्र.छात्राओं ने भाग लिया। इसमें गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद कबड्डी ;पुरुष खो.खो ;महिला एवं पुरुष, वॉलीबॉल ;महिला एवं पुरुष, बैडमिंटनए टेबल टेनिस एवं दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर एवं ऊंची कूद आदि खेलों की स्पर्धाएं हुई जिसमें वेटरनरी कॉलेज अंजोरा प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल विजय बना। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.नीलू गुप्ता ने खेल स्पर्धा एवं इस प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समापन अवसर पर कुलसचिव डॉ. आरके.सोनवणे ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस प्रतियोगिता के दौरान अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज अंजोरा डा.एसकेतिवारी, अधिष्ठाता फिशरीज कॉलेज कवर्धा डॉ राजू शारदा, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ दिलीप चौधरी, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। क्रीड़ा अधिकारी एबीएस.दीवान द्वारा समस्त खेलों का संचालन किया गया।

# नेशनल लोक अदालत की सुनवाई 16 दिसम्बर को

**निराकरण हेतु 10 हजार से अधिक मामले**

**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश अनुसार वर्ष-2023 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं) दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड व तहसील न्यायालय भिलाई-3, पाटन व धमधा में आयोजित की जाएगी।

16 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिसके तहत आपसी राजी नामा योग्य आपराधिक मामले, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामले, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरण, स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवाएं से संबंधित प्रकरण व राजस्व से संबंधी लगभग 10 हजार 77 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था विद्युत, दूरसंचार एवं नगर निगम के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिकेशन प्रकरण के कुल 4933 से अधिक मामले सुनवाई हेतु रखे गए हैं। वही संबंधित चिन्हांकित व रखे गये मामलों के नेशनल लोक अदालत की तिथि में अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने न्यायालय के पीठासीन अधिकारीगण द्वारा नियमित रूप से पक्षकारों के मध्य प्री-सीटिंग/बैठक का आयोजन अधिक संख्या में किये जा रहे हैं। जिससे प्रकरण 16 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण निराकृत होने की संभावना है। 16 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में चिन्हांकित कर रखे गए मामलों की सुनवाई हेतु जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, व्यवहार न्यायालय तहसील भिलाई-3, पाटन, धमधा एवं किशोर न्याय बोर्ड, जनोपयोगी सेवाएं से संबंधित स्थायी लोक अदालत तथा श्रम न्यायालय के कुल 32 खंडपीठ का गठन माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के निर्देशानुसार गठित की जाएगी। संबंधित गठित खंडपीठ में नेशनल लोक अदालत की तिथि में प्रकरणों की सुनवाई पक्षकारों के मध्य सौहाद्रपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति/राजीनामा के आधार पर किए जाएंगे।

# कीटनाशक दवा के सेवन से अधेड़ की मौत

**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी हरिशंकर सोनी पिता विदेशीराम सोनी (46) का आज सुबह कीटनाशक दवा खा लेने से मृत्यु हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पद्मनाभपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पद्मनाभपुर पुलिस का कहना है कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि मृतक ने धोखे से कीटनाशक दवा का सेवन किया था अथवा अन्य कोई कारण है।

पद्मनाभपुर पुलिस ने अनुसार आज सुबह हरिशंकर सोनी ने जैसे ही कीटनाशक दवा का सेवन किया उसके परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित करने के बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के बयान दर्ज किये। बाद में शव परिवारजनों को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना जारी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में जिला संयोजक नरेंद्र वर्मा ने कलेक्टर एल्मा से की चर्चा

**25 जनवरी तक चलेगी यात्रा, केंद्र के योजनाओं की दी जाएगी जानकारी**




**बेमेतरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा का विकसित भारत का संकल्प यात्रा सबको विकास के पथ पर साथ लेकर चलने का संकल्प है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य उन लोगों तक सरकारी योजनाओं और लाभों को पहुंचाना है जो पीछे रह गए हैं। इस यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर से होगी। 25 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में कलेक्टर पीएस एल्मा से साजा विधायक ईश्वर साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा जिला महामंत्री एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक नरेंद्र वर्मा ने विस्तार से चर्चा की।

साथ ही जिला संयोजक नरेंद्र वर्मा ने बताया कि विकसित भारत का संकल्प यात्रा जिले की सभी ग्राम पंचायत व नगर निकायों में भ्रमण करेगी और योजनाओं के प्रति जागरूकता व जन भागीदारी के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत होगी। साथ ही अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरेगी और केंद्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवाएगी। छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी।

# अमानक कीटनाशक औषधि पर लगा प्रतिबंध

**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। वर्ष 2023-24 में कीटनाशी निरीक्षक द्वारा कीटनाशक औषधि का नमूना राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, ठेलकाडीह राजनांदगांव में विश्लेषण हेतु भेजा गया। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्लेषण परिणाम अमानक पाये जाने के उपरांत कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए धारा 3 के उल्लंघन के फ्लस्वरूप 18 (1) (सी) के अंतर्गत अमानक कीटनाशक औषधि ट्राईसाइक्लाजोन 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी का जिले में भण्डारण तथा विक्रय तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

# 29 पदों के लिए 15 को रोजगार मेला का आयोजन

**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 15 दिसम्बर को समय प्रातः 10ण्30 बजे जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट केम्प में नियोजक टांकेश्वरी मेटल प्रालि.अहेरी दुर्ग, स्पान टेक्नोलॉजी के लिए 29 पद रिक्त हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र ;मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छग निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की ;छायाप्रति के साथ प्लेसमेंट केम्प रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते है।

# निगम लोककर्म विभाग के अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश



**महापौर व आयुक्त की उपस्थिति में समीक्षा**

**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। चुनाव की आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद आज पहली बार नगर निगम के लोककर्म विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। महापौर धीरज बाकलीवाल, लोककर्म प्रभारी अब्दुल गनी, तथा आयुक्त लोकेश चंद्राकर की उपस्थिति में हुई बैठक में लोक निर्माण विभाग के तहत चल रहे विकास और निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। चुनावी आचार संहिता के कारण जो कार्य रूक गये थे उन्हें शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया।

बैठक में महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम दुवारा चलाये जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यो में अपेक्षित गति लाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करें। बैठक में बताया गया कि महापौर निधि, पार्षद निधि और एल्डरमेन निधि, अधोसंरचना 15 वें वित्त व अन्य मदों के अंतर्गत प्रस्तावित व प्रगतिरत के अलावा जो कार्य पूरा हो चुके है उन सभी कार्यों की बैठक में जोनवार व मदवार विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त श्री चंद्राकर ने सभी सीमा के भीतर सभी कार्यो को अनिवार्य रूप से पूरा करने के साथ ही चल रहे कार्यो की नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ हो इसे भी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके अलावा दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत तालाबों से संबंधित कार्यो की भी समीक्षा का उन्हें शीघ्रता से पूरा करने को कहा। बैठक में लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता जितेन्द्र समैया, आर.के.पालिया, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, बी.पी.मिश्रा, लेखा अधिकारी आर.के.साहू, व अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

# ईंटा-डंडे से दो परिवारों में मारपीट 5 पर अपराध दर्ज

**भिलाईनगर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। वीति देर रात छावनी थाना अंतर्गत शर्मा कालोनी विवेकानंद नगर में पुराने लेन देन को लेकर दो परिवारों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्ष आपस में ईंट और डंडे से एक.दूसरे पर हमला करने लगे, जिससे सभी को चोटें आईं हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर पांच लोगों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। छावनी थाना पुलिस ने बताया कि कल रात पौने 11 बजे दुर्गेश किराना दुकान के पास निवासी रेखा और प्रमोद दो परिवार के सदस्यों के आपस में मारपीट की सूचना पर टीम घटनास्थल पहुंची और दोनों पक्ष को थाना लाया गया। प्रमोद ने बताया कि एक माह पूर्व उसके बेटे महेश को उसके दोस्त मोनू ने एक मोबाइल फोन देकर बदले में कुछ पैसे लिए थे। कल रात मोनू और उसका भाई सोनू घर आकर महेश को गालियां देते हुए विवाद करने लगे। उन्हें झगड़ते देख प्रमोद और उसकी पत्नी बबीता जब बीच बचाव करने आये तो दोनों, सबको जान से मार देंगे कहते हुए मारपीट करने लगे। मोनू ने पास ही पड़ी ईंट के टूकडे से बबीता के सिर में मारा है, जिससे उसका सिर फूट गया। रेखा सोनी ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे अंकित ने अपने दोस्त महेश को कुछ दिन पहले अपना मोबाइल फोन रखने के लिए दिया थाए बदले में कुछ रूपये लिया था। 10 दिसंबर की रात महेश के पिता उनके साथी सत्येन्द्र, धर्मेन्द्र तीनों ने अंकित के पास आकर बोले कि महेश का रूपया वापस कर नहीं तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार देंगे। मोनू ने विरोध किया तो तीनों पप्पू, सत्येन्द्र व धर्मेन्द्र एक राय होकर रेखा और उसके देवर राधेश्याम सोनी से मारपीट करने लगे। पप्पू ने अपने पास रखे डण्डे से मारपीट कर चोट पहुंचाया है जिससे रेखा के माथे में चोट लगी है।

# निगम-संयंत्र की संयुक्त कार्रवाई जारी

## सेक्टर-1 अंडरब्रिज के पास व निगम ने फल व सब्जी मंडी में तोड़फोड़



**भिलाईनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर निगम और टाउनशिप क्षेत्रों में कब्जेदारों के खिलाफ बेदखली अभियान के तहत आज सोमवार को कार्यवाही की गई। टाउनशिप के सेक्टर-1 में अंडरब्रिज सेक्टर-1 के आसपास 50 से ज्यादा कब्जेदारों को खदेड़ा गया। फ्लाइओवर के नीचे कब्जा करने वालों को वहां से हटाया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट की टीम महाप्रबंधक के.के यादव के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई। विधानसभा चुनाव के पहले लगातार बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही थी। आचार संहिता की वजह से अभियान को रोक दिया गया था। जिसे एक बार फिर से तेज कर दिया गया है। पुलिस बल और जिला प्रशासन की मौजूदगी में इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट का अमला एक्शन में है। भिलाई नगर निगम की टीम भी साथ में मौजूद है। इधर-नंदनी रोड, पावर हाउस, चटाई क्वाटर क्षेत्र में बेदखली अभियान चल रहा है। केम्प-2 स्थित फल सब्जी मण्डी, पावर हाउस से शुरुआत की गई। इसी तरह रविवार को कोहका के न्यू आर्य नगर, शुभम, शिव, छत्तीसगढ़ कालोनी क्षेत्र के 12 स्थानों पर किये गये अवैध प्लाटिंग की बाउंड्रीवाल को ध्वस्त करते हुए भूमि को समतल कर पूर्व स्वरूप प्रदान किया गया। जिला प्रशासन के मौजूदगी में आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के तोड़फोड़ दस्ता ने सुबह 8 बजे सिरसा रोड मोड पर कोहका में एस.डी.एम. मुकेश रावटे, तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाई, आर.आई. पटवारी तथा पुलिस बल के साथ पहुंच कर एम.जे.स्कुल के पीछे प्रिकास्ट से घेर कर किये गए अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर अस्थायी मार्ग के मुरूम को जब्त किया गया। टीम शुभम कालोनी. शिव कालोनी तथा छत्तीसगढ़ कालोनी के नाम से विकसित क्षेत्र के कुल 12 खसरो पर किये गये अवैध प्लाटिंग के बाउंड्रीवाल को जसीबी से ढहा कर भूमि मे बनाए रोड रास्ते को हटा कर भूमि को समतल किया गया। छः घंटे लगातार चली कार्रवाई के दौरान कोई भी भूमि स्वामी मौके पर नही पहुंचे। कोहका हल्का के पटवारी के.डी. साहू ने बताया कि कुल 12 पर किये गये अवैध कब्जे को बेदखल किया गया है। कार्रवाई के दौरान निगम के सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी, बालकृष्ण नायडू, अनिल मिश्रा, सुनील नेमाड, जगमोहन वर्मा, अर्पित बंजारे आदि उपस्थित रहे। निगम प्रशासन के अनुसार अवैध कब्जों के खिलाफ बेदखली की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। निगम की कार्यवाही से लोग अपना कब्जा स्वयं हटाने का कार्य कर रहे है।

### दो दिवस बंद रहेगा मांस मटन बिक्री

**भिलाईनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार इस माह को पड़ने वाले महापुरूषों के जयंती पर निगम क्षेत्र में पशुवधए गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्रो को बंद रखने कहा गया है। पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग छ.ग. शासन द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश प्रसारित कर इस माह पड़ने वाले गुरू घासीदस जयंती 18 दिसम्बर एवं संत तरण तारण जयंती 19 दिसम्बर को पशुवध तथा मांस मटन बिक्री केन्द्रो में तथा खुले मे प्रतिबंधित किया गया है।

# पुलिस ने बार में देर रात दी दबिश



**भिलाईनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों की मीटिंग में निर्देश दिए गए थे। जिसमे अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग के मार्गदर्शन में रात्रि 9 बजे से सरप्राइस अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त थाना एवम चौकी प्रभारी के द्वारा रात 9.30 बजे से चलाए गए अभियान में कुल 17 टीम बनाकर जिले के समस्त बारों में एक साथ चेकिंग कार्यवाही की गई थी। जिससे बार संचालकों में हड़कंप मचा हुआ था। इस अभियान के दौरान राजपत्रित अधिकारी, 17 थाना प्रभारी सहित 100 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। जिन्होंने जिले भर के अलग अलग बारों में एक साथ छापा मार कर समझाइश दिया किया। उपरोक्त बारो में रेड कार्यवाही की गइ। होटल मार्क, स्टील क्लब, पंजाब बार, होटल लोटस, शिवनाथ कैफेटेरिया, होटल सागर, होटल सम्राट, रॉयल कोर्ट, चिली पेपर, होटल इंद्रलोक, होटल अमित इंटरनेशन, गोल्डन बार, मधुबन बार ए ब्लू हेवन बार, जलतरंग बार, मेघदूत बार, होटल किंग्सफोर्ट आदि बारो में जा कर चेक किया गया। चेक करने पर बार का लायसेंस एवम स्टॉक का निरीक्षण कर समय सीमा का ध्यान रखने व हुक्का न पिलाने की हिदायत दी गई। दुर्ग पुलिस की यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# भारी औद्योगिक क्षेत्र में चोरी की घटना

**भिलाईनगर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। इंजीनियरिंग पार्क हथखोज स्थित एक कंपनी से अज्ञात ने रात को धावा बोला और स्टोर रूम का ताला तोड़ लोहे का स्क्रैप 2 टन, तीन वेल्डिंग मशीन, एक कोर कटर, पग मशीन, टार्च सेट, बिजली का केबल व बोर्ड, रेगुलेटर, पाना पेंचिस का बाक्स चोरी कर निकल भागे हैं। सुबह इसकी सूचना पर पुरानी भिलाई पुलिस ने कंपनी संचालक लारेंस देशलहरा की रिपोर्ट पर धारा 380, 457 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। भिलाई.3 एएसआई हीरामन रामटेके ने बताया कि इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में प्लाट नंबर 96 पर सतगुरू इंजीनियरिंग के नाम से कंपनी है। यहां पर फेब्रिकेशन का काम चल रहा है। बीती रात 8 बजे तक काम कर सभी कर्मचारी ताला बंद कर चले गए थे। सुबह कंपनी संचालक लारेंस देशलहरा निवासी सेक्टर-4 भिलाई कंपनी का ताला खोलकर अंदर गए तो देखा कि स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ था और स्टोर रूम में रखा लोहे का स्कैप 2 टन, 200 एएमपी की एक वेल्डिंग मशीन, 400 एएमपी की दो वेल्डिंग मशीन, एक कोर कटर, एक पग मशीन, कटर टार्च सेट, बिजली का केबल व बोर्ड, रेगुलेटर 2 नग ;एलपीजी व आक्सीजनद्धए पाना पेंचिस का बाक्स अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और विवेचना की जा रही है। उल्लेखनीय है कि भारी औद्योगिक क्षेत्र में चोरी की घटना को लेकर उद्योगपतियों नें पूर्व में ज्ञापन सौपकर चोरी की घटना पर रोक लगाने की मांग भी की थी।

# मीटर रीडिंग लेने वाले को नहीं मिला वेतन



भिलाईनगर, 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। टाउनशिप के इलेक्ट्रिकल विभाग में पूरे टाउनशिप के घरों का मीटर रीडिंग लेने वाले श्रमिकों को अगस्त महीने से अभी तक 4 महीने का वेतन नहीं मिला है। जिसकी लिखित शिकायत कार्य करने वाले श्रमिकों ने स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यालय में आकर अध्यक्ष संजय कुमार साहू से की। श्रमिकों ने बताया कि पिछले 4 महीने से उनका वेतन नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है एवं उनका परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। कई बार वेतन संबंधित शिकायत ठेकेदार एवं प्रबंधन से की गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है और ना ही उन्हें वेतन प्राप्त हुआ है। अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने शिकायत उपरांत टाउनशिप के मुख्य महाप्रबंधक के संज्ञान में लाया एवं जल्द वेतन दिलाने के लिए ठेका कंपनी एवं ऑपरेटिंग अथॉरिटी से बात की । ठेका कंपनी के ऊपर कारवाई करने की मांग की। यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक में टाउनशिप में पंप ऑपरेटर के रूप में कार्यरतए ठेका श्रमिकों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उन्हें निर्धारित वेतन से कम वेतन 350 रुपए ही दिया जा रहा है जबकि वह तकनीकी रूप से दक्ष एवं अति कुशल श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं और पूरे टाउनशिप में पानी सप्लाई को सुनिश्चित करने का कार्य करते हैं टाउनशिप में सफाई का कार्य करने वाले श्रमिकों ने बताया कि टाउनशिप में कचरा उठाने से लेकर के सफाई तक का कार्य करते हैं लेकिन ठेका कंपनियों द्वारा बहुत ही कम, 250 ही वेतन दिया जा रहा है शिकायत करने पर ठेका कंपनियों द्वारा काम से निकलने की धमकी दी जाती है। श्रमिकों ने बताया इसकी शिकायत प्रबंधन से करने पर कोई कार्रवाई नहीं होती ना ही उनकी कोई सुनवाई होती है और प्रबंधन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती प्रबंधन से शिकायत करने पर अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है।

# क्रिश्चियन समुदाय द्वारा निकाली गई क्रिसमस वेलकम महारैली



**भिलाईनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। दुर्ग-भिलाई मसीही समुदाय द्वारा यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल के तत्वावधान में क्रिसमस वेलकम महारेली दोपहर 2 बजे भिलाई के सेक्टर-1 मुर्गा चौक से शुरू होकर सेंट्रल एवेन्यू होते हुए हॉस्पिटल सेक्टर के ईस्टर ग्राउंड में शाम-9 बजे समाप्त हुई। जहां क्रिसमस के स्वागत की तैयारी से संबंधित नृत्य-गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रैली में विभिन्न प्रकार की झांकी एवं छत्तीसगढ़ मसीह लोक संगीत के द्वारा यीशु मसीह के संदेश को प्रदर्शित किया गया। रैली में विशेष रूप से दुर्ग भिलाई के गिरजाघर एवं सामाजिक संस्थाएं, बिशप, पास्टर्स, पल्लीपुरोहित, सभी संगठनो के अधिकारीगण, दुर्ग भिलाई के सभी फेलोशिप के लीडर्स शामिल हुए। साथ ही उतई, जामुल, बालोद, बेमेतरा, राजनंदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ से इस महारैली में शामिल होने के लिए मसीही समाज के लोग एकत्रित हुए। इस दौरान जगह-जगह विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक रैली का स्वागत किया। जिनमे प्रमुख रूप से सिविक सेंटर चौक में विधायक देवेंद्र यादव, सेक्टर-10 शांति बेकरी चौक में नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य विभिन्न समाज के प्रमुख लोगों ने रैली का स्वागत किया एवं क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। रैली में हजारों की संख्या में बच्चे, युवा एवं समाज के लोगों ने झूमते नाचते गाते उत्साह के साथ क्रिसमस के आगमन का संदेश दिया कि यीशु मसीह का जन्म इस जगत में मानव जाति के उद्धार के लिए मनुष्य को अनंत जीवन का मार्ग दिखाने के लिए आया। यही प्रेम का शुभ संदेश दिया गया। और सभी 25 दिसंबर को आने वाले क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रैली के स्वागत के लिए प्रत्येक चौक चौराहे पर विभिन्न चर्च के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में तख्तियां लिए हुए जिनमे हुए बाइबल के संदेशों को लिखा हुआ खड़े थे। जहां चर्च के पास्टर्स ने भिलाई, छत्तीसगढ़ एवं देश में शांति, सद्भाव व प्रेम के साथ देश उन्नति के शिखर पर पहुंचे महामारी व बीमारियों से देश को बचाने की दुआ मांगी गई। इस रैली में दुर्ग भिलाई के फैलोशिप के अंतर्गत आने वाले 150 से ज्यादा गिरजाघरों के 10,000 से ज्यादा लोगों के शामिल हुए। जिसमे संयुक्त ईसाई परिषद, एपिस्कोपल चर्च, फेलोशिप, कैथोलिक चर्च, दुर्ग-भिलाई सीरियाई ऑर्थोडॉक्स चर्च, दुर्ग-भिलाई मार्थोमा चर्च भिलाई, क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर-6, बैपटिस्ट चर्च सेक्टर 6, मेनोनाइट चर्च सेक्टर 9, भिलाई दुर्ग पादरी एवं नेता फेलोशिप, छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फेलोशिप, सीजी राज्य मसीही समाज संघ वेफेयर सोसायटी, सीसीएफ युवा सभा, यूसीसी युवा सभा, भिलाई-3 पास्टर्स फेलोशिप, एपिस्कोपल रिवाइवल इंटरनेशनल डायोसीज़, तेलुगु पादरी फेलोशिप, सीजी अल्पसंख्यक उड़िया मसीह समाज, ग्रामीण पादरी फोलोशिप, सार्वभौम सुसमाचार मिशन, उत्तल पादरी फैलोशिप भिलाई और दुर्ग सभी मेन लाइन चर्च सहित दुर्ग भिलाई के सभी गिरजाघरों सदस्य शामिल रहे। रैली में मुख्य रूप से बिशब राजू थॉमस रंबा, फादर जोसेफ थॉमस, फादर शिनू चेरियन, रेवरेंड अर्पण तरुण, रेवरेंड अतुल कुमार, रेवरेंड राकेश प्रकाश, पास्टर एम जोनाथन, पास्टर सीजू थॉमस, पास्टर ओबेद दास, पास्टर वीसी सईद, पास्टर जोशमोन, पास्टर विनोद आचार्य, पास्टर मोजेस लोगन, पास्टर ओबेद दास, पास्टर मनीष दान, पास्टर अजय पालए पास्टर एसण् गाड़ियाए पास्टर संतोष रावए पास्टर विद्या, सीजू एंथोनी, साजन जोसेफ, पी. जोशुआ, के. जोएल, अभिषेक शावल, शैमुअल डेविड सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# लोकतांत्रिक इस्पात-इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन की समीक्षा बैठक

**भिलाईनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। यूनियन कार्यालय में गत दिनों लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन ओबीसी महासभा एवं आदिवासी मात्र शक्ति संगठन की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस बैठक में राजनीतिक पार्टी का आशा के अनुकूल प्रदर्शन ना किया जाना तथा भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक के साथ हो रहे शोषण को रोकने हेतु यूनियन की भूमिका जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अंत में लोकतांत्रिक यूनीयन के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि राजनीतिक पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व जातिवाद जनगणना से पिछड़े वर्ग को होने वाले फायदे को समझाने में असफल रहना, आरक्षण को नागरिकों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए नहीं दिया गया था यह अपने वर्ग का जन प्रतिनिधित्व कर लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए के लिए दिया गया था, रास्ट्रवाद के मसले को प्रमुखता से ना उठाना, संगठन में जागरूपता की कमी, कार्यकर्ता में सेवा की भावना में कमी, केंद्र में आशा के अनुकूल नेतृतव का ना होना, महिला वोटर की मनोदशा को समझने में असफलता रहना। इसके अतिरिक्त आज़ादी के बाद नागरिकों को लोकतांत्रिक देश में किस प्रकार आचरण व्यवहार करना चाहिए यह देश के नेतृतव को सिखाना चाहिए था। वह नहीं किया गया। जिसके कारण पार्टी आशा के अनुकूल प्रदर्शन नहीं कर पाई। लोकतांत्रिक यूनीयन ने यह निर्णय लिया है कि यूनियन में सदस्यों की भागीदारी बढ़ाएं और घर घर जाकर साथियों को जोड़ा जाय, जिससे आने वाले समय में मजदूरों के साथ होने वाले शोषण के विरुद्ध लड़ाई लड़ा जा सके और साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के असहयोगात्मक रवैया का खुलकर विरोध किया जाय तथा विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाय तथा सभी उपस्थित लोगों ने एकमत से यह निर्णय लिया है कि जो सरकार बनेगी उसे अपने एजेंडा को बताना होगा क्योंकि भिलाई तथा दुर्ग तथा कोरबा में हमारे कार्य करने वाले मजदूर के कारण ही पार्टी की जीत हार तय होती है। इसलिए श्रमिक की समस्याओं को भी भली-भांति निराकरण करना होगा तथा नवनिर्वाचित सरकार इसके लिए कारगर उपाय करें। साथ ही जब श्रमिक की संख्या दुर्ग, भिलाई एवं कोरबा लोकसभा प्रभावित करती है तो बनने वाले सांसद हमारे मजदूरों के बीच से ही होना चाहिए। संयंत्र के कर्मचारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष को आगे बढ़ने पर जोर दिया गया। प्रमुख रूप से उपस्थित यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सोनी, राजेंद्र परगनिया, सुरेंद्र मोहंती, वेदन लाल गेंद्रे, अभिशेष यादव, ओमनाथ नेताम, राजेश्वर साहू, जी पटेल, युगल साहू, भुवनेश्वर गेंद्रे आदि सदस्य उपस्थित थे।



# बंगाली समाज की नई कार्यकारिणी घोषित



**भिलाईनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) की आम सभा पानी टंकी ग्राउंड सेक्टर-7 दुर्गा पूजा ग्राउंड में आयोजित की गई। सर्वप्रथम समाज के महासचिव राजदीप सेन ने समाज की उपलब्धि और गतिविधियों का ब्योरा दिया। समाज के कोषाध्यक्ष प्लाबन बोस ने वित्तीय लेखा जोखा सदस्यों के समीप प्रस्तुत किया। समाज के अध्यक्ष डी.के. दत्ता ने पुरानी कार्यकारणी समिति को भंग किया। कार्यकारिणी भंग होने के बाद सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष मानव सेन ने किया। तत्पश्चात नए कार्यकारणी समिति की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुप्रभात पाल, महासचिव सुबीर भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष उज्जल मजूमदार को नामांकित किया गया। नए कार्यकारणी ने सदस्यों को धन्यवाद देते हुए समाज के जन हित में कल्याणकारी कार्यों को आगे ले जाने का भरोसा जताया। मंच संचालन सुभाशीष डे ने किया। इस दौरान समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सुवांकर रॉय ने दी है।

# प्रदेश में सरकार बनने पर भाजपा में जश्न



**भिलाईनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर एवं विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री का दायित्व की ताजपोषी होने पर एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर, प्रदेषाध्यक्ष अरूण साव एवं विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाये जाने पर भाजपा भिलाई के जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, महामंत्री योगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आज सोमवार को सुपेला चौक पर फटाके फोड़कर, मिठाई बाटकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर जिला भाजपा के पदाधिकारी, मोर्चो, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, भाजपा मंडल के सभी देवतुल्य कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा की सरकार अपनी प्राथमिकताओं में किसानों को 2 साल का बकाया बोनस देगी, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक महिला को 1000 रूपयें प्रतिमाह, 3100 रूपयें प्रति क्विंटल में धान खरीदी, गरीबों को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास प्रदान करेगें। उन्होने कहा प्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर कार्यकताओं में उत्साह का महौल है लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटे जीतकर केन्द्र में प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार बनायेगें। इस अवसर पर ब्रजेश बिचपुरिया, योगेन्द्र सिंह, शिवसागर मिश्रा, अमर सोनकर, मिथिला खिचरिया, शकंरलाल देवांगन, प्रवीण पाण्डेय, प्रमोद सिंह, विजय जायसवाल, स्वीटी कौशिक, अमित मिश्रा, विजय शुक्ला, रूपराम साहू, कार्यालय मंत्री विजय शुक्ला, अशोक गुप्ता, शैलेन्द्र शेण्डे, मनोज तिवारी, सुन्दर लाल साहू, गोर्वधन साहू, रंजीत सिंह, दीपक रावना, प्रमिला दुबे, सरोज सिंह, बंसता खरे, सरला आचार्य, गीता विष्वकर्मा, कंचन सिंहए स्नेहा शुक्ला, पुष्पलता कर, बद्रीप्रसाद, जे.पी. घनघोरकर, यशोदा निर्मलकर, सुमन वर्मा, धनेश्वर चौहान, धनश्वरी साहू, भरत बम्बानी उपस्थित थे।

# हत्या मामले में तीन और गिरफ्तार फरार की तलाश जारी

**भिलाईनगर,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता पप्पू यादव के हत्या मामले में नेवई थाना पुलिस ने फरार 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें डिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी तीनों घटना के बाद से फरार थे। कवर्धा और कांकेर में छिपे हुए थे। पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपित हरीश और अमन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी करन कवर्धा में छिपा हुआ था। साथ ही करन मांझी देवार और दीवाना को कांकेर से गिरफ्तार किया है। मंगल देवार और कुछ अन्य अज्ञात आरोपियों के भी इस हत्याकांड में शामिल होने की चर्चा है, जो अभी तक फरार हैं। नेवई थाना क्षेत्र में विगत 25 नवंबर को जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल कांग्रेस नेता पप्पू यादव की रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 1 दिसंबर की रात्रि करीब 11.30 बजे मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा 2 आरोपियों हरिश और अमन को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अन्य आरोपी फरार थे। जिनमें से 3 आरोपियों सहित 5 को गिरफ्तार की गई है। जानकारी को अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर 25 नवंबर की शाम करीब 8.30 बजे रिसाली स्थित शीतला मंदिर के पास कांग्रेस नेता पप्पू यादव और अमन यादव पर कुछ लोगों ने चाकू व डंडे से प्राण घातक हमला कर दिया था। इस हमले के बाद दोनों घायलों को सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर हर्ष-अनिल

**भिलाईनगर** ।अनुसूचित जाति जनजाति संगठनो का अखिल भारतीय परिसंघ छ.ग. के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम, मनोज मून, नरेन्द्र खोब्रागड़े, हर्ष मेश्राम, संतोष भीमटे, बालेश्वर जगत, राकेश रंगारी, हरेन्द्र नेताम, आदित्य टंडन सहित सदस्यो ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस योग्य चयन से अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग मे अत्यंत हर्ष व्याप्त है। सहज, सरल, मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री के रूप मे चयनित किये जाने पर परिसंघ ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की है की विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे राज्य के सभी वर्गो व सभी क्षेत्रो का समुचित विकास होगा। उक्त जानकारी देते हुए अनिल मेश्राम प्रदेश अध्यक्ष अजा, अजजा परिसंघ छ,ग,राज्य ने राज्य स्थापना दिवस पर कही।

# शहीद श्याम किशोर शर्मा को मरणोपरांत पुलिस वीरता पदक से किया गया सम्मानित



**राजनांदगांव,** 11 दिसंबर। 8.05.2020 को अविभाजित जिला राजनांदगांव हाल- नवीन जिला मोहला-मानपुर-अं0चौकी के ग्राम परधोनी थाना मानपुर में करीबन- 7-8 नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर थाना मानपुर से उप निरी0 श्याम किशोर शर्मा थाना प्रभारी मदनवाड़ा, उप निरी. प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी कोहका के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की करीबन 28 अधिकारी/कर्मचारी ग्राम परधोनी की ओर सर्चिंग हेतु रवाना हुये। पुलिस पार्टी सर्चिंग करते ग्राम परधोनी की ओर आगे बढ़ रही थी कि करीबन 9.30 बजे रात्रि में नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर अंधाधुन्ध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस पार्टी द्वारा कारगर जवाबी कार्यवाही की गई। फायरिंग करीबन 15-20 मिनट चली। फायरिंग पश्चात घटना स्थल का सर्च किया गया। घटना स्थल से 04 नक्सलियों का शव एवं 01 नग ए.के.-47 रायफल, 01 नग एसएलआर रायफल एवं 02 नग 12 बोर बंदूक बरामद किया गया। शहीद उप निरी0 श्याम किशोर शर्मा थाना प्रभारी मदनवाड़ा अविभाजित जिला राजनांदगांव हाल- नवीन जिला मोहला-मानपुर-अं0चौकी के द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये अदम्य साहस व वीरता का परिचय देते हुये नक्सलियों से बहादुरी के साथ मुकाबला करते हुये शहीद हो गये। शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा के मरणोपरान्त उन्हे राष्ट्रपति का पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया। भारत सरकार से वीरता पदक जिला राजनांदगांव को प्राप्त होने पर राहुल भगत, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव के निर्देशन में मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान राजनांदगांव को भारत सरकार से प्राप्त वीरता पदक शहीद उप निरी0 श्याम किशोर शर्मा के पिता बृजमोहन शर्मा को ससम्मान दिये जाने हेतु भेजा गया, जिसे आज दिनांक 11.12.2023 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, सरगुजा रेंज सरगुजा में शहीद उप निरी0 श्याम किशोर शर्मा के पिता बृजमोहन शर्मा को ससम्मान आमंत्रित कर अंकित गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज, सरगुजा के हाथो प्रदाय कराया गया। उक्त कार्यक्रम में अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान राजनांदगांव भी उपस्थित रहें।

# सांसद मोहन मंडावी ने वीर नारायण सिंह के बलिदान को किया याद

**गुरुर,** 11 दिसंबर। 10 दिसंबर दिन रविवार को कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी शहीद वीर नारायण सिंह के स्मृति में आयोजित विराट वीर मेला राजाराव पठार के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस विशाल मेला में दूर-दूर से लाखों की संख्या में लोग पहुंचें थे। सांसद ने शहीद वीर नारायण सिंह जी की छाया चित्र की पूजा अर्चना कर उनको याद किया। जिसके बाद सांसद मोहन मंडावी ने विशाल जनसभा को संबोधित कर आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने की बात कहीं। सांसद ने कहा कि वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, एक सच्चे देशभक्त व गरीबों के मसीहा थे। 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के समय उन्होने जेल से भागकर अंग्रेजों से लोहा लिया था। गरीबों की लड़ाई लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहुति दे दी। वें आदिवासी समुदाय के प्रेरणाश्रोत हैं। आज उनका बलिदान दिवस हैं। हमारा आदिवासी समाज इस दिवस को वीर मेला के रुप में विगत 10 वर्षों से मना रहा है। ये मेला जनोजात को जोड़ने का मेला हैं। हम आदिवासी जनोजात को लेकर चलते हैं। सांसद ने आदिवासी गीत का गायन कर आदिवासी समाज के महत्ता को बताया। उन्होंने कहा कि जल,जंगल और ज़मीन को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य हैं। आदिवासियों ने वेशभूषा डांग डोरी , देवी देवता को संरक्षित कर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को जीवित रखे है। जिसे धर्मांतरण करने वाले मिशनरी खत्म करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हमें इनके बहकावे में नहीं आना हैं। और जनोजात को जोड़ते हुए एकजुट रहना है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, पूर्व सीआईडीसी के अध्यक्ष नंदकुमार साय ,भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अकबर कोर्राम, सर्व आदिवासी जिला अध्यक्ष मानक दरपट्टी, हल्बा समाज प्रमुख टीआर राणा, तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश उपाध्यक्ष हृदय राम सोरी, सांसद प्रतिनिधि मेहत्तर नेताम, भाजयुमो महामंत्री अजेंद्र साहू, आदिवासी समाज के पदाधिकारी व लाखों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



**विराट वीर मेला राजाराव पठार में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए**

# विष्णुदेव साय को प्रदेश के नए मुख्यमंत्री बनने पर नपाध्मक्ष सोरी ने दी बधाई

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ आदिवासी भाजपा नेता व विधायक विष्णुदेव सिंह को छत्तीसगढ़ के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री बनने पर नगर पंचात्रत अध्यक्ष सोमेश कुमार सोरी ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया है। साथ ही इसके लिए भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। उन्होने इसी कड़ी में कहा की आदीवासी नेता विष्णुदेव साय को प्रदेश की कमान सौपे जाने पर सभी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है साथ ही खुशी इस बात की है की भाजपा आदीवासी वर्ग से प्रदेश का मुखिया चुना गया है,जो देश के आजादी के बाद पहली बार हुआ है। सोमेश सोरी ने आगे कहा की देश के आजादी के 75 सालों में आदीवासी जन जाति समाज के उत्थान के लिए जो पार्टी काम किये है वह भाजपा पार्टी ही है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। साथ ही उन्होने यह भी कहा की विष्णु देव साय वर्ष 1999 से वर्ष 2014 तक लोकसभा के सांसद रहे है और वे केन्द्र में केन्द्रीय मंत्री के दायित्व का बखूबी निर्वहन भी कर चुके है। बेहद विनम्र ,सौम्य एवं शालीन चेहरे के रूप में विष्णुदेव साय का व्यक्तित्व है इनके पास जाने वाले लोगों की समस्याओं का हर संभव निराकरण करने की भरपूर कोशिश भी करते रहे है। जशपुर अंचल से ताल्लुकात रखने वाले विष्णु देव साय जशपुर जिले में भाजपा का झंडा बुलंद करने में अपने कर्तव्य पथ का निर्वहन पुरी ईमानदारी के साथ किया है। भाजपा की जड़ो को अपने सूझ बूझ से सींचा है,साथ ही केन्द्र की योजनाओं को जन जन जन तक पहुचाने में सार्थक भूमिका का निर्वहन किया है उसका प्रतिफल उन्हे मुख्यमंत्री के रूप में मिला है। साथ ही सोमेश सोरी ने यह भी कहा की मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ की न्याय और प्रगति यात्रा को अवश्य ही आगे बढ़ायेंगे साथ इनके नेतृत्व में हम जैसे कार्यकर्ताओं में काम करने का सुदृढ़ दिशा नीति अनुभव का संचार होगा।



# आज पहुंची पवित्र अक्षत कलश स्वागत के लिए खरोरा में उत्साह का माहौल

**खरोरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या से पूजित अक्षय कलश रविवार को महामाया की नगरी खरोरा में पहुंची। खरोरा में अक्षय कलश के भव्य स्वागत की गई .वही लोगों में खासा उत्साह देखा गया । खरोरा में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठन द्वारा अक्षत कलश का स्वागत किया गया। स्वागत को लेकर खरोरा में उत्साह का माहौल देखा गया।

आज 10 दिसंबर को अयोध्या से लाए गए रविवार को अक्षय कलश प्रभु श्री राम के ननिहाल और माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी अक्षत कलश जिसे कौशल्या माता मंदिर में रखा गया था जिसमें कलश स्थापित है । अक्षत कलश को चंदखुरी से खरोरा लाया गया खरोराके तिग्गड़ चौक में पवित्र अक्षत कलश का स्वागत अभिनंदन शुरू किया गया ।उन कलश में जो चॉवल है जिसको खरोरा नगर के त्रिपुर सुंदरी बालाजी के मंदिर में विराजित किया गया है , व पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरण किया गया। जिसे 17 दिसंबर तक खरोरा नगर समेत आस पास के 11 मंडलों केंद्र में वितरित किया जाएगा , जिसे नगर एवम् गाँव के प्रत्येक घरों को वितरित कर अयोध्या आने का आमंत्रण दिया जाएगा 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम ललाजी की मंदिर में पूजन प्रतिष्ठान करने की योजना राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है जहां छत्तीसगढ़ को भगवान श्री राम जी का ननिहाल है ! और कोई भी मांगलिक कार्यक्रम मैं मामा का भूमिका महत्वपूर्ण होता है हम सौभाग्यशाली है जो कि प्रभु श्री राम जी के मामा घर कौशल्या माता जी का मंदिर चंदखुरी में है जो छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के आरंग विधानसभा में पड़ता है 5 दिसंबर 2020 में जब राम मंदिर की भूमि पूजन श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया गया था ! मंदिर बनाने का कार्य लगभग पूर्णता की और है , भारत के अधिकांश लोगो के सहयोग से अब इस विशाल मंदिर को इतनी जल्दी पूर्ण करके 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने का तिथि तय हुआ है इस दिन इस कार्यक्रम को पूरे देश में बड़ी धूमधाम से बड़े दिवाली की भव्यता के साथ मनाने का योजना बनाया गया है और इस काम को पूर्ण करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को इसका जम्मा सोपा गया है और इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपने समस्त 90 अनुशासिक संगठनों को एक बार काम में लगने का आग्रह किया गया है इस कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल ,भारतीय जनता पार्टी ,विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर दि प्रमुख रूप से सम्मिलित है इस कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए समस्था संगठनों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी से कार्यक्रम को बहुत अच्छा से अच्छा करने का ठान लिया है और काम में लग गए हैं ! मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर के भव्य समारोह है ! जिसे केवल देश ही नहीं पूरा विश्व देखेगा ।



# सेंड आर्टिस्ट हेमचंद ने रेत से बनाई मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तस्वीर




**आरंग,** 11 दिसंबर। सोमवार को ग्राम तामासिवनी में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू ने प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की रेत से कलाकृति बनाकर उनको मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी।वहीं हेमचंद द्वारा रेत से बनाए विष्णु देव साय की तस्वीर सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है। हेमचंद द्वारा रेत कलाकृति से विष्णु देव साय की हूबहू तस्वीर उकेरने पर क्षेत्र में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद की काफी सराहना हो रही है।

## आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री बनना हर्ष का विषय : सुमित



**डोंगरगढ़,** 11 दिसंबर। विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष एवं अरुण साव व विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर डोंगरगढ़ युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित ने बधाई देते हुए कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिये हर्ष का विषय हैं सर्व आदिवासी समाज से प्रदेश को एक नया मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में मिला । सुमित मिश्रा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ एवं विधायक दलों द्वारा लिया गया निर्णय से छत्तीसगढ़ प्रदेश खुशहाली की ओर अग्रसर होगा, मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में व विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नई उंचाईयों को छुएगा।

# प्रभा साहू ने लगाई गांव में रोशनी गलियां हुई जगमग



**डोंगरगढ़,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू निरंतर अपने प्रयास से अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न ग्राम में विकास की गति को आयाम दे रही है इसी कड़ी में विकासखंड के ग्राम पंचायत झंडातालाब के आश्रित ग्राम भरकाटोला में ग्राम वासियों द्वारा निरंतर विगत कई वर्षों से गांव की गलियों में रोशनी हेतु गली लाइट कार्य की मांग किया जा रहा था जिसे संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू अपने जिला पंचायत की निधि से राशि स्वीकृति प्रदान कर गांव की गलियों को रोशनी से जग मगा दिया । जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के हर छोटे से छोटे गांव मे निरंतर विकास के लिए प्रयास किया है और उस गांव की विकास में अपने सहभागिता निभाई है आज जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के साथ स्वयं उपस्थित होकर गांव की गली लाइट कार्य को कराया और गांव में लाइट लगते देख सभी ग्राम वासी के चेहरे मे मुस्कान खिल गई । निरंतर विकास कार्यों को कराने के लिए सरपंच देवराम ठाकुर गांव के सभी पंच ग्राम प्रमुख बांसोड़ जी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बाबूलाल सिन्हा , खोरबहारा और युवा भाइयों के द्वारा आभार प्रेषित कर जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# सचिव संघ के पांचवी बार अध्यक्ष बने पन्नालाल सिन्हा

**गुरुर,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरुर के सभाकक्ष में आज ग्राम पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई की बैठक संपन्न हुई, जहां विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतो में पदस्थ पंचायत सचिव शामिल हुए, इस दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु अध्यक्ष चुनाव के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई, जहां पंचायत सचिव पन्नालाल सिन्हा को पुनः अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसके पहले 4 बार पन्नालाल सिन्हा सचिव संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। अब पांचवीं बार संगठन ने पुनः विश्वास जताया है। पंचायत सचिव संघ के पांचवी बार अध्यक्ष बनने पर पन्नालाल सिन्हा का संघ द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान विकास खंड के पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिव रोहित सिन्हा, पूर्णिमा साहू, शर्मिला जैन, बेनूराम, उमेश्वरी साहू, द्रोपती साहू सहित अन्य सहित सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# पार्षद की चेतावनी के बाद बोर कनेक्शन फिर से जुड़ा, वार्डवासियों को मिली राहत

**डोंगरगढ़,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। वार्ड नंबर 8 जोकि प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति से लगा हुआ वार्ड है जहां वार्ड वासियों की पानी की समस्या को देखते हुए लगभग 6 माह से स्थित बोर से कनेक्शन जोड़कर पानी सप्लाई की जा रही थी अब सरकार के बदलते ही आनंद-फानन में पार्षद को बिना सूचना दिए और वार्ड वासियो के हित को दरकिनार कर उक्त बोर कनेक्शन नपा ने बंद कर दिया था जिससे वार्ड वासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा । मामले की जानकारी वार्ड की पार्षद अलका जयस सहारे को होते ही उन्होंने नगर पालिका पहुँच वार्ड की समस्या को दूर करने ठोस कदम उठाने की चेतावनी दी थी जिसके बाद नगर पालिका द्वारा फिर से बोर कनेक्शन को जोड़ दिया गया और बोर कनेक्शन जोड़ने से वार्ड में पानी की समस्या फिर से बहाल हो गई है वही बोर कनेक्शन काटने के पीछे नगर पालिका के अधिकारी कोई भी जवाब नही दे रहे हैं । चर्चा है कि उक्त बोर कनेक्शन प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के जमीन पर है और वार्डवासियों को पेयजल की समस्या से निजात देने की दृष्टि से 6 माह से इस बोर से वार्ड में पेयजल मुहेया कराया जा रहा था । नगर पालिका द्वारा समिति की शिकायत किए जाने पर रविवार को उक्त बोर कनेक्शन बंद कर दिया गया जिससे वार्ड के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ा । वार्ड की पार्षद अलका जयस सहारे ने बताया कि वार्ड में पानी की समस्या बहुत बनी रहती है जिसको देखते हुए उक्त बोर कनेक्शन को जोड़कर वार्ड में पानी मुहैया कराया जा रहा था लेकिन बिना जानकारी के कनेक्शन को काट देने से वार्ड के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा । नगर पालिका के अधिकारी बोर कनेक्शन काटने के पीछे कोई भी जवाब नहीं दे रहे हैं जिससे वार्ड में आक्रोश व्याप्त है।

**नपा ने शिकायत का हवाला देकर रविवार को काटा था कनेक्शन**

# नगर निगम कर्मचारी संघ का पुर्नगठन

## अध्यक्ष अजय मिश्रा व महामंत्री अनिल सिंह



**दुर्ग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। दुर्ग नगर पालिक निगम कर्मचारी संघ के नये अध्यक्ष संजय मिश्रा व महामंत्री अनिल सिंह बनाये गये है। नगर निगम कर्मचारी संघ के पुराने पदाधिकारियों में से अधिकांश पदाधिकारियों की नगर निगम सेवाओं से सेवानिवृत्त उपरांत नई कमेटी का गठन किाया गया। इस नई कमेटी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। पूरा कार्यसमिति इस प्रकार है ; अध्यक्ष संजय मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद वर्मा, कोषाध्यक्ष राजूलाल चन्द्राकर, महामंत्री अनिल सिंह, उपाध्यक्ष रामखिलावन शर्मा, सतीश साहू, शशिकांत यादव गंगाधर ठाकरे, मंत्री चंद्रेश राजू बख्शी, योगेन्द्र वर्मा, उमेश यादव कार्यकरणी सदस्य चन्द्रलेखा कसार, सत्यनारायण शर्मा, योगेश सूरे, पुरुषोत्तम साहू, भागवत यादव, बालमुकुन्द साहू, यशवंत साहू, लवकुश शर्मा, नंदू निषाद, रेखा खिलाडी, किरण अग्रवाल को शामिल किया गया है।

नवगठित नगर निगम दुर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महामंत्री व पदाधिकारियों ने आज ही नगर निगम के आयुक्त लोकेश चंद्राकर से सौजन्य भेंट की। आयुक्त श्री चंद्राकर ने नये पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी ।

# जिले में गौ तस्करी धर्मातरण कार्यों में तेजी, कार्रवाई की आवश्यकता : विहिप

**दल्लीराजहरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला के अंदर लम्बे समय से अवैध धर्मांतरण कराने वालों व ग़ैर कानूनी तरीके से अपने घरों में प्रार्थना सभा कराने का काम कुछ लोगो के द्वारा किया जा रहा है। वही हिंदू विरोधी गतिविधियों जैसे मंदिरो को तोड़ने मूर्तियों को खंडित करने का काम,समाज के बीच वैमनस्य फैलाने,माहौल को खराब करने की कोशिश कुछ धर्म समाज विरोधियों के द्वारा किया जा रहा है। जो कि हिंदू संगठन को स्वीकार नही है। ऐसे धर्म विरोधी मंसूबो को लेकर काम करने वालो को हिन्दू संगठन सबक सिखाने तैयार है। उक्त बातें विहिप जिला संगठन के अध्यक्ष बलराम गुप्ता,जिला मंत्री राज सोनी,कार्यकारी अध्यक्ष दुष्यन्तगिरी गोस्वामी व मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू व स्वेता राजपूत ने कहा है। विहिप नेताओ ने कहा कि जिला प्रशासन को स्थानीय प्रशासन को पूर्व में भी ऐसे गैर कानूनी कार्य करने वालों के बारे में बताया गया था। वही कुछ थानों में ऐसे मामले दर्ज है। बावजूद आज तक किसी की भी गिरफ्तारी दर्ज मामलों में नही की गई है। वही आज तक मंदिर तोड़े जाने वाले मामलों में पुलिस की कार्यवाही आगे नही बढ़ पाई है। आज प्रदेश में सरकार बदला है। हिंदू धर्म समाज बड़ी संख्या में एकजुट होकर धर्म समाज की बेहतरी के लिए,भय व आतंक के माहौल को बदलने में आगे आया है। वर्गभेद व तुस्टीकरण करने वाली सरकार को सत्ता से हटाने में बड़ी भूमिका हिंदू समाज की है।आज प्रदेश में हिंदू विचारो को लेकर काम करने वाली सरकार का गठन होने जा रहा है। अब प्रदेश व जिलों में हिंदू विरोधी कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा नई सरकार अब इस दिशा में भी काम करेगा ऐसा हिंदू संगठन की अपेक्षा है। जिला के शांत वातावरण को पूर्व की सरकार के समय समाज विरोधियों व धर्म विरोधियों ने अशांत करने का काम किया खुलेआम आमजनता को डंडो व लाठियों से मारा गया जिले के अंदर दहशत का वातावरण बनाया गया ,संतो के खिलाफ अपशब्द कहे गए जो सभ्य समाज व शांतप्रिय समाज को नागवार गुजरा,कवर्धा साजा मानपुर में हिंदू धर्मसेवक की हत्या व घटना को हिंदू समाज ने महसूस किया है। ऐसे घटनाओं ने प्रदेश की आमजनता को पूर्व सरकार की नीतियों के खिलाफ खड़ा किया है। और हिंदू धर्मसेवको के संघर्षों ने बड़ा बदलाव लाकर इनको सत्ता से बेदखल किया है। यह जीत रामभक्तों की जीत है। विश्व हिंदू परिषद संगठन के नेता लोकेश साहू,राकेश साहू,चौलेश देशमुख,ढाल साहू,बोधन भट्ट,जयंत साहू,सोना साहू,योगिता साहू,जानकी यादव ने बताया कि बालोद जिला के वनाक्षेत्र के घर के अंदर अवैध धर्मांतरण कार्य,अवैध प्रार्थना सभा करते है। धर्मांतरण मामले व गौठानो की खस्ता हालत को लेकर जल्द ही जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से मिलकर ऐसे कार्यो पर रोक लगाने की मांग करेगा विहिप अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने आगे कहा की जिला व डौण्डी ब्लाक के वनांचल ग्रामों में लम्बे समय से गौ तस्करी धर्मांतरण के कार्यो में तेजी की जानकारी मिल रहा है। जिस पर बडी कार्यवाही की आवश्यकता है।



**धर्मातरण विरोधियों गो तस्करी में कलेक्टर से रोक लगाने की मांग : विहिप जिला अध्यक्ष गुप्ता**

## निधन

### रामकुमार धरमगुडे



**राजनांदगांव,** 11 दिसंबर। दुर्गा चौक बांसपाई पारा के प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमार धरमगुडे का निधन 9 दिसंबर को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार विधि-विधान से पैतृक ग्राम कांकेतरा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। स्व. धरमगुडे को लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### श्यामा बाई सोनी



**आरंग,** 11 दिसंबर। श्रीमती श्यामा बाई सोनी पति सखाराम सोनी (पंधी वाले) का आकस्मिक निधन 11 दिसंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम आरंग में किया गया। वे रमेश सोनी, महेश सोनी, गणेश सोनी की माता थी। अंतिम संस्कार में नगर के सामाजिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अजीज पब्लिक स्कूल, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'मिशन लाइफ' अपनाने वाला देश का पहला लाइफ स्कूल बना




**राजनांदगांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। आईबी ग्रुप देश में कृषि व्यवसाय करने वाला एक ऐसा समूह है जिसने यूनिसेफ के साथ मिलकर पर्यावरण और जलवायु संरक्षण के लिए शुरू किये गए अभियान च्मिशन लाइफज्ज का हिस्सा बनने वाला है। इसी पहल के अंतर्गत 08 दिसंबर को सीबीएससी से मान्यता प्राप्त आईबी का च्अजीज पब्लिक स्कूलज्ज इसकी शुरुआत करने वाला देश का पहला च्लाइफ स्कूलज्ज बना है।

इस कार्यक्रम में यूनिसेफ के अधिकारी, अजीज पब्लिक स्कूल की निदेशक श्रीमती तनाज अजीज, डॉ. पॉलोमी बेनर्जी, ईएसजी हेड आईबी ग्रुप, स्कूल प्रिंसिपल श्री सिंह ठाकुर, माय एफएम 94.3 की रेडियो जॉकी अंजनी, और अजीज स्कूल के लगभग 300 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।आईबी ग्रुप की एचआर निदेशक तनाज अजीज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आईबी ग्रुप अपने अभियान पहल के तहत शाला परिसर में पर्यावरण के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने और एपीएस विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण से संबधित अच्छी आदतें पैदा करने की पहल का नेतृत्व कर रहा है। हमारा लक्ष्य शिक्षा के लिए स्थायी दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए, 2024 तक एपीएस की सभी आठ शाखाओं को लाइफ स्कूल के रूप में परिवर्तित करना है।

कुछ प्रमुख कदम हैं जो एपीएस अपनी लाइफ स्कूल पहल के लिए शुरू करेगा:

ऊर्जा संरक्षण:- स्कूलों में ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए विभिन्न पहल।

जल स्थिरता:- जिम्मेदार से जल के उपयोग को बढ़ावा देना और बच्चों को जल संरक्षणके महत्व के बारे में जागरूक करना।

पर्यावरण पर एकल प्लास्टिक का प्रभाव:- एकल उपयोग प्लास्टिक को ना कहना,विकल्पों को बढ़ावा देना, और बच्चों को पर्यावरण पर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव के बारे में बताना।

स्थायी खाद्य प्रणाली: बचे हुए भोजन से खाद बनाने को बढ़ावा देना और जैविक पद्धतियों के बारे में जागरूक करना।

अपशिष्ट में कमी:- सूखे कचरे और गीले कचरे को अलग-अलग कूड़ेदान में डालने के लिए प्रोत्साहित करना।

स्वस्थ जीवन शैली:- जैविक वृक्षों, औषधीय पौधों के रोपण को बढ़ावा देना और इको क्लब बनाना।

ई-कचरा प्रबंधन:- उन्हें ई-कचरे की अवधारणा बताना और इसे अलग से निपटाने के लिए प्रोत्साहित करना।

स्कूल प्रिंसिपल सचिन सिंह ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के साथ संकल्प लिया कि पुरे देश में अजीज पब्लिक स्कूल जलवायु संरक्षण के एक उदाहरण बनेगा।

# दलेश्वर साहू की जीत पर ब्लॉक कांग्रेस ने निकाला नगर में विजय जुलुस

- नवनिर्वाचित विधायक का जगह जगह हुआ स्वागत
- फटाके फोड़े डीजे के धुन में थिरके कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने



**डोंगरगांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से लगातार हैट्रिक करने वाले विधायक दलेश्वर साहू की जीत पर आज नगर में विजय जुलुस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तथा आमजन शामिल हुए। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक श्री साहू का कांग्रेस कार्यालय में पहले कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया फिर आगे विजय जुलूस के रूप में निकाला गया जिनमे जगह - जगह स्वागत और अभिनंदन किया गया।

बता दें कि क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू को लगातार तीसरी बार आमजनता ने अपना प्रतिनिधि चुना है। विपरीत परिस्थितियों के बीच भी श्री साहू के जीत के कई मायने हैं। इसको लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं में अच्छा खासा उत्साह और खुशी है। जीत के बाद पहली मर्तबा नगर आगमन पर आज विशाल विजय जुलुस निकाला गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान् पर डीजे तथा गाजे बाजे के साथ विजय जुलुस निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी में जमकर पटाखे भी फोड़े। खुली जीप में धर्मपत्नि श्रीमती जयश्री साहू के साथ सवार होकर निकले नवनिर्वाचित विधायक श्री साहू ने पूरे नगरवासियों, व्यवसाइयों सहित आमजनों का हाथ जोडकर आभार भी व्यक्त किया।

कांग्रेस कार्यालय से निकली विजय जुलुस मुख्य मार्ग, चौकी रोड, फौव्वारा चौक, सदर लाईन, किल्लापारा होते हुए मां बम्लेश्वरी गार्डन पहुंची। जहां पर आभार सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि उनके लिए यह ऐतिहासिक तथा अविस्मरणीय पल है। विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें एक बार फिर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। मैं आप सभी का बहुत बहुत आभारी हूं। साथ ही उन्होनें सभी को भरोसा दिलाया कि उन्होनें जो क्षेत्र के विकास के लिए लोगों के सुझाव से जो सपना देखा है, वह अवश्य पूरा होगा। उन्होनें कहा कि डोंगरगांव क्षेत्र में विकास रफ्तार नहीं रूकेगी।

इस अवसर पर गुलाब वर्मा, चेतन साहू, बलीराम साहू, सोनूराम साहू, मोहन अय्यर, पूनाराम सिन्हा, हीरा निषाद, टिकेश साहू, ललित लोढा, गणेश साहू, देशराज जैन, अजीत जैन, बद्रीनारायण शुक्ला, रवि शुक्ला संध्या साहू, शिरोमणि पगारे, डॉ. नरेन्द्र साहू, रजत साहू , संजय मुटकुरे, कमल वैष्णव,, शशांक खोब्रागढ़े, विशाल सोनी, कमलेश साहू, रोशन श्रीवास लक्ष्मी नारायण साहू , जितेन्द्र तिवारी, रोशन यदु, प्रियंक जैन एवं बड़ी संख्या में नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साजा विधायक का विजय सिन्हा ने किया स्वागत



**बेमेतरा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज साजा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक ईश्वर साहू का भव्य स्वागत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा जी के कार्यालय बेमेतरा में किया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिको नगरवासियों का जोश का ठिकाना नहीं रहा फूल मालाओं से भाई ईश्वर साहू को लाद दिया गया फटाके भोड़ कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया भुनेश्वर साहू अमर रहे के नारे गूँजने लगे ईश्वर साहू जिंदाबाद जय जय श्रीराम के जयघोष होता रहा स्वागत कर्ता में प्रमुखरूप से विजय सिन्हा आदित्य चंदेल हर्षवर्धन तिवारी राकेश मोहन शर्मा रोशन दत्ता राजेश शर्मा गौरव साहू परमेश्वर वर्मा प्राणीस रजक केशव साहू पंचू साहू नीतू कोठरी विकास तम्बोली अनिल रजक देवराम साहू नीलू ठाकुर नंदू राठी नंद गुप्ता गजानंद साहू अजय तिवारी बंशी राठी रोहित साहू जगजीत सिंह मिथलेश वर्मा निखिल साहू तुषार साहू संजय निषाद मोनू साहू उपस्थित रहे।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान की बैठक चिखली में सम्पन्न



**राजनांदगांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। चिखली वार्ड नंबर 05 में 09 दिसम्बर को श्री राम जन्मभूमि स्थापना समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ग्रह संपर्क अभियान में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से चल कर आए निमंत्रण निमित्त पूजित अक्षत का मंत्र करके साथ पूरे जिले में हर सनातनी के घर तक पहुंचाने के लिए अक्षतों का पूजन किया गया। हर जन-जन तक श्री राम जन्मभूमि के निमंत्रण को पहुंचाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि समर्पण अभियान के जैसा ही ग्रह संपर्क अभियान पूरे जिले में और साथ ही नगर में संचालित किया जा रहा है। नगर के मुख्य संयोजक योगेश बागड़ी, नगर के सहसंयोजक कमल सोनी, सुनील सेन और अंकित खंडेलवाल नियुक्त किये गए है।

जिला की टीम में समस्त सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रमुख जनो का सामूहिक गठन किया गया। इस अभियान के जिला प्रमुख श्री नीरज बाजपेई है। इस आयोजन में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने अब तक बहुत से वार्डों में बस्तियों में बैठकर ली जा चुकी है और बस्ती स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। अब तक लखोली, कन्हारपुरी, बसंतपुर, जमातपारा, तुलसीपुर, पूनम कॉलोनी, तुलसीपुर, चिखली, शांति नगर में बैठक ली जा चुकी है। जल्द अन्य बस्तियों में भी बैठक ली जाएंगे। कार्यक्रम के नगर से योजक अंकित खंडेलवाल ने समस्त राम भक्तों से इस रामदूत कार्य में जुटने की अपील किया। इस अभियान में 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक रामदूत बनाकर राम भक्त जन-जन तक जाएंगे अयोध्या से चलकर आए पूजी तक्षक राम मंदिर की चित्र और निमंत्रण पत्रक हर घर तक देंगे। साथ ही समिति ने अपील की है कि 22 जनवरी बस्ती के प्रमुख मंदिरों में सुबह 11ः00 से 1ः00 तक राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़े आयोजन किया जाए और सामूहिक पूजन आदि का प्रबंध हो समिति ने अपील की है कि 22 जनवरी के दिन श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर दीपावली के जैसा मनाया जाए। घरों के सामने रंगोली हो झालर हो लाइट इत्यादि की व्यवस्था हो और दिवाली माहौल में पटाखों के साथ ऐतिहासिक रूप में मनाया जाए।

बैठक में मुख्य रूप से मार्गदर्शक विष्णुसाव अनुप श्रीवास बाबा मेश्राम सुनील सेन डॉ. राघव वर्मा, संजय लड़वन, आशुतोष तिवारी, आशीष सिन्हा, मुकेश शर्मा, सुरेंद्र रोडगे, हेमनाथ साहू सुरेश कुमार शर्मा कमल सोनी, नीरज तिवारी, प्रशांत रजक, बंटी रजक, किरण यादव, चंडी प्रसाद गुप्ता, ज्योतिर्मय तिवारी, वी एच् पी बाबाजी, विष्णु साव जी, राहुल कुमार साहु, चन्द्रप्रकाश साहु, जुगेश्वर साहु, लोकेश जैन, विजय शर्मा, बासकी,मुकेश शर्मा, नीरज तिवारी, प्रेम रजन, संजय साहू, सचालन समिति - अनील सिन्हा, सी पी साहू, मुकेश साहू, छोटू साहू, सोनू ठाकुर, आशीष सिन्हा, लोकेश शर्मा, दीपक साहू, भोज सिन्हा बल्लू शर्मा आदि उपस्थित थे।

# योगेश तिवारी नवनियुक्त मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात कर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**बेमेतरा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। भाजपा नेता योगेश तिवारी नवनियुक्त मुख्य मंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा की केंद्रीय नेतृत्व ने आदिवासी चेहरा विष्णु देव साय जी को प्रदेश की कमान सौंपी है। विष्णु देव साफ सुथरी छवि के नेता है। उनका व्यवहार सरल और सौम्य है। प्रदेश की जनता को साय जी से बहुत उम्मीद है। साय जी ने भी पहला फैसले में 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत किया है। वही 25 दिसंबर को 2 साल के बकाया बोनस भी प्रदेश के किसानों को दिया जाएगा।



## सायबर सेल टीम एवं पुलिस चौकी देवरबीजा स्टाफ की संयुक्त कार्यवाही

# आबकारी एक्ट के दो प्रकरण में 75 पौवा देशी प्लेन/अंग्रेजी शराब जप्त

**बेमेतरा,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 10.12.2023 को जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कंदई का दिलीप पटेल अपने घर ब्यारा में पैरावट के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने शराब रखा है कि सूचना पर पुलिस चौकी देवरबीजा एवं सायबर सेल स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर आरोपी को पकडा गया। जिस पर पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी दिलीप पटेल पिता बिसनाथ पटेल उम्र 47 साल साकिन कंदई चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(2) एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। आरोपी के कब्जे से 53 पौवा अंग्रेजी शराब (9,540द्व्द्य) किमती 6,360/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यावाही में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, भागवत सिंह, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेश ध्रुव, संजय पाटिल, रामेश्वर पटेल, रमेश चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।



इसी क्रम में दिनांक 10.12.2023 को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि प्रतीक ठाकुर नाम का व्यक्ति ग्राम नवागांव कला रहने वाला ग्राम दाढी गौठान चौक के पास अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर थाना दाढी स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुच कर सूचना के अधार पर शराब बिक्री करते आरोपी को पकडा गया। जिस पर थाना दाढी में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी प्रतीक सिंह ठाकुर पिता रमेश सिंह ठाकुर उम्र 26 साल साकिन नवागांवकला थाना दाढी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब, (3,960द्व्द्य) किमती 1,760/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना दाढी प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव, सउनि भानू प्रताप पटेल, आर. राजेश कुर्रे, छन्नू टंडन एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

इसी क्रम में दिनांक 10.12.2023 को थाना बेमेतरा में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का 04 प्रकरण में 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।

इसी क्रम में दिनांक 10.12.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत थाना बेमेतरा में 01 चालान में 01 व्यक्ति, थाना नवागढ में 01 चालान में 01 व्यक्ति, थाना नांदघाट में 09 चालान में 09 व्यक्ति, चौकी मारो में 03 चालान में 03 व्यक्ति, कुल 14 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 14 प्रकरण में कुल 6,200/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

इसी क्रम में दिनांक 10.12.2023 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए चौकी कंडरका 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 107,116 (3) जा.फौ. के तहत कुल 02 प्रकरण में 02 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# रेंज स्तर पर आयोजित किया गया मानव अधिकार जागरूकता वाद विवाद प्रतियोगिता



**राजनांदगांव,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। रेंज राजनांदगांव के सभी जिलों से वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लिया था हिस्सा।पुलिस मुख्यालय (छ.ग.) रायपुर के पत्र के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राहुल देव भगत के दिशानिर्देश में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में आज दिनांक 11.12.2023 को रेंज स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 12:00 बजे कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मीटिंग हाल में किया गया। राजनांदगांव रेंज के 04 जिलो में से 06 कर्मचारी उपस्थित हुये। निर्णायक के रूप में हेमप्रकाश नायक उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) राजनांदगांव, दिलीप सिसोदिया पु.अनु.अधि. (डोंगरगांव, गैदाटोला, घुमका) राजनांदगांव, आकाश कुमार त्रिपाठी व्याख्याता, सर्वेश्वरदास एन.पी.एन. स्कूल राजनांदगांव, दीपक सिंग ठाकुर प्राचार्य, उच्चतम माध्यमिक शाला टेडेसरा जिला राजनांदगांव, डॉ.श्रीमती शोभा श्रीवास्तव उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम बीजेभांठा उपस्थित थे उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगांव रेंज के जिला राजनांदगांव से प्र.आर.233 संदीप देशमुख - विपक्ष, आर.1303 विवेक बर्वे-पक्ष, जिला खैरागढ़-छुईखदान गंडई से आर. 917 गंगा सिंह-पक्ष, आर. 1357 चंद्र विजय-विपक्ष, जिला कबीरधाम से म.आर.327 नंदनी ओगरे - पक्ष, जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी से म.आर. नेहा साहू - पक्ष जिन्होने मानव अधिकार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए अपना अपना पक्ष रखा गया। सभी उपस्थित प्रतिभागियों को च्संवाद कौशल, तथ्य, ज्ञान, विषय-वस्तु एवं आत्म विश्वासज्ज के आधार पर सुना गया। जिसमें मानव अधिकार के विपक्ष में अपना वक्तव्य रखे प्र.आर. 233 संदीप देशमुख जिला राजनांदगांव को अन्य प्रतिभागियों से ज्यादा 109 अंक प्राप्त हुये। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू श्रीमती सोनिया उके व निर्णायक गण एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

# बैलगाड़ी में दबने से 9 साल के बालक की दर्दनाक मौत



■ खेत से धान भरकर ला रहे थे परिजन

**खैरागढ़,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम सर्रागोंदी में 9 साल के बालक अपने बैलगाड़ी में बैठकर खेत से धान भरकर अपने घर परिजनों के साथ जा रहा था. खेत उबड़ खाबड़ होने के करण 9 साल के बालक अपने बैलगाड़ी से नीचे गिर गया. सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मृत बालक आदित्य पिता गोपी साहू उम्र 9 साल निवासी ग्राम सर्रागोंदी का रहने वाला है. परिजन गोपी साहू व उसके चाचा चंदेश साहू आनन फानन में बच्चे को लेकर खैरागढ़ के अस्पताल पहुचे यह घटना 11 दिसंबर की दोपहर 1.30 बजे की बताई जा रही है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है. मेडिकल ऑफिसर डॉ. पंकज वैष्णव ने बताया कि जिस वक्त परिजन बालक को लेकर अस्पताल आए थे. उस वक्त बालक के हाथ पैर में गंभीर चोट दिखाई दे रहा था. बालक की मौत हो चुकी थी. परिजनों की उपस्थिति में मृत बालक आदित्य साहू का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है.

# अतिथि शिक्षकों को वेतन नही मिलने से नाराज शिक्षकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**खैरागढ़,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले में अतिथि शिक्षकों को वेतन नही मिलने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है. अतिथि शिक्षकों ने बताया कि हमारी नियुक्ति शिक्षा विभाग के द्वारा 28 अगस्त 2023 से 30 से 40 शिक्षको की नियुक्ति अतिथि शिक्षकों के रूप में की गई है. शिक्षकों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल में नियमित रूप से शिक्षण का कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है. 29 अगस्त 2023 से हम सभी अतिथि शिक्षकों ने अपना नियुक्ति आदेश प्राप्त किया है. तब से लेकर अभी तक हम लोगो को वेतन नही मिला है. जिसके कारण हम सभी अतिथि शिक्षकों आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है. अतिथि शिक्षकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा है. शिक्षकों ने ज्ञापन में लिखा है कि हमे जल्द से जल्द वेतन दिया जाए

# राजीव चौक में सड़क पर गड्ढा होने से वाहन चालक परेशान



**खैरागढ़,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ के राजीव चौक में विगत 10 दिनों से सड़क पर गड्ढा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना पड़ रहा है. आने जाने वाले राहगीर मोटर साइकिल चालक को भी काफी समस्या से गुजरना पड़ रहा है. किसी भी समय एक बड़ा हादसा हो सकता है. राजीव चौक में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा को फोन के माध्यम जानकारी दिया गया था. तो उन्होंने सोमवार 11 दिसंबर को सड़क की मरम्मत कार्य किया जायेगा करके आश्वासन दिया था. पर आज पूरा दिन बीत गया पर सड़क की मरम्मत नही हो पाया है. जिला मुख्यालय का हाल बेहाल है. तो अन्य शहर छुईखदान, गंडई का हाल क्या होगा खराब हुए सड़क का मरम्मत कार्य नही होने से राजीव चौक के दुकानदारों में प्रशासन के विरुद्ध घोर नाराजगी देखा जा रहा है।

# प्रादेशिकी



## संपादकीय

### बच्चों की प्रताड़ना : दोषियों को कड़ी सज़ा मिले

देश भर की तरह छत्तीसगढ़ में भी कई बार स्कूली बच्चों की जो प्रताड़ना होती है वह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, दिल दहला देने वाली भी होती है। इसके बारे में शिक्षकों एवं स्कूल प्रबन्धकों को कड़ी हिदायतें दी जानी चाहिये। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी आवश्यक है। बच्चों को इस बाबत जागरूक किया जाना चाहिये ताकि उनके साथ होने वाले उत्पीड़न की वे निर्भीक होकर परिवार वालों को जानकारी दें।

अक्सर इस आशय की खबरें सामने आती रहती हैं जो बच्चों के साथ शिक्षकों द्वारा मारपीट करने या सज़ा के तौर पर उन्हें यातना देने के मामले होते हैं। अक्सर होम वर्क न करने, पाठ याद न करने, परीक्षाओं में कम अंक आने अथवा अनुत्तीर्ण होने पर कभी उन्हें धूप में या बेंच पर घंटों खड़ा कर दिया जाता है। कई बार कक्षा के बाहर घुटनों के बल पर बैठा दिया है। वैसे तो भारत में वर्षों से ऐसी सजाओं पर कानूनन रोक लगी हुई है परन्तु पठन-पाठन की परम्परा के अनुरूप यह माना जाता है कि उन्हें ऐसी सजाएं देने से वे अनुशासित रहते हैं और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति भी जल्दी होती है। ऐसा भी होता है कि किसी भी प्रकार की बाल सुलभ शैतानी करने पर उन्हें बहुत कठोर दण्ड दिया जाता है। शिक्षकों द्वारा कठोर सजाएं देने या कोई यातना पहुंचाने से बच्चों को गम्भीर रूप से शारीरिक नुकसान पहुंचता है- कभी स्थायी तो कभी अस्थायी। उनके कोमल मन पर भी इसका विपरीत असर होता है। वे इससे आजन्म आहत व अपमानित महसूस करते हैं। कई बच्चे तो शिक्षा ही छोड़ देते हैं।

ऐसी ही एक घटना प्रदेश के कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड में चल रहे केरावाही शासकीय माध्यमिक शाला में हुई। यहां किसी बच्चे ने शौचालय के सामने गंदगी कर दी। शिक्षकों ने पूछताछ की परन्तु किसी ने भी यह काम करने से जब इंकार कर दिया तो नाराज़ शिक्षकों ने 25 बच्चों की हथेलियों पर कड़ाही में रखे गर्म तेल की बूंदें टपका दीं। इससे उनकी हथेलियों पर फफोले पड़ गये। मामला तब सामने आया जब किसी ने कुछ बच्चों की हथेलियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर दी। इससे विभागीय अधिकारियों ने पूछताछ की लेकिन शिक्षकों ने कहा कि खेल-खेल में बच्चों ने एक दूसरे के हाथों पर तेल डाला है। यदि यह सच भी है तो उन्हें शिक्षकों द्वारा रोका जाना चाहिये था। स्पष्ट है कि ऐसा खुद को बचाने के लिये शिक्षिकाएं कह रही हैं। बच्चों ने साफ संकेत दिये कि इसमें प्रधानाध्यापिका, दो शिक्षिकाओं व एक सफाई कर्मचारी का हाथ है। कुछ अन्य शिक्षक इस दौरान मौन खड़े रहे। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को चाहिये कि दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करें।

## उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ, तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।
बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।
गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पांव भी मेरे उपर रख दे।

## राजिम पहुंचने पर नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**पं. सुंदरलाल शर्मा को पहनाया माला**

**राजिम**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद राजिम पहुँचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। छग व राजिम विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की जीत से उत्साहित सभी कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, जय श्रीराम, सभी वरिष्ठ नेताओं के जिंदाबाद सहित नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू जिंदाबाद के नारे लगाए। राजिम के हृदयस्थल पं सुंदरलाल शर्मा चौक पहुँचने पर सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू को फूल मालाओं से लाद दिया। नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू ने पं सुंदरलाल शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। बस स्टैंड में स्वागत उपरांत शिवाजी चौक में पार्षद ओमप्रकाश आडिल के नेतृत्व में गर्मजोशी से स्वागत किया। घर पहुँचने पर परिजनों ने आरती उतारकर स्वागत किया। निवास पर शुभचिंतकों का ताँता लगा रहा। स्वागत पश्चात रोहित साहू ने पूर्व सांसद चंदूलाल साहू से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, नेहरू साहू, राजू साहू, विजय कंडरा, रामाधार साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रकाश साहू, मिथलेश साहू, गजेश्वर सिन्हा, नेपाल साहू, तुकेश साहू, देवा साहू, ओंकार साहू, नेमन साहू, बाबूलाल साहू, हीरालाल साहू, मनोज यादव, गंगादीन साहू, महेश साहू, ईश्वर साहू, रामप्रसाद साहू, लालजी साहू, रूपेंद्र साहू, देवकी साहू, शिवशंकर साहू, गजेंद्र निषाद, मोती निषाद, पन्ना साहू, धन्ना ठाकुर, प्रेम साहू, मनीष साहू, लिकेश्वर साहू, शीतल सिन्हा झंगू राम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व शुभचिंतको की उपस्थिति रही।

## विधायक बनने के बाद गृहग्राम में प्रथम आगमन पर रोहित साहू का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**राजिम**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्वाचित होने के उपरांत प्रथम बार अपने गृहग्राम पिपरछेड़ी एवं ग्राम पंचायत सेमहरतरा पहुँचने पर ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। गाँव के प्रत्येक घरों में लोगों ने आरती उतारकर स्वागत किया तथा विधायक बनने की शुभकामनायें दिए। अपने गाँव के बेटे को विधायक के रूप में देखकर ग्रामवासी भी काफ़ी गौरवान्वित और उत्साहित नजर आ रहे थे। नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू भी विधायक बनने के बाद प्रथम बार अपने गृहग्राम पहुँचने पर भावुक दिखे। इस दौरान उन्होंने गाँव के शीतला माता मंदिर, हनुमान मंदिर व घर के ईष्ट देवों को पूजा पाठ कर प्रणाम किया। विदित हो कि नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत ग्राम पंचायत सेमहरतरा पिपरछेड़ी के सरपंच के रूप में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को विकास की पटरी पर वापस लाने साय को मुख्यमंत्री बनाया : किशोर देवांगन



**नवापारा-राजिम**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके रायपुर स्थित निवास में मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी। देवांगन ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ को विकास की पटरी पर वापस लाने के लिए श्री साय को मुख्यमंत्री बनाया है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री साय, भगवान बिरसा मुंडा और शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्शों पर चलकर, प्रधानमंत्री मोदी की अपेक्षा पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। श्री साय के मुख्यमंत्री बनने से छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज के साथ-साथ हर समाज और हर वर्ग गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बताना जरूरी है कि श्री साय, मार्च 2022 में किशोर देवांगन के बुलावे पर उनके नवापारा स्थित निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण में पहुंचे थे।

## विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने की आतिशबाजी



**बलौदाबाजार**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने पर जिला भारतीय जनता पार्टी, बलौदाबाजार द्वारा कार्यालय के समक्ष मुख्य मार्ग पर जोरदार आतिशबाजी कर खुशिया मनाई। इस मौके पर भाजपाईयों ने प्रदेश में भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बनने पर आमजन को धन्यवाद एवं श्री साय को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर टेसूलाल धुरंधर, कृष्णा अवस्थी, रितेश श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, पुरुषोत्तम साहू, परेश वैष्णव, शिव नरेश मिश्रा, प्रणव अवस्थी सहित मण्डल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, अशोक जैन, नरेश केसरवानी, खोडस राम कश्यप, हेमंत टिकरिहा, पोषण पटेल, मंडल अध्यक्ष वासु देवसिंह ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय गर्ग, महामंत्री गौतम सिंह चौहान, महामंत्री तरूण वर्मा, पी के साय, आकाशसिंह, वेदांत, कमलेश साहू, कृष्णा साहू, कृष्णा द्विवेदी, यश ठाकुर, कुलदीप कन्नौजे, टोनू सरदार, पोखराम विश्वकर्मा, घनश्याम भारती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### नए सीएम विष्णुदेव साय को बधाई



**महासमुंद**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बनाने पर धर्मेन्द्र यादव भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिलामंत्री विधानसभा मीडिया प्रभारी पार्षद सभापति नगर पंचायत तुमगांव ने बधाई दी है।

## अजा वर्ग से उपमुख्यमंत्री या स्पीकर बनाने की मांग



**अनुसूचित जाति वर्ग को उपमुख्यमंत्री पद के लिए प्रतिनिधित्व नहीं देने से समाज में नाराजगी**

**महासमुंद**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पुरा बहुमत हासिल कर सरकार बना रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी को जीताने के लिए छत्तीसगढ़ के हर वर्ग जाति के लोगों ने वोट किया है। पूर्व के सरकार में अनुसूचित जाति समाज के साथ जगह जगह घटना घटित होने से आक्रोशित होकर भाजपा को वोट कर जिताया है। चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर द्वारा अनुसूचित जाति के समाज प्रमुखों से मिलकर वादा किया जाता रहा कि अनुसूचित जाति वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व व समाज के साथ किसी प्रकार की अन्याय शोषण नहीं होगा। परंतु पूर्ण बहुमत हासिल करते ही राज्य के तीसरे नंबर की आबादी वाले अनुसूचित जाति वर्ग को उपमुख्यमंत्री में प्रतिनिधित्व नहीं देना वादा खिलाफी व भेदभाव को इंगित करतीं हैं। पुरे छत्तीसगढ़ के विधायकों में सबसे वरिष्ठ व अनुभवी अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाले मुंगेली विधायक पुन्नु लाल मोहले है जो सात बार के विधायक व चार बार के सांसद रहे हैं। फिर भी मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री नहीं बनाना बहुत ही निराशाजनक है। जब पहली बार जीतने वाले को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है तो बड़े आबादी वाले अनुसूचित जाति समाज के किसी विधायक को क्यों नहीं है। उक्त बातें दिनेश बंजारे प्रदेशाध्यक्ष प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज व रेखराज बघेल प्रदेश प्रवक्ता सतनामी समाज व जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति समाज छत्तीसगढ़ महासमुंद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भाजपा के साथ शीर्ष नेतृत्व को ईमेल पत्र लिखकर भी मांग किया है कि शीर्ष नेतृत्व भुल सुधार कर राज्य में दो के जगह तीन उपमुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। जबकि आदिवासी समाज मुख्यमंत्री व दो उपमुख्यमंत्री के पद पर पिछड़ावर्ग व सर्वण समाज को बैलेंस किया गया है तो अनुसूचित जाति के किसी भी एक विधायक को उपमुख्यमंत्री या विधानसभा अध्यक्ष बनाकर सबके साथ सबके विकास व मनखे मनखे एक बरोबर के संदेश को बरकरार रखें। साथ ही सरकार गठन की शुरुआत से ही अनुसूचित जाति समाज के विश्वास को जीता जा सकें।

## महापौर विजय देवांगन ने किया गढ़कलेवा का शुभारंभ



**चीला, फरा, भजिया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्वाद चखेंगे शहरवासी : महापौर**

**धमतरी**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा गढ़कलेवा की शुरूआत की गई है, जिसका शुभारंभ महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्य, पार्षद जनो द्वारा किया गया। विध्यवासिनी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन के पास गढ़कलेवा बनाया गया है। जहां शहरवासी छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। छत्तीसगढ़िया संस्कृति और व्यंजनों के संवर्धन के उद्देश्य से गढ़कलेवा की शुरूआत की गई है। जहां स्वस्थ्य वातावरण में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकेगा। गढ़ कलेवा शुभारंभ के पश्चात महापौर विजय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## विष्णु देव साय का मुख्यमंत्री बनना नवयुग की शुरुआत : रंजना साहू



**धमतरी**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा सर्वसम्मति से विधायक दल के नेता के रुप में पूर्व केंद्रीय मंत्री, कुनकुरी से विधायक विष्णु देव साय को चुना गया, विष्णु देव अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री होंगे, जिसपर हर्ष व्यक्त करते हुए निवर्तमान विधायक रंजना डिपेंद्र साहू ने कहा जनजाति समाज के साथ माटीपुत्र हैं विष्णु देव साय जिनके बनने से समूचे प्रदेश में हर्ष व्याप्त है, यह नव युग की शुरुआत है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनजाति समाज के साथ लगाव सर्वविदित है, निश्चित ही विष्णु देव साय जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास और सुशासन के पथ पर पुन: आगे बढ़कर नये कीर्तिमान स्थापित करेगा, और अटल जी के सपनों के छत्तीसगढ़ को पुन: उनके नेतृत्व में संवारा जाएगा, विष्णुदेव साय जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच और सरपंच के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गुरु सुखवंत साहेब को मंत्रिमंडल में लेने की उठी मांग

**पार्टी को होगा फायदा, पूरा समाज गुरूजी के ऊपर पूर्ण रूप से रखता है आस्था और विश्वास : राधेश्याम ओमप्रकाश**



**राजिम**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के महान सन्त बाबा गुरु घासीदासजी के वंशज धर्म गुरू बाल दास सहायक के सपुत्र गुरू सुखवन्त साहेब जी आंरग विधानसभा क्षेत्र से अपने प्रतिद्वन्द्वी शिवकुमार डहरिया को सोलह हजार पाँच सौ अड़तीस मतों से हरा कर बड़ी जीत हासिल की। उन्हें मंत्री बनाने के लिए राजिम क्षेत्र के सतनामी समाज के प्रमुखों द्वारा पार्टी हाई कामान से अपनी माँग रखी। समाज के प्रमुखों ने आगे कहा कि धर्म गुरू सुखवन्त साहेब पूरे सतनामी समाज के गुरू हैं और पूरा समाज गुरूजी के ऊपर पूर्ण रूप से आस्था और विश्वास रखता है। गुरूजी काफी सहज सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है जिन्होंने सत्य धर्म अंहिसा की राह में चल कर समाज के दीन दु:खी असहाय एवं गरीब तत्व के लोगो की सेवा में सदैव समर्पित रहतें है। समाजिक समरसता को बल देते हुए समाज के उत्थान के लिए बेहत्तर कार्य करते हैं जिसके चलते पूरा समाज उनके साथ है और उनके साथ चलते है। गुरूजी के मंत्री बन जाने पर समाज में इसका अच्छा संदेश जाएगा। वही भाजपा और अधिक मजबूत होगी। उक्त विज्ञप्ति भाजपा नेता राधेश्याम बंजारे एवं पार्षद ओम प्रकाश आडिल ने संयुक्त रूप से दी।

उन्होने बताया कि गुरू सुखवन्त साहेब को मंत्री मंडल मे शामिल करने की माँग करने वालो मे भाजपा नेता राधेश्याम बंजारे, ओमप्रकाश आडिल पार्षद के अतिरिक्त सभापति गोपचन्द्र बनर्जी, भाजपा जिला मंत्री चंदन नारगें, राजेश परमार, प्रेमलाल टोडर, मोतीलाल कुरू, निलेश्वर टण्डन, विजय भारती, अशोक गायकवाड, प्रीतम बंजारे, टीकेन्द्र बंजारे, संजय माल्होत्रा, लिखन कोसरे, मनीष कोसरे, बाकेलाल निराला, राजेन्द आडिल, अजीत आडिल, रेखराम आडिल, अमित आडिल, संतोष बंजारे, सन्नित बंजारे सहित अनेको लोग है।

## विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



**भटगांव/बलौदाबाजार**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत भटगांव मे छत्तीसगढ़ में भाजपा का मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर देखने को मिला। वही इस खुशी मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी करते हुये एक दूसरे को मिठाई खिलाये। वही पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. दिनेश जाँगड़े का जोरदार स्वागत किये और भाजपा की सरकार बनते ही सभी कार्यकर्ताओ एवं आम नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठा। वही उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे से गले मिलकर व मिठाई खिलाकर बधाई दिए। जहाँ भाजपा के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। विष्णुदेव साय प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री होंगे। विष्णुदेव राय छत्तीसगढ़ की कुनकुरी विधानसभा से आते हैं। राज्य में आदिवासी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## जूनून: द्वादश ज्योतिर्लिंग साईकिल यात्रा पर निकले हरियाणा के अजय पहुंचे सिरपुर



**महासमुंद**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत, सुंदर भारत, अपना भारत का संदेश लेकर भारत भ्रमण के लिए साइकिल यात्रा पर निकले युवा अजय कुमार आज महासमुन्द जिले के प्राचीन नगरी सिरपुर पहुंचे। जहाँ पर सिरपुर भ्रमण को निकले आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, इमरान खान एवं ग्रामवाशी पंकज ध्रुव, गीतेश्वर ध्रुव, हेमंत गोश्वामी, चन्द्रभान गोश्वामी, नागेश्वर गोश्वामी, दानेश्वर गोश्वामी द्वारा फूलमाला और श्री फल भेटकर उनका स्वागत किया गया। उन्हें अपने उदेश्य मे सफल होने के लिए शुभकामनायें भी दी। इस दौरान उन्होंने बताया द्वादश ज्योतिर्लिंग साइकिल यात्रा पर भारत भ्रमण को निकले अजय कुमार हरियाणा कैथल जिले के निवासी हूं इनके पिता जोगिंदर सिंह पेशे से किसान है इन्होंने भ्रमण के दौरान गंधेश्वर महादेव मंदिर एवं विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर का दर्शन किया। जहाँ पर उन्होंने बताया साइकिल यात्रा की शुरुआत दिसंबर 2022 में निजी सहयोग और लोगों के सहयोग से शुरू की। उन्होंने बताया कि मेरे मन में यह ख्याल आया कि साइकिल चलाते हुए अच्छी तरह से सारा देश का भ्रमण कर सकते हैं और लोगों को पर्यावरण संरक्षण तथा फिटनेस के लिए साईकिल यात्रा महत्वपूर्ण हो सकता है। इसका संदेश भी दिया जा सकता हैं। देशवासियों को इसके लिए प्रेरित भी कर सकते हैं इसी विचार को लेकर पर्यावरण बचाव का प्रचार प्रसार करते हुए सारे देशवासियों को प्रेरित भी कर रहे हैं। जगह जगह पर विश्राम के दौरान लोगों का आकर्षण का केंद्र भी बने हुए हैं। जहाँ कई जानकारी और अपना अनुभव लोगों से साझा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा देश में विषम परिस्थिति में ऑक्सीजन की कमी लोगों को नहीं हो, इसके लिए लोगों से बातचीत की जाती है। लोग पेड़ लगाना कम कर दिए हैं और वृक्षों को काटना ज़्यादा शुरू कर दिया है यही विनाश का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि अभी तक 14,500 किलोमीटर की यात्रा हो चुकी है। 16 राज्यों की अब तक वे दूरी नाप चुके हैं। अभी भी 12 राज्य बाकी हैं, लगभग 20 हज़ार किलोमीटर की दूरी तय करना बाकी हैं। कुल मिलाकर उनका 35 हजार किलोमीटर यात्रा करने का लक्ष्य है। रास्ते में ही कुछ अपने और लोगों की मदद से इनका रहना खाना हो जाता है।

## डमरू में सुवा नृत्य प्रतियोगिता में बेलारी ने मारी बाजी



**बलौदाबाजार**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। सोनाडीह से लगा हुआ ग्राम डमरू मे विगत दिनों सुवा प्रतियोगिता बडे उत्साह के साथ आयोजित किया था। जिसमे प्रथम पुरस्कार 18001, व शील्ड सरपंच मनोज बंजारे व उप सरपंच गजेंद्र पैकरा, द्वितीय पुरस्कार 15001, व शील्ड देवचरण यादव जनपद सदस्य, तृतीय पुरस्कार 12001, व शील्ड डॉ. रामनाथ देवदास, चतुर्थ पुरस्कार 9001, व शील्ड अमर सिंह पैकरा व कुवर सिंह पैकरा, पंचम पुरस्कार 7001, संतोष सिंह चौहान राजपूत व फिंता यदू, षष्ठम पुरस्कार 5001, व शील्ड राजू साहू, सप्तम पुरस्कार 3001, व शील्ड श्यामसुनदर साहू, द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुशील यादव व फिरन साहू द्वारा मॉ गायत्री माता की छाया चित्र पर पूजा अर्चना >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# माता कौशल्या धाम चंदखुरी से पूरे जिले में किया पवित्र अक्षत कलश का वितरण

**आरंग,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के लिए भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से आये पवित्र अक्षत कलश का वितरण माता कौशल्या मंदिर चंदखुरी में किया गया। गृह संपर्क अभियान को पूर्ण करने के लिए पूरे जिले भर के चार विकासखंड और दो नगरों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जोड़कर जागरण टोली का निर्माण किया गया है। ऐसे जागरण टोली के दो-दो कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में अक्षत कलश लेने के लिए बुलाया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में जागरण टोली के कार्यकर्ताओं के अलावा रायपुर ग्रामीण जिला के अलग-अलग स्थान से स्वयंसेवक आए हुए थे। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री राम जी के संगीत मय भजनों के साथ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुरारी लोधी, गीतांशु साहू, जिला के कार्यकर्ता डॉ योगेश द्विवेदी और श्रवण साहू द्वारा मधुर भजन गाया गया। पश्चात कौशल्या माता मंदिर के पुजारी के द्वारा अक्षत कलश का पूजन किया गया। पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकनाथ साहू, रामबाबू मंडल, देवेंद्र सिंह ठाकुर और चंडी माता मंदिर के संस्थापक बालमुकुंद दाऊजी उपस्थित थे। पूजन के पश्चात सभी नगर,खंड,उपखंड को अक्षत कलश का वितरण किया गया और अक्षत कलश को सिर पर धारण करके गीत, संगीत के साथ माता कौशल्या मंदिर का एक परिक्रमा करने के पश्चात एक बड़ी बैठक किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रामबाबू मंडल द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान की रूपरेखा के बारे में बताया गया। चंडी मंदिर के संस्थापक दाऊजी द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम को एक पुनीत कार्यक्रम और हिंदुत्व के जागरण का एक बड़ा कार्य बताया गया। वैदिक मंत्रों के साथ पवित्र कलश को नवागांव मंदिर के प्रमुख बालमुकुंद दाऊ के द्वारा प्रतिनिधियों को सौंपा गया।वितरण के पश्चात




पत्रकार वार्ता में जिला कार्यवाह लोकनाथ साहू ने बताया कि 6 दिसंबर 2020 को श्री राम मंदिर निधि समर्पण अभियान का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो मार्च 2021 तक चला जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने समिति बनाकर घर-घर जाकर के समर्पण निधि एकत्र किये ,जिसके बल पर आज एक भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण पूर्ण होने जा रहा है । अत: प्रत्येक घर तक जाकर अब सभी परिवारों को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण देने की बेला है।जिसमे पूरा विश्व भर लोग सम्मिलित होंगे। इसके लिए 17 दिसंबर को सभी खंड और नगर के द्वारा मंडलों को अक्षत कलश का वितरण किया जाएगा , पश्चात 24 दिसंबर को मंडल द्वारा ग्रामों और नगर के वार्डों को अक्षत कलश, श्री राम मंदिर का आमंत्रण पत्र और श्री राम मंदिर की फोटो दिया जाएगा और फिर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक ग्राम समिति द्वारा घर-घर जाकर सभी परिवारों को श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय जिला संघचालक देवेंद्र सिंह ठाकुर जी ने आशीर्वचन के रूप में कहा कि श्री राम मंदिर ग्रह संपर्क अभियान हिंदुत्व का जागरण का विषय है इसलिए इस कार्य में प्रत्येक व्यक्ति को लगाकर कार्य करने की आवश्यकता है और घर-घर जाकर हिंदुत्व का अलग जगाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर ग्रामीण जिला कार्यकारिणी से अजीत वर्मा, बृजेश सोनी, सुमित सेन, उमेश साहू, डॉक्टर योगेश द्विवेदी,विकास वर्मा खंड और नगर कार्यकारिणी से शिवम साहू, डागेश्वर साहू, हेमंत साहू, किशोर गिरेपूंजे, नेभन ताम्रकाररामू मिर्धा, मुरारी लोधी, गीतांशु साहू, नोमेश वर्मा, कमल नारायण देवांगन,उमेश साहू,गोपाल वर्मा,श्रवण कुमार साहू,नेभन ताम्रकार,डोमार वर्मा,कृष्णकुमारवर्मा,राकेश सोनी,संतोष वर्मा ,गीतांशु साहू ,चैतन्य निर्मलकर, गोविंदासाहू,लुकेश साहू ,संजीव देवदास, कुलदीप धीवर, हेमंतसोनी, दीपक साहू,गुरु चरण साहू,हेमंत साहू,किशोर गिरेपुंजे,हेमलाल सोनकर ,निकेश पटेल,हीरालाल धुरंधर,सीताराम यादव,मुकेश निर्मलकर,शिवम साहू,आनंद वर्मा, डागेश्वर साहू, चुणामणि साहू, उमेश साहू, करण साहू, शंकर वर्मा इसके अतिरिक्त रायपुर ग्रामीण जिला के सभी मंडल, ग्राम के सम वैचारिक संगठनों एवं संघ के समान्य स्वयं सेवक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# समाज के एकमात्र विधायक टंकराम वर्मा को मंत्री बनाने मनवा कुर्मी समाज ने की मांग

**खरोरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। पृथक छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद बलौदाबाजार विधानसभा के इतिहास में डॉ रमन सिंह सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहे गौरीशंकर अग्रवाल को छोड़ दें तो जिले से आज पर्यंत किसी भी दल का कोई भी विधायक छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री बनने में सफल नहीं हो पाया। हाल में हुए विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी टंक राम वर्मा कांग्रेस के दिग्गज प्रत्याशी पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष रहे शैलेश नितिन त्रिवेदी को 14 हजार से भी अधिक मतों से परास्त कर विजयी हुए हैं ,वे फिर से इस मिथक को तोड़ने हुए कि बलौदाबाजार में अधिकांशत: विपक्ष का विधायक ही चुनकर आता है , वे क्षेत्र से छत्तीसगढ़ सदन पहुँचने वाले सत्तापक्ष के दूसरे निर्वाचित विधायक हैं ।



**डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात**

**राजनीतिक परिवेश का 20 साल का अनुभव**

उल्लेखनीय है कि श्री वर्मा 1993-98 तक विधायक करुणा शुक्ला,1999-2003 तक सांसद रायपुर रमेश बैस (पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान में महाराष्ट्र के महामहिम ), 2003-2013 तक राज्यमंत्री दयालदास बघेल,2013-2018 तक केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के निज सहायक का दायित्व सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं जिससे उन्हें सामाजिक, राजनीतिक परिवेश का दीर्घकालिक अनुभव है। वे विगत 10 वर्षों से पिता दिव्यात्मा सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के बैनर तले जनता की अपेक्षा के अनुरूप मैत्रीपूर्ण क्रिकेट स्पर्धा, मानस सम्मेलन, श्रीमद्भागवत कथा जैसे विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से जनसमान्य के दिलों में जगह बनाते हुए छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के इकलौते विधायक के रूप में विजयी हुए हैं ,समाज को अपेक्षा है कि इस बार भाजपा सरकार गठन में बहुसंख्यक समाज को प्रतिनिधित्व अवश्य मिलेगा ,तत्सम्बन्ध में समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा के नेतृत्व में डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी मनसा से अवगत कराते हुए टंक राम वर्मा की सरकार में सहभागिता सुनिश्चित करने की मांग रखी । प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार नायक,मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर वर्मा, रमेश वर्मा सेजा,युवाध्यक्ष कपिल कश्यप, राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा तिल्दा,हरिराम वर्मा अर्जुनी सहित समाजजन शामिल रहे।

# किसानों को बोनस भुगतान में आएगी तीन समस्याएं 25 के पूर्व करा ले निराकरण

**नवापारा राजिम,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। छग राज्य के छटवें विधानसभा के चौंथें और प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय को बधाई देते हुए किसानों के हित में घोषणानुसार 2016-17 के बोनस राशि प्रति किंवटल 300 रूपये के मान से छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी के जन्म तारीख एवं सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री बनते ही शपथग्रहण के पूर्व ही देने की बात कही है,इसका स्वागत करते हुए पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता टीकम साहू ने कहा कि इससे प्रदेश के किसान खुशहाल और समृद्ध होंगे



श्रीसाहू आगे कहा कि इस बोनस भुगतान मे तीन समस्या आड़े आएगी पहली उन किसानों के वारिसानों के लिए जिनकी मृत्यु हो चुकी है और उनका बैंक खाता भी बंद हो चुका है द्य दूसरा जिन किसानों की मृत्यु पश्चात वारिसानों का भूमि खाता बटांकन हो गया हो और तीसरा जो किसान अपनी कृषि भूमि विक्रय कर चुका हो जिसके भी दो श्रेणी है ,एक तो जो अपनी सारी खेतिहर भूमि बेंच चुका है और जिनका बैंक एकाउंट क्लोज हो चुका है और दूसरा जिनकी कुछ जमीन बिक चुकी है ऐसे किसानों के लिए जो समस्या बोनस देने में होगी उसका निराकरण 25 दिसमबर से पूर्व हो जानी चाहिए इसकी चिन्ता शासन-प्रशासन को करनी होगी द्य ताकि नियत समय में समस्त किसानों को लाभ मिल सके द्य

श्रीसाहू ने आगे बताया कि चूंकि सरकार के गठन के बाद महज दस दिन शेष रह जाएगा ऐसे सीमित समय में 2016-17 के विक्रयधारी किसानों की सूचि एवं बैंक एकाउंट का डाटा लेने में परेशानी होगी अत: नवगठित सरकार एवं शासन के नुमाईन्दे से उन्होंने गुजारिश करते हुए कहा कि उक्त सशंकित समस्या का संज्ञान लेकर समय पूर्व निपटारा करने की मांग किया है ताकि कोई भी किसान बोनस के लाभ से वंचित न हो सके ।

# आज पहुंची पवित्र अक्षत कलश स्वागत के लिए खरोरा में उत्साह का माहौल

**खरोरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या से पूजित अक्षय कलश रविवार को महामाया की नगरी खरोरा में पहुंची। खरोरा में अक्षय कलश के भव्य स्वागत की गई .वही लोगों में खासा उत्साह देखा गया । खरोरा में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठन द्वारा अक्षत कलश का स्वागत किया गया। स्वागत को लेकर खरोरा में उत्साह का माहौल देखा गया।

आज 10 दिसंबर को अयोध्या से लाए गए रविवार को अक्षय कलश प्रभु श्री राम के ननिहाल और माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी अक्षत कलश जिसे कौशल्या माता मंदिर में रखा गया था जिसमें कलश स्थापित है । अक्षत कलश को चंदखुरी से खरोरा लाया गया खरोराके तिग्गड़ चौक में पवित्र अक्षत कलश का स्वागत अभिनंदन शुरू किया गया ।उन कलश में जो चॉवल है जिसको खरोरा नगर के त्रिपुर सुंदरी बालाजी के मंदिर में विराजित किया गया है , व पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरण किया गया। जिसे 17 दिसंबर तक खरोरा नगर समेत आस पास के 11 मंडलों केंद्र में वितरित किया जाएगा , जिसे नगर एवम् गाँव के प्रत्येक घरों को वितरित कर अयोध्या आने का आमंत्रण दिया जाएगा 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम ललाजी की मंदिर में पूजन प्रतिष्ठान करने की योजना राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है जहां छत्तीसगढ़ को भगवान श्री राम जी का ननिहाल है ! और कोई भी मांगलिक कार्यक्रम मैं मामा का भूमिका महत्वपूर्ण होता है हम सौभाग्यशाली है जो कि प्रभु श्री राम जी के मामा घर कौशल्या माता जी का मंदिर चंदखुरी में है जो छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के आरंग विधानसभा में पड़ता है 5 दिसंबर 2020 में जब राम मंदिर की भूमि पूजन श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया गया था ! मंदिर बनाने का कार्य लगभग पूर्णता की और है , भारत के अधिकांश लोगो के सहयोग से अब इस विशाल मंदिर को इतनी जल्दी पूर्ण करके 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने का तिथि तय हुआ है इस दिन इस कार्यक्रम को पूरे देश में बड़ी धूमधाम से बड़े दिवाली की भव्यता के साथ मनाने का योजना बनाया गया है और इस काम को पूर्ण करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को इसका जम्मा सोपा गया है और इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपने समस्त 90 अनुशासिक संगठनों को एक बार काम में लगने का आग्रह किया गया है इस कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल ,भारतीय जनता पार्टी ,विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर दि प्रमुख रूप से सम्मिलित है इस कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए समस्था संगठनों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी से कार्यक्रम को बहुत अच्छा से अच्छा करने का ठान लिया है और काम में लग गए हैं ! मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर के भव्य समारोह है ! जिसे केवल देश ही नहीं पूरा विश्व देखेगा ।



# सेंड आर्टिस्ट हेमचंद ने रेत से बनाई मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तस्वीर




**आरंग,** 11 दिसंबर। सोमवार को ग्राम तामासिवनी में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू ने प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की रेत से कलाकृति बनाकर उनको मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी।वहीं हेमचंद द्वारा रेत से बनाए विष्णु देव साय की तस्वीर सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है। हेमचंद द्वारा रेत कलाकृति से विष्णु देव साय की हूबहू तस्वीर उकेरने पर क्षेत्र में सेंड आर्टिस्ट हेमचंद की काफी सराहना हो रही है।

## रासेयो का स्वास्थ्य शिविर

**सरायपाली**, 11 दिसंबर (देशबंधु)। डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर केना में शिविर के द्वितीय दिवस पर सुरेश पटेल हेल्थ सुपरवाइजर स्वाथ्य विभाग सेक्टर तोषगांव एवं वीरेंद्र पटेल आर एच ओ स्वास्थ्य केंद्र केना द्वारा स्वास्थ्य संबधी जानकारी व स्वाथ्य जांच शिविर आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमला बाई दीवान सहित 43 स्वयंसेवकों का हिमोग्लोबिन टेस्ट किया गया. स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य संबधी जानकारी दी गई.प्राध्यापक डॉ पीताम्बर साहू द्वारा छात्र छात्राओं को जीवन उपयोगी नैतिक शिक्षा की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में प्राध्यापक गजानंद नायक, रमेश पटेल, कैलाश प्रसाद पटेल,ज्योति किरण पटेल, अजय कुमार सम्मिलित हुए. साथ ही नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

# कलेक्टर ने नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश



**बिलाईगढ़,** 11 दिसंबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टर कक्ष में जिले के दूरस्थ क्षेत्र से आए ग्रामीणों, दिव्यांगों, महिला पुरूष बुजुर्ग आदि से मुलाकात की। उन्होंने उनके आवेदन पर दर्ज समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन कर और आवेदन में अधिकारियों को निर्देशित किया। डुरूमगढ़ के दृष्टिबाधित दिव्यांग लेखराम पटेल ने राजस्व दुरूस्ती के लिए कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से निवेदन किया। कलेक्टर ने तहसीलदार को फोन करके आवेदक के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार डुरूमगढ़ के ही दृष्टिबाधित दिव्यांग पवन साहू को पेंशन और दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। अन्य आवेदकों के राशन कार्ड और राजस्व प्रकरण प्राप्त हुए।

# विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम ने किया पौधारोपण



**पलारी,** 11 दिसम्बर (देशबन्धु)। टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो द्वारा हर छोटे से बड़े कार्य उत्साह हो या त्यौहार राष्ट्रीय पर्व हो या वैवाहिक कार्यक्रम सभी को एकरूपता प्रदान करते हुए पौधारोपण करने संकल्पित है नवनिर्वाचित विधायक छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य में विष्णुदेव साय आदिवासी समुदाय को गौरान्वित किया है जिसके उपलक्ष्य में नीम का पौधा रोपित कर हर्ष व्यक्त किया इस पौधारोपण अवसर पर प्रधानपाठक मुन्नालाल ध्रुव शिक्षक राजा ध्रुव पटकुमार प्रदीप साहू योगेश्वर गीरी इंद्रकुमार वर्मा उपस्तिथ रहे साथ ही टीम के सदस्य कपिल कश्यप लक्ष्मण वर्मा,गोविन्द वर्मा,उत्तम वर्मा ने इस कार्यक्रम का अभिनन्दन किया।

# टूंड्री सबरिया डेरा के 2 फरार आरोपी, शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार


**बिलाईगढ़,** 11 दिसम्बर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ विजय ठाकुर के निर्देशन पर, अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रख कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी के नेतृत्व में 21,10,2023 को मुखबिर की सूचना मिला के आरोपी अपने घर बाड़ी में अवैध रुप से कच्ची महुआ शराब रखा है की सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिनसे कुल 72 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया था आरोपी लोग पुलिस को देखकर भाग गये थे जो आरोपीगण के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया जाकर अपराध क्र, 422/23 एवं अपराध क्र.421/23 धारा 34(2 ) पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण के फरार आरोपी कृष्णा गोड उर्फ कृष्ण कुमार गोड़ पिता बाबूलाल उम्र 34 साल ग्राम टूडरी सबरिया डेरा थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़, राजकुमार गोड पिता बाबूलाल उम्र 36 वर्ष साकिन वार्ड 20 सबरिया डेरा टुंड्री थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ को आज दिनांक 11/12/23 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी प्र.आर सहदेव चौहान प्र. आर.दुर्गेश सिंह आरक्षक चंदन दिनकर कमल कुर्रे विशेष योगदान रहा।



## निधन

### रामकुमार धरमगुडे

**राजनांदगांव**, 11 दिसंबर। दुर्गा चौक बांसपाई पारा के प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमार धरमगुडे का निधन 9 दिसंबर को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार विधि-विधान से पैतृक ग्राम कांकेतरा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। स्व. धरमगुडे को लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



### श्यामा बाई सोनी

**आरंग,** 11 दिसंबर। श्रीमती श्यामा बाई सोनी पति सखाराम सोनी (पंधी वाले) का आकस्मिक निधन 11 दिसंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम आरंग में किया गया। वे रमेश सोनी, महेश सोनी, गणेश सोनी की माता थी। अंतिम संस्कार में नगर के सामाजिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक बनने के बाद गृहग्राम...

की थी, वे दूसरी बार सरपंच निर्वाचित होने के बाद फिंगेश्वर ब्लॉक के सरपंच संघ के अध्यक्ष का दायित्व भी पूरा किया। विधायक बनने के बाद भी अपने गाँव की गलियों तथा वहाँ के लोगों की सुध लेना नहीं भूले तथा विधायक बनने के पश्चात ही अपने गृहग्राम में पहुँचकर लोगों का आभार प्रकट किया.

### महापौर विजय देवांगन ने...

देवांगन सहित पार्षद जनो ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन का लुफ्त उठाये। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, राजेश पांडेय, चोवाराम वर्मा, पार्षद दीपक सोनकर, सविता तोमन कवंर सहित महिला स्व.सहायता समूह के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विष्णु देव साय का मुख्यमंत्री...

रूप में की थी। भाजपा के ऐसे कुशल कार्यकर्त्ता को मुख्यमंत्री पद के चुने जाने से पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के आदिवासी भाइयों और बहनों को सम्मान प्राप्त हुआ है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नित नवीन मानक स्थापित करेगा और संकल्प पत्र में निहित जन आकांक्षाओं को अक्षरश: पूरा होगा, जन-जन की भावनाओं को सम्मान, किसानों की समृद्धि, महिलाओं के सशक्तिकरण व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में डबल इंजन भाजपा सरकार आपके मार्गदर्शन में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को साकार करेगी।

### विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने...

समुराय की आबादी सबसे अधिक है और राय इसी समुदाय से हैं। अजित जोगी के बाद छत्तीसगढ़ में इस समुदाय से कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं बन सका था। विष्णुदेव साय 2020 में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं।

### डमरू में सुवा नृत्य...

पश्चात प्रारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम मे दूर दराज से एक से बढ़कर एक दर्जनों प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रथम पुरस्कार बेलारी, द्वितीय पुरस्कार ससहा, तृतीय पुरस्कार धौराभाठा, चौथा पुरस्कार चरौदा, पंचम पुरस्कार रानीसागर, छठवां पुरस्कार आरंग व सातवां पुरस्कार के हकदार कुसमुंद के प्रतिभागी रहे। सभी प्रतिभागियों को समिति द्वारा एक, एक हजार रुपए सांतावना पुरस्कार के रूप मे दिया गया। तथा सुनील पैकरा इन्जीनियर द्वारा 500 रुपए व श्रीफल तथा हेमटेंट द्वारा 51 रुपए प्रत्येक प्रतिभागियों को भेट किया गया। निर्णायक मंडल में नेतू सिंह पैकरा, डॉ.टेकराम साहू, सुशील जायसवाल तथा मनोज सेन सदस्य रहे। इस अवसर पर देशराम साहू, संजय साहू, हिमांचल साहू, अनिल पैकरा, रामलाल पैकरा, बलदाऊ साहू आदि उपस्थित थें। उक्त जानकारी रामलाल साहू ने दी।

# प्राकृतिक चिकित्सा को घर-घर पहुंचाएंगे : नत्थू राम साहू

**नवापारा राजिम**, 11 दिसंबर (देशबंधु)। आयुष मंत्रालय के द्वारा अयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान निसर्ग ग्राम पुणे में अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन के सहयोग से आरोग्य संरक्षण पर पुर्नाभिविन्यास रीओरिएंटेशन कार्यक्रम को सफ्लतापूर्वक संपन्न किया। यह कार्यक्रम दिसंबर 8 व 9 अर्थात शुक्रवार और शनिवार को निसर्ग ग्राम पुणे में आयोजित किया गया था। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी विशेषज्ञों चिकित्सकों और उत्साही लोगों को एक साथ लाया गया।जिसमे प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में कार्य कर रहे बारह अग्रणी डॉ सी एल सोनवानी के मार्गदर्शन में सहभागी बने।इनमे प्रमुख है डॉ प्रमोद नामदेव दुर्ग,संजय वस्त्रकार कांकेर,सी आर नवरतन बलौदा बाज़ार,एन आर साहू रायपुर ,मनोज ठाकरे दुर्ग, अधिवक्ता देवनारायण सिन्हा ,आदित्य टंडन प्राक्रतिक एक्सपर्ट बालोद,डा.मेघराज साहू भिलाई,एस पी रजक बिलासपुर,भूपेश साहू भिलाई,चन्द्रिका प्रसाद भिलाई,शोभा राम साहू अभनपुर है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आरोग्य संरक्षण शास्त्र की जटिलताओं और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ भरत शाह, एनआईएन की निर्देशिका व प्रोफेसर डॉक्टर के सत्या लक्ष्मी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आईएनओ इंटरनेशनल नेचरोपैथी आर्गेनाइजेशन के अनंत बिरादर आयुर्वेद प्रैक्टिस में और चांटम हीलर डॉक्टर संगीता नेहरा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अग्रणी विशेषज्ञों और चिकित्सकों में समकालीन कल्याण परिदृश्य में आरोग्य संरक्षण शास्त्र के महत्व के बारे में बताया।इसके अलावा इस कार्यक्रम में सम्मानित वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों के लिए वर्ग प्रशिक्षण भी आयोजित की गई थी,जिसमें वक्ताओं ने प्रतिभागियों को आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतीयों का समाधान करने के तौर तरीके बताए एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और आरोग्य संरक्षण शास्त्र के सिद्धांतों पर एक पैनल डिस्कशन किया। इस कार्यक्रम में 24 राज्यों के सभी अग्रणी विशेषज्ञ और चिकित्सक उपस्थित थे वही लगभग 500 लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया था।कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ अनंत बिरादर,डॉ के सत्या लक्ष्मी डायरेक्टर एन आई एन,डॉ जितेंद्र आर्य,डॉ अंतिम जैन,डॉ अविनाश साव, डॉ भरत शाह,डॉ दिव्य पनावार,डॉ संगीता नेहरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



# खुर्सीपार में शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया

## शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्श पर चल कर विकास कार्यों को गति देंगे : द्वारिकाधीश

**बागबाहरा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। रविवार को बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत खुर्सीपार में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र पर अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय द्वारा पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वीर शहादत दिवस के शुभारंभ अवसर पर सत्र के मुख्य अतिथि सेना कमाण्डेंट ईरिक गिरावट ने कहा कि भारत को स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाने वाले शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्श को आचरण में उतारने की जरूरत है। जबकि इस शहादत दिवस के समापन अवसर पर सत्र के मुख्य अतिथि खल्लारी क्षेत्र के नवनिर्वाचित प्रवक्ता विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्श को आत्मसात कर क्षेत्र की विकास कार्यों को गति दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगुलाम सिंह ठाकुर एवं छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर मौजूद थे। इस अवसर पर खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सब स्वतंत्र रुप से क्षेत्र की विकास को मूर्तरूप दे पा रहे हैं। लेकिन उसका बहुत बड़ा योगदान शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान होने की वजह से है। उन्होंने आगे कहा कि वीर नारायण सिंह के त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौजूदा विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से आव्हान किया है कि आने वाले वर्षों में वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस को गांव-गांव में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन के समक्ष जागरूक होकर स्वयमेव कार्य कराना उचित है। उन्होंने लोगों की समस्याओं को हल करने में हमेशा तत्पर रहने की बात कही।



**भारत को स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाने वाले शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्श को आचरण में उतारने की जरूरत**

शहीद वीर नारायण शहादत दिवस में उड़ीसा प्रदेश से मौजूद सेना कमाण्डेंट ईरीक गिरवट ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश को स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह को त्याग, बलिदान व सहयोग की भावना हमें प्रेरित करता है कि उनके बताये हुए आदर्श को हमें अपने आचरण में उतारना चाहिए। ताकि एक-दूसरे में सहयोग की भावना जागृत हो।

यही शहीद वीर नारायण सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर रामगुलाम सिंह ठाकुर ने शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस केवल आदिवासी समाज या छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बल्कि इस पूरे शहादत दिवस को छत्तीसगढ़ के अलावा भारत में मनाया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने बलिदान दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जंगली इलाके में सोनाखान जमींदारी में जन्म लिए वीर नारायण सिंह ने 35 वर्ष की आयु में राजपाठ सम्हालना चालू कर दिया था। भीषण अकाल में वीर नारायण सिंह ने अनाज के भंडारण के ताला तोड़कर अनाज को आम जनता में बांट कर लोगों की भूख मिटाये थे। सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बिगुल फुंकने में स्व. वीर नारायण सिंह का बहुत बड़ा योगदान था। तब से ब्रिटिश शासन के आंखों में वीर नारायण सिंह खटकने लगे। और 10 दिसंबर 1857 को रायपुर के जय स्तंभ चौंक में वीर नारायण सिंह को फांसी दे दिया गया तथा उसके मृत शरीर को तोप से उड़ा दिया गया। मनोहर ठाकुर ने आगे कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के त्याग, समर्पण व सहयोग की भावना के साथ भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपने प्राण को आहुति देने वाले बलिदानी शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्श में चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति नरतोरी (मुनगासेर) से आए हुए बालिकाओं द्वारा मंच में प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.रामेश्वर चक्रधारी एवं आयोजक पूर्व सरपंच खुर्सीपार प्रहलाद सिंह बरिहा सहित फगुआ राम ठाकुर, पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष भुवन लाल साहू, खुर्सीपार सरपंच दिलीप चक्रधारी, उप सरपंच मूलचंद चक्रधारी, देवनाथ देवांगन, देवनारायण साहू, भीम साहू, उड़ीसा प्रदेश से आए हुए विशिष्ट अतिथि श्याम केशरवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व जनसमुदाय उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री बनाए जाने पर विष्णु देव साय को शिवरतन शर्मा ने दी बधाई

**भाटापारा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा समेत पार्टी के सभी पदाधिकारियो एवं विधायकों ने सर्वसहमति से मुख्यमंत्री बनने पर विष्णु देव साय को बधाई शुभकामनाएं दी।



वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने सोशल प्लेटफार्म में शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि- प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में मंत्री रहे, कुनकुरी विधायक व आदिवासी नेता च्विष्णुदेव साय जीज्को विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का दायित्व प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार में छत्तीसगढ़ दोगुनी रफ्तार से प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

शिवरतन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जे पी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय नेतृत्व को छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज से मुख्यमंत्री बनाने पर बधाई और धन्यवाद दिया। पहले द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने आदिवासी समाज को जो सम्मान दिया है। इसके लिए शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। शिवरतन शर्मा ने विष्णु देव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ को एक बार फिर से विकास के रास्ते पर आगे ले जाने और मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात कही। शिवरतन शर्मा ने कहा यह खुशी और सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ को साय के रूप में एक बेहद ही सौम्य और प्रतिभावान मुख्यमंत्री मिला है।

# पारधी के 17 वर्षीय आदिवासी युवक ने जंगल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मगरलोड,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। विकासखंड नगरी के अंतर्गत थाना क्षेत्र मगरलोड के अंतिम छोर में बसे वन ग्राम ग्राम पंचायत झूरातराई के आश्रित ग्राम पारधी में 17 वर्षीय नाबालिक युवा ओमप्रकाश ध्रुव पिता जागेश्वर ध्रुव ने घर से बिना बताए 10 दिसंबर को सुबह से निकल गया था देर समय तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों द्वारा दोपहर को खोजा गया तो घर से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बासबूटा में जाकर कुमही के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।



जिसकी परिजनों ने मगरलोड थाने में शाम को सूचना दिया जिस पर मगरलोड पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना किया गया एवं पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को मृत युवक की शव को सौप दिया गया मृत्यु के कारण पोस्टमार्टम जांच होने के बाद ही खुलासा होगा उक्त जानकारी झूरातराई सरपंच पति वेदव्यास नेताम ने दी।

# विकास खंड मगरलोड के मडेली जंगल में मिला दुधवारा के खेलन मरकाम की लाश

**मगरलोड,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। विकासखंड मगरलोड की उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र मोहदी के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 46 मड़ेली के निलगिरी प्लांन में वन कर्मियों के गस्त के दौरान आज 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे अज्ञात युवक की लाश जंगल में देखा गया जिस पर मगरलोड पुलिस को वन विभाग के कर्मचारियों के सूचना के बाद जांच में उक्त मृत् युवक का नाम खेलन सिंग मरकाम पिता नारायण सिंह मरकाम दुधवारा के नाम आधार कार्ड में मिला पुलिस मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही करने के बाद शव को परिजन के सुपुर्द पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



**हत्या या आत्महत्या या कच्ची महुआ जहरीली शराब से गई 42 वर्षीय आदिवासी युवक की जान**

मगरलोड पुलिस मामले की तहकीकात कर मृत्यु होने का कारण जानने का प्रयास कर रही है उक्त व्यक्ति की आखिरी मृत्यु का कारण किस कारण हुआ होगा अमृत खेलन मरकाम 42 वर्षी की हत्या हुई या आत्महत्या या मडेली में मिलने वाली कच्ची महुआ पोटाश मिश्रित जहरीली शराब से आदिवासी युवक की जान गई यह विवेचना का विषय है उक्त व्यक्ति की मृत्यु पोस्टमार्टम जांच के बाद ही मृत्यु का खुलासा होगा इस कार्यवाही में मगरलोड पुलिस एएसआई बनारसी, पुलिस जवान मनोहर गायकवाड बलराम सिन्हा, डिप्टी रेंजर प्रेमलाल लहरे वनपाल दुबे, कवर का विशेष सहयोग रहा।

# छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कन्या महाविद्यालय में आनंद मेला

**नवापारा राजिम,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ी खान-पान एवं संस्कृति को पल्लवित-पुष्पित करने के लिए आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष आकर्षण रहा - छत्तीसगढ़ी व्यंजन. छत्तीसगढ़ी संस्कृति में छत्तीसगढ़ के व्यंजन पकवान का अपना अलग महत्व है . युवाओं में अपने लोक के प्रति सम्मान तथा लोक व्यंजन के प्रति आकर्षण का भाव जगाने के लिए यह अनूठी पहल की गई है. आनंद मेला में विद्यार्थी को आनंद लेने के साथ-साथ सीखने का अवसर भी प्राप्त होता है । जब से नवीन कन्या महाविद्यालय अस्तित्व में आया है तब से आनंद मेला का आयोजन हो रहा है ? फरा, दलफरा, ठेठरी, खुरमी, गुलगुला भजिया, मिर्ची भजिया, गाजर हलवा, गुपचुप, लाटा, नड्डा रोल, तिल लड्डू जैसे लोक पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से सारा महाविद्यालय प्रांगण महक उठा ?



महाविद्यालय के प्राचार्य एलएम यादव ने छात्राओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दिया तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को समृद्ध करने के लिए छात्राओं की प्रशंसा की ? हिंदी की सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज चक्रधर इस आयोजन की संयोजक रहीं ? छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को आगे बढ़ाने में कन्या महाविद्यालय सतत रूप से प्रयत्नशील रहता है ? आयोजन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एलएम यादव, सहायक प्राध्यापक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि, डॉ. सरोज चक्रधर, डॉ. प्रियंका सिंह, विक्रांत सिंग गावस्कर, योगेश देवांगन, सुश्री खुशबू कश्यप, श्रीमती प्रियंका साहू, श्रीमती तुलेश्वरी साहू, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ तथा नगरवासी उपस्थित थे.

# कन्या महाविद्यालय में निकाली गयी एड्स जागरूकता रैली




**बलौदाबाजार,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनिमाता कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेड रिबन क्लब के द्वारा 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक एड्स हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 1 दिसम्बर को रंगोली प्रतियोगिता रखी गई जिसका थीम एड्स से बचाव रखा गया था। जिसमें महविद्यालय की 18 छात्राओं ने रंगोली बनाकर एड्स से बचाव के तरीके बताएं। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें प्रथम केसरी कोसले, द्वितीय ख्याती माण्डले व तृतीय अंजली मरकाम स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में डॉ. अवस्थी, डॉ. अनुपमा तिवारी, डॉ. कुमुदनी, डॉ. हेमलता तथा अन्य के द्वारा एड्स के प्रति आम लोगों को जागृत किया जाने संबंधी बातें व एड्स के इलाज से संबंधित दवाईया तथा एड्स के मरीजों के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए इसकी जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई। वहीं 9 दिसम्बर को महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा विशाल एड्स जागरूता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह रैली महाविद्यालय से इंदिरा कॉलोनी जिला अस्पताल तथा कलेक्ट्रेट होते हुए वापस महाविद्यालय पहँची। जिसमें छात्राओं ने एड्स जागरूकता संबंधी नारे लगाए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा छात्राओं का एड्स के लिए जागरूकता अभियान चलाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में रेड रिबन प्रभारी डॉ. सुनीता त्यागी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रोशनी लता, श्री सूर्यकांत साहू, डॉ. विद्या पाण्डेय एवं समस्त अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे।

# समय नहीं, अफसरों और जनप्रतिनिधियों के पास

**भाटापारा,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। कुल 31 वार्ड। सब-के-सब बेशुमार गंदे। जहां गंदगी होगी, वहां मच्छरों की फौज भला हमले के लिए क्यों नहीं तैयार होगी ? उपाय और संसाधन तो हैं लेकिन नहीं है इच्छाशक्ति। इसलिए पालिका की भरपूर लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा है अपना शहर। भूल जाइए शिकायत करना। मत दीजिए शिकायत या सफाई के लिए आवेदन क्योंकि ना सुनी जाएगी, ना आवेदन पर कार्रवाई होगी। सक्षम अधिकारी हैं। कर्मचारियों की भी फौज है। और हैं जनता के चुने हुए जन प्रतिनिधि। नहीं है, तो केवल वह इच्छा शक्ति, जो होना चाहिए ऐसे लोगों के पास। यही वजह है कि गंदगी और बाद की परेशानियां पैर पसार चुकीं हैं।

**स्वच्छता अभियान ध्वस्त**

देशभर में चला स्वच्छता अभियान। यहां यह केवल रस्म आदाएगी जैसी नजर आई। परिणाम जाम नालियों के रूप में सामने हैं। नियमित सफाई केवल वहीं होती है, जहां आसान है। शेष जस-की-तस हैं। सड़कों की सफाई तो होती है लेकिन अपशिष्ट, नालियों तक कैसे पहुंच रहा है ? यह जानने के लिए फुर्सत नहीं है किसी के पास।



**सब-के-सब बेशुमार नागवार**

**खुली छूट**

नालियों पर पक्के चबूतरे की संरचना। यह सवाल उठाती है कि आखिर इसकी अनुमति किसने दी ? जांच और कार्रवाई तो दूर, समझाइश तक नहीं दी जाती पालिका प्रशासन की ओर से। फलत: घरों और संस्थानों का अपशिष्ट, ऐसे ही बीच सड़क पर छोड़ दिया जाता है। यक्ष प्रश्न है कि आखिर कब ध्यान देंगे अधिकारी और पार्षद ?

**हम किसी से कम नहीं**

पालिका प्रशासन की कार्यशैली के पक्षधर हैं हम। निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली भवन निर्माण सामग्री, हम ऐसे ही सड़क पर रख रहें हैं। हमारी संस्थानें, सड़क और नालियों में ही अपशिष्ट का प्रबंधन करती है। प्रदर्शन सामग्री का ठिकाना भी सड़क और नालियां ही बनी हुई हैं। व्यवस्था का पूरा साथ मिल रहा है हमें। इसलिए किससे करें शिकायत ?

**कहां है यह मशीन ?**

मच्छरों से निजात दिलाने के लिए इस निकाय को भी मिली थी फॉगिंग मशीन। क्यों नहीं चलाई जा रही है ? जैसे सवाल के जवाब हैरान करने वाले मिले कि- देखना पड़ेगा है, कहां रखी है फॉगिंग मशीन ? जिम्मेदारों का यह जवाब चौंकाता है। इसलिए खुद के संसाधन से सफाई और मच्छरों से निपटने की कोशिश कर रहा है शहर।

# भाजपा की सरकार आने से अब राजिम नवापारा जिला का सपना होगा पूरा, लाखों लोगों की उम्मीदें बंधी

**राजिम,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पांच साल और भाजपा अपने बीते 15 साल के शासनकाल में कई जिले बनाएं पर कांग्रेस शासन काल में जिस प्रकार राजिम को जिला बनाने के लिए लोग लामबंद हुए और अपनी मांग रखी उसे उस नजरिया से देखा जाता तो अभी तक जिला के रूप में नवापारा-राजिम अस्तित्व में आ जाता परंतु अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ , तो क्या अब स्थानीय विधायक के बनने के बाद यह सपना पूरा होगा। वर्तमान छत्तीसगढ़ में 33 जिले हैं और छत्तीसगढ़ को 36 जिलों के नाम से परिभाषित होने के लिए तीन जिलों की और आवश्यकता है ऐसे में धर्म नगरी राजिम को जिला बनाने की लंबित मांग को भाजपा पूरा कर पाएगी तथा स्थानीय विधायक राजिम को जिला बनाने में सफल होगा, हालांकि अभी सरकार का गठन नहीं हुआ है पर पूर्ण बहुमत के साथ आई भाजपा विष्णु देव साय को बहुमत दल का नेता चुन लिया है शायद 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण होगा। विष्णु देव साय से उम्मीद बंधी हुई है। यह स्थानीय मुद्दा जो पिछले 32 सालों से लगातार उठ रही है। कांग्रेस के ही जोगी शासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत कुमार जोगी ने राजिम को जिला बनाने की मांग पर वकालत किया था उन्होंने कहा था कि जब कभी भी नए जिले का गठन होगा उसमें शीर्ष क्रम पर राजिम नवापारा जिला होगा। सन 2003 में सत्ता बदल गई और भाजपा की सरकार बैठी। लगातार 15 साल में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भी कई जिला बनाएं। यहां तक की राजिम को रायपुर से हटाकर गरियाबंद जिला में जोड़ दिया गया परंतु राजिम जिला उन्होंने नहीं बनाया। सन 2018 में पुनरू कांग्रेस की सरकार बैठी। और जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जिला बनाने की मांग पर अड़ गए। उन्होंने जनता की आवाज नहीं सुनी। खुद भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक ने सर्वदलीय बैठक आयोजित कर राजिम जिला मांग की पैरवी की थी। उस समय वह भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य थे लेकिन अब तो विधायक बन गए हैं। आम जनता का कहना है कि राजिम नवापारा को जिला नहीं बनाने के कारण अभनपुर एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक उम्मीदवार हार गए । प्रश्न उठ रहा है कि राजिम को जिला की सौगात कब मिलेगी।

**क्या भाजपा सरकार देगी नवापारा-राजिम को जिला की सौगात**

**असम के मुख्यमंत्री ने जिले के प्रश्न पर कहा था पार्टी आयी तो सब भला होगा:** चुनावी प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा शर्मा ने पत्रकार वार्ता के दौरान राजिम जिले के प्रश्न पर कहा था कि यहां संसद चुन्नीलाल साहू है पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय है। जनता भाजपा को जिताएं सब भला ही होगा। उनकी बातों को सुनकर जनता ने भाजपा को अपना कीमती मत देकर जीता दिया है मतदाताओं ने तो अपना कर्तव्य पूरा किया है राज्य की भाजपा सरकार राजिम जिला बनाने की ऐतिहासिक मांग कब पूरा करती है। लाखों जनता को बेसब्री से इंतजार है।

जितने बड़े तीर्थ स्थल है सभी जिला मुख्यालय के रूप में अस्तित्व में आ चुके, विडंबना ही कहिए की तीर्थों का राजा प्रयाग नगरी राजिम अभी तक जिला नहीं बन पाया

देश में जितने बड़े तीर्थ स्थल है सभी जिला मुख्यालय के रूप में अस्तित्व में आ चुके हैं। विडंबना ही कहिए की राजिम अभी तक जिला नहीं बन पाया है कभी रायपुर जिला में तो कभी महासमुंद तो कभी गरियाबंद जिला में जोड़ दिया जाता है वर्तमान में यहां गरियाबंद जिला में जुड़ा हुआ है। प्रदेश का सबसे बड़ा मेला माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक 15 दिनों के लिए त्रिवेणी संगम की रेत में लगता है जिसमें देश-विदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण आकर दर्शन पूजन तथा मेला भ्रमण करते हैं। धर्म नगरी के नाम से उनकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। इस नगरी को हरि और हर की नगरी कहा जाता है। भगवान विष्णु का स्वरूप राजीवलोचन के रूप में तथा शिवाजी कुलेश्वरनाथ महादेव ज्योतिर्लिंग के रूप में विद्यमान है। प्राचीन कालीन मंदिर वास्तुकला एवं कलानक्काशी के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में देशभर से लोगों का आना-जाना लगा रहता है जो उन्हें श्रद्धा भक्ति की ओर उन्मुख करती है। शक्ति स्वरूप इन आदिशक्ति मां महामाया का मंदिर भी यहां विराजमान है। इनके अलावा 84 मंदिर होने की जानकारी मिलती है।

**कभी राजनीति का प्रमुख केंद्र रहा है राजिम:** अविभाजित मध्य प्रदेश में राजिम विधानसभा सीट हॉट सीट के नाम से जाना जाता था। यहां से पंडित श्यामा चरण शुक्ला चुनाव लड़कर तीन बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने । संत कवि पवन दीवान जेल मंत्री रहे । छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अमितेश शुक्ल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री बनाए गए हैं। तब राजिम विधानसभा की अपनी अलग रुतबा था। पांच बार मंत्री देने वाले राजिम विधानसभा जिला नहीं बन पाया और न ही छग राज्य बनने के बाद मंत्री पद मिला ।अब स्थानीय लोग नवापारा-राजिम को जिला के रूप में देखना चाहते हैं। सपना कब पूरा होगा यही सोच कर विधानसभा के लोगों ने सत्ता परिवर्तन कर दिया ।

# कलेक्टर ने डबल लॉक स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार,** 11 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित ट्रेजरी के डबल लॉक स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए विभिन्न मूल्यों के स्टाम्प, टिकट, फार्म एवं पंजियों का अवलोकन किया तथा पंजियों में की गई प्रविष्टि का सत्यापन किया। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी से स्ट्रांग रूम में उपलब्ध विभिन्न मूल्यों के न्यायिक एवं गैर न्यायायिक स्टाम्प पेपर तथा रसीदों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टाम्प अधिनियम का अध्ययन कर कार्य की प्रकृति के अनुसार उचित मूल्य के स्टाम्प पेपर तय करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम में रखे गए डाक मत पेटियों की बारे में भी जानकारी ली।



**पंजियों का अवलोकन कर प्रविष्टियों का किया सत्यापन**

जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे ने बताया कि 10 रुपये और 50 रुपये के स्टाम्प पेपर की मांग ज्यादा होने के कारण उपलब्धता कम है वही 5 रुपये के स्टाम्प पेपर की मांग कम होती है। इसीप्रकार 500 रुपये के नॉन जुडिसियल स्टाम्प पेपर का कम उपयोग होने के कारण इसकी बडी मात्रा में उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि 9 करोड़ से अधिक के स्टाम्प पेपर व टिकट उपलब्ध है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, लेखा अधिकारी उत्तम तुर्काने सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।